kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-328 | रविवार, 29 दिसम्बर 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




इसरो का 30 दिसंबर को निर्धारित वर्ष के अंत का मिशन ऐतिहासिक होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मिशन में अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को डॉक करने या विलय करने या एक साथ जोड़ने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने की कोशिश की जायेगी। **डॉ जितेंद्र सिंह**


**संयुक्त अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए सेना की टुकड़ी नेपाल रवाना 11**

**मुख्यमंत्री धामी से फ्रैंकफर्ट सांसद की भेंट कौशल विकास और रोजगार पर चर्चा 12**


## संक्षेप

### जीएसटी के चार अधिकारी निलंबित

**लखनऊ।** राज्य कर आयुक्त डा. नितिन बंसल ने बिना ई-वे बिल के बिना पान मसाला की चार गाड़ियां छोड़े जाने पर चार राज्य कर अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि इन चार गाड़ियों पर करोड़ों रुपये का माल था। इस पर करोड़ों रुपये का जीएसटी बनता था, लेकिन अधिकारियों ने ई-वे- बिल जांचे बिना ही इन गाड़ियों को कानपुर से जाने दिया, जिसे जांच के दौरान लखनऊ में पकड़ा गया। राज्य कर आयुक्त ने कानपुर जोन दो के अंकुर द्विवेदी और सचल दल के संदीप कुमार, जगत प्रकाश और जगदीश प्रसाद को निलंबित किया है। इनमें से दो अधिकारियों को आगरा और दो को इटावा कार्यालय से संबद्ध किया गया है। इन अधिकारियों पर आरोप है कि इन्होंने ई-वे बिल को स्कैन और जांच किए बिना ही माल को ले जाने दिया। इससे इनके ऊपर पान मसाला वालों से मिलने होने का संदेश जताया जा रहा है। इस मामले की जांच लखनऊ के अधिकारियों को सौंपी गई है। इसमें देखा जाएगा कि कितने की जीएसटी चोरी का मामला है और इन अधिकारियों की कितनी मिलीभगत है। लखनऊ जोन प्रथम की सचल दल इकाइयों द्वारा चार गाड़ियों को जांच के लिए रोका गया तो पाया की सभी में पान मसाला और सुगंधित तंबाकू है। जांच में इनके पास ई-वे-बिल नहीं मिला। जबकि टैक्स चोरी रोकने के लिए कानपुर में अधिकारियों की पूरी टीम लगाई गई है। इनका काम ई-वे बिल को स्कैन करने के साथ ही जांच करना है। इसके बाद भी बिना जांचे कैसे माल को जाने दिया गया। इसके लिए प्रारंभिक रूप ने इन अधिकारियों को दोषी पाया गया है।

### आज की महिला सम्मान योजना की जांच होगी

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी की महिला सम्मान योजना की जांच के निर्देश दिए हैं। एलजी के प्रधान सचिव ने दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी और पुलिस कमिश्नर को चिट्ठी लिखी है। 27 दिसंबर को भेजी गई चिट्ठी के जरिए अफसरों से कहा गया है कि गैर-सरकारी लोगों द्वारा दिल्ली की जनता की निजी जानकारी जुटाई जा रही है। इसकी जांच कराएं और कानून के अनुसार कार्रवाई करें। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 12 दिसंबर को दिल्ली में 18 साल से अधिक उम्र की महिला को 1 हजार रुपए देने और चुनाव जीतने के बाद इसे बढ़ाकर 2100 रुपए प्रतिमाह करने की घोषणा की है। इसके अलावा एलजी ने पंजाब से कैश ट्रांसफर के आरोपों की भी जांच का निर्देश दिया है। एलजी ने कहा है कि पुलिस कमिश्नर बॉर्डर पर वाहनों की जांच करें और मुख्य सचिव चुनाव आयोग को इसकी जानकारी दें। कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारों के घर पर पंजाब सरकार के खुफिया कर्मचारियों की मौजूदगी के आरोपों की भी जांच करने के निर्देश ख्र्क्नने दिए हैं। उन्होंने पुलिस कमिश्नर से 3 दिन में रिपोर्ट मांगी है।

# पंचतत्व में विलीन हुए आर्थिक पुनर्ज़ागरण के महानायक

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में आर्थिक पुनर्ज़ागरण के सूत्रधार, विकास के नए द्वार खोलने वाले सुधारों के जनक और राजनीति में सादगी तथा सौम्यता के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह शनिवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका यहां निगमबोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

सिंह की तीन बेटियों में से सबसे बड़ी बेटी उपिंदर सिंह ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। देश तथा दुनिया के कई गणमान्य लोगों, राजनीतिज्ञों और आम लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कई अन्य हस्तियों ने सिंह को निगमबोध घाट पर श्रद्धांजलि अर्पित की। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और मॉरीशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफुल ने भी निगमबोध घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सिंह की अंत्येष्टि के समय उनकी पत्नी गुरशरण कौर, तीनों पुत्रियां और कई रिश्तेदार मौजूद थे। पूर्व प्रधानमंत्री का सिख धर्म के अनुष्ठानों और उद्घोष के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले, कांग्रेस मुख्यालय से निगमबोध घाट तक उनकी अंतिम यात्रा निकली। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता ''जब तक सूरज चांद रहेगा, मनमोहन आपका नाम रहेगा'' और ''मनमोहन सिंह अमर रहें'' जैसे नारे लगाते रहे। सिंह का पार्थिव शरीर जिस वाहन में रखा गया, उसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, सिंह के परिवार के कुछ सदस्य और कांग्रेस के कुछ नेता भी बैठे थे। अंतिम यात्रा से पहले सिंह का पार्थिव शरीर कांग्रेस मुख्यालय '24 अकबर रोड' में रखा गया था जहां सोनिया गांधी, खरगे, राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। भारत में आर्थिक सुधारों के जनक कहे जाने वाले पूर्व वित्त मंत्री और दो बार प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह का बृहस्पतिवार को निधन हो गया था। वह 92 साल के थे। सिंह के निधन के बाद से देश और दुनिया की हस्तियों द्वारा शोक जताने तथा उनके योगदान को याद करने का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें ''एक सच्चा राजनेता'' बताया और भारत एवं अमेरिका के बीच द्विपक्षीय सहयोग के ''अभूतपूर्व स्तर का'' श्रेय उनकी रणनीतिक समझ और राजनीतिक साहस को दिया। अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री कोंडोलीजा राइस ने कहा कि मनमोहन सिंह एक महान नेता थे जिन्होंने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक असैन्य परमाणु समझौते के माध्यम से अमेरिका-भारत संबंधों को मौलिक रूप से नए स्तर पर लाने में मदद की। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को मनमोहन सिंह को एक उत्कृष्ट राजनेता बताया था और भारत-रूस संबंधों को 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक' साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने में उनके योगदान को याद किया था। मॉरीशस ने घोषणा की है कि सिंह के सम्मान में शनिवार को सूर्यास्त तक सभी सरकारी कार्यालयों और संस्थानों में उसका राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। सिंह के निधन के शोक के बीच उनकी अंत्येष्टि और स्मारक स्थल को लेकर उस वक्त एक विवाद भी खड़ा हुआ जब सरकार ने उनका अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर किए जाने का फैसला किया और कांग्रेस ने आरोप लगाया कि देश के पहले सिख प्रधानमंत्री का जानबूझकर का अपमान किया गया है। कांग्रेस की मांग थी कि उनका अंतिम संस्कार उसी स्थान पर होना चाहिए जहां उनका स्मारक बन सके। हालांकि, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार रात कहा कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए स्थान आवंटित करेगी। सिंह का पार्थिव शरीर शुक्रवार को उनके आवास '3 मोतीलाल नेहरू मार्ग' पर लोगों के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था, जहां दलगत भावना से ऊपर उठकर नेताओं ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कई प्रमुख नेताओं तथा अन्य हस्तियों ने मनमोहन सिंह को उनके आवास पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी थी। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पूर्व प्रधानमंत्री सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित किया था और कहा था कि उन्होंने राष्ट्रीय जीवन पर अपनी छाप छोड़ी है और उनके निधन से राष्ट्र ने एक प्रख्यात राजनेता और जानेमाने अर्थशास्त्री को खो दिया है। कांग्रेस कार्य समिति ने भी शुक्रवार शाम बैठक कर सिंह के निधन पर शोक जताया था और उनके योगदान को याद किया। कार्य ● शेष पेज 11 पर



### सरकार ने किया मनमोहन का अपमान : राहुल-प्रियंका

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को समाधि स्थल उपलब्ध नहीं कराने पर उनका अपमान बताया और कहा कि वह इसके हकदार थे तथा अंतिम संस्कार के लिए उन्हें समाधि स्थल उपलब्ध कराना चाहिए था। श्री गांधी ने कहा भारत माता के महान सपूत और सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार आज निगम बोध घाट पर करवाकर सरकार ने उनका सरासर अपमान किया है। एक दशक तक वह भारत के प्रधानमंत्री रहे। उनके दौर में देश आर्थिक महाशक्ति बना और उनकी नीतियां देश के गरीब तथा पिछड़े वर्गों का सहारा हैं। आज तक सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की गरिमा का आदर करते हुए उनके अंतिम संस्कार अधिकृत समाधि स्थलों में किए गए ताकि हर व्यक्ति बिना किसी असुविधा के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दे पाए। उन्होंने कहा डॉ. मनमोहन सिंह हमारे सर्वोच्च सम्मान और समाधि स्थल के हकदार हैं। सरकार को देश के इस महान पुत्र और उनकी गौरवशाली कौम के प्रति आदर दिखाना चाहिए था। श्रीमती वाड्रा ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए यथोचित स्थान न उपलब्ध कराकर सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के पद की गरिमा, मनमोहन सिंह की शख्सियत, उनकी विरासत और खुद्दार सिख समुदाय के साथ न्याय नहीं किया। इससे पहले सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों को सर्वोच्च सम्मान और आदर दिया गया था। डॉ सिंह इस सम्मान और समाधि स्थल के हकदार हैं। पूरी दुनिया उनके योगदान को आज याद कर रही है। सरकार को इस मामले में राजनीति और तंगदिली से हटकर सोचना चाहिए था उन्होंने कहा आज सुबह डॉ मनमोहन सिंह के परिवारजनों को चितास्थल पर जगह के लिए मशक्कत करते, भीड़ में जगह पाने की कोशिश करते और जगह के अभाव में आम जनता को परेशान होते और बाहर सड़क से ही श्रद्धांजलि देते देखकर ये महसूस हुआ।

## दल्लेवाल मामले में पंजाब के जबाव से सुप्रीम कोर्ट असंतुष्ट, 31 को सुनवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कृषि उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी समेत अन्य मांगों को लेकर पंजाब-हरियाणा खनौरी सीमा पर एक माह से अधिक समय से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे 70 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल की चिकित्सा से संबंधी मामले से निपटने में पंजाब सरकार के जबाव से असंतुष्टि व्यक्त करते हुए शनिवार को उसे फिर कड़ी फटकार लगाई तथा जवाब के लिए एक और मौका दिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की अवकाशकालीन विशेष पीठ ने अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, ळ्हम पंजाब के डीजीपी और मुख्य सचिव द्वारा दायर हलफनामों से बिल्कुल असंतुष्ट हैं। पीठ ने श्री दल्लेवाल को चिकित्सा सहायता देने में विफल रहने पर पंजाब सरकार को फिर कड़ी फटकार लगाई और कहा कि समय बीत रहा है। इस



संकट को जल्द से जल्द खत्म करने की जरूरत है। विशेष पीठ ने पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह के अलावा राज्य के डीजीपी और मुख्य सचिव की दलीलें सुनने के बाद कहा, हम केवल यह देखना चाहते हैं कि हम 20 दिसंबर के आदेश के अनुपालन के संबंध में पंजाब द्वारा किए गए प्रयासों से संतुष्ट नहीं हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 31 दिसंबर की तारीख मुकर्रर करते हुए कहा, जबाव (संबंधित पक्षों की राय) के मद्देनजर हम निर्देशों (चिकित्सा संबंधी अदालती आदेश) का ● शेष पेज 11 पर

## महाकुम्भ के मेले में सेवा ही संगठन को मूर्त रूप देगी भाजपा

प्रयागराज। दिव्य भव्य एवं डिजिटल महाकुम्भ को लेकर भाजपा महानगर के कार्यकर्ता संगठन और सरकार का समन्वय बनाते हुए आने वाले श्रद्धालुओं के सेवा की उपक्रम से जुटने की तैयारी कर रही है। भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि 13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुम्भ के मेले की तैयारी से पूर्व मेला क्षेत्र के सेक्टर 6 में भारतीय जनता पार्टी का शिविर लगने जा रहा है। भूमि पूजन कर कार्यालय का शुभारम्भ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि कार्यालय शुभारम्भ के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के मूल मंत्र को लेकर मेले में विभिन्न सेवा के आयामों के माध्यम से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा से जुटेगी। पार्टी के द्वारा बस अड्डे, रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डे के पास और मेले में जाने के लिए प्रमुख मार्ग और चौराहे पर मेले का मार्ग बताने के लिए पूछताछ केंद्र, मोबाइल चार्जिंग कैम्प, आपातकाल किट कैम्प, स्वास्थ्य कैम्प, जलपान शिविर, विभिन्न प्रकार की भाषाओं की जानकारी बताने के लिए ट्रांसलेटर कैम्प, कंट्रोलिंग कैम्प लगाएगी। ● शेष पेज 11 पर

## तालिबान आर्मी ने पाक एयरस्ट्राइक का दिया जवाब, 19 सैनिक मारे

एजेंसी

काबुल। अफगान तालिबान ने पाकिस्तान के हवाई हमले का बदला ले लिया है। तालिबान सेना ने शुक्रवार की रात को अफगानिस्तान-पाकिस्तान को विभाजित करने वाली डूरंड लाइन को पार करके बड़ा हमला बोला। शनिवार को हमले के बारे में जानकारी देते हुए अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अफगान तालिबान बलों ने पड़ोसी पाकिस्तान के अंदर कई चौकियों को निशाना बनाया है। काबुल शासन ने हमले को लेकर और जो कहा है वह बताता है कि तालिबान ने अब पाकिस्तानी क्षेत्र पर कब्जे की तैयारी कर रहा है, जो पाकिस्तान की टेंशन बढ़ाने वाला है।

रक्षा मंत्रालय के बयान में पाकिस्तान का नाम नहीं लिया गया, बल्कि इसकी जगह 'काल्पनिक रेखा' के पार के क्षेत्र पर हमला कहा। यहां ये समझना जरूरी है कि अफगानिस्तान की सरकार डूरंड रेखा को



- पाकिस्तान के 19 सैनिकों को मारने के बाद तालिबान ने दिया बयान
- अफगान रक्षा मंत्रालय ने स्वीकार की पाकिस्तान के अंदर हमले की बात
- क्षेत्र पर पाकिस्तान के दावे को मानने से तालिबान ने किया इनकार

दोनों देशों के बीच विभाजक रेखा नहीं मानती हैं और इसे काल्पनिक रेखा कहकर संबोधित कहती हैं। तालिबान भी पाकिस्तान के अंदर के क्षेत्र को अफगानिस्तान का ही हिस्सा मानता है। दोनों के बीच सीमा रेखा को लेकर कई झड़पें हो चुकी हैं।

अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा कि काल्पनिक रेखा से पार कई पॉइंट को देश के दक्षिण-पूर्वी दिशा से जवाबी कार्रवाई में निशाना बनाया गया। जब पूछा गया कि क्या बयान पाकिस्तान के बारे में है तो मंत्रालय के प्रवक्ता, इनायतुल्लाह ख्वारज्मी ने कहा, 'हम इसे पाकिस्तान का क्षेत्र नहीं मानते हैं। हम क्षेत्र की पुष्टि नहीं कर सकते हैं, लेकिन यह काल्पनिक रेखा के दूसरी तरफ था।' अफगानिस्तान दशकों से डूरंड रेखा को स्वीकार करने के इनकार करता रहा है। यह रेखा 19वीं शताब्दी में ब्रिटेन के औपनिवेशिक शासन के दौरान अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच पहाड़ी और कबाइली क्षेत्र के बीच से खींची गई थी। अफगानिस्तान से आ रही मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिबान सेना के हमले में 19 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हुई है। अफगानिस्तान के टोलो न्यूज ने रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से बताया है कि यह तालिबान सेना का हमला खोस्त और ● शेष पेज 11 पर

## योगी ने शाह, नड्डा और कोविंद को महाकुंभ के लिए किया आमंत्रित

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को महाकुंभ 2025 के लिए आमंत्रित किया।





योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय राजधानी में श्री कोविंद के आवास पर भेंट की। मुख्यमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति को महाकुंभ 2025 में आमंत्रित करते हुए उन्हें महाकुंभ 2025 के प्रतीक चिन्ह भेंट किये। योगी आदित्यनाथ ने अलग-अलग श्री शाह और श्री नड्डा के आवासों पर उनसे मुलाकात की और उन्हें भी महाकुंभ 2025 के प्रतीक दिए। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश सदन में मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह के साथ शिष्टाचार भेंट की और महाकुंभ 2025 के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने सभी को महाकुंभ 2025 के प्रतीक चिन्ह दिए जिनमें एक शाल, श्रीफल का प्रतिरुप तथा अन्य प्रतीक चिन्ह शामिल है।

## अजरबैजान प्लेन क्रैश पर पुतिन की माफी, जिम्मेदारी नहीं ली

### रूसी अधिकारी बोले- यूक्रेन पर जवाबी कार्रवाई के वक्त हमारे एयरस्पेस में था प्लेन

एजेंसी

मॉस्को। क्रिसमस के दिन कजाकिस्तान के अक्ताउ में हुए प्लेन क्रैश में 38 लोगों की मौत हुई थी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने शनिवार को अजरबैजान के प्लेन क्रैश पर माफी मांगी है। पुतिन ने अजरबैजान के राष्ट्रपति से कहा कि हादसा उनके एयरस्पेस में हुआ इसके लिए उन्हें दुख है। पुतिन ने कहा प्लेन तय शेड्यूल के मुताबिक ग्रोज्नी पहुंचा था। इस वक्त यूक्रेन वहां हमले कर रहा था, जिसे रूस का एयर डिफेंस सिस्टम रोक रहा था।

रूसी राष्ट्रपति के दफ्तर क्रेमलिन ने बयान जारी कर बताया कि अजरबैजान का पैसेंजर एयरक्राफ्ट बार-बार ग्रोज्नी एयरपोर्ट पर लैंड करने की कोशिश कर रहा था। लेकिन उस वक्त उसे वहां लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली, क्योंकि तब रूस का एयर डिफेंस सिस्टम यूक्रेनी ड्रोन के हमलों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर रहा था।

हालांकि, क्रेमलिन ने यह नहीं कहा कि उन्हीं के एयर डिफेंस सिस्टम की फायरिंग से प्लेन क्रैश हुआ है। न्यूज एजेंसी इ्ध के मुताबिक प्लेन क्रैश में बचे कुछ लोगों ने

- रूस पर विमान का जीपीएस जाम करने का आरोप
- अमेरिका ने भी रूस पर लगाया था क्रैश कराने का आरोप

भी कहा था कि जब विमान ग्रोज्नी में था, तब उन्हें तेज आवाजें सुनाई दी थीं। ग्रोज्नी रूस के चेचन्या प्रांत की राजधानी है। दरअसल, कजाकिस्तान के अक्ताउ में 25 दिसंबर को दोपहर करीब 12:30 बजे अजरबैजान का एक प्लेन क्रैश हो गया था। इस हादसे में 38 लोगों की मौत हुई थी। यह प्लेन अजरबैजान की राजधानी बाकू से रूस के ग्रोज्नीजा रहा था। तभी से इस क्रैश की वजह में 'बाहरी दखल' की बात सामने आ रही थी। अमेरिका ने रूस पर आरोप लगाया था कि कजाकिस्तान प्लेन क्रैश में रूस का हाथ हो सकता है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने शुक्रवार को कहा था कि हमें रूस के शामिल होने के शुरुआती संकेत मिले हैं और हमने कजाकिस्तान को हादसे की जांच में मदद करने की पेशकश



की है। प्लेन क्रैश होने के कुछ ही घंटे बाद कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जाने लगा था कि हादसा रूस की तरफ से किए गए हवाई हमले की वजह से हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल कई वीडियो में प्लेन पर छर्रे लगने के निशान देखे गए थे।

अजरबैजान एयरलाइंस ने भी शुक्रवार को कहा था कि प्लेन के अंदर कोई खराबी नहीं थी, बल्कि किसी 'बाहरी' वजह से यह हादसा हुआ। प्लेन क्रैश के बाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें दिखाया गया है कि विमान के कुछ हिस्से में गोलियों के छर्रे जैसे निशान हैं। इसे लेकर अटकलें लगाई गईं कि रूस के एयर डिफेंस सिस्टम ने प्लेन को एक ड्रोन समझ लिया और उस पर हमला कर दिया। अब यह बात सच साबित होती दिखाई दे रही है। रूसी सैन्य ब्लॉगर यूरी पोडोल्याका ने न्यूज एजेंसी से कहा कि विमान के मलबे में देखे गए छेद एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम से हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि नुकसान से पता चलता है कि प्लेन गलती से किसी एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम से टकराया होगा। डिफेंस एक्सपर्ट जेम्स जे मार्लो ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें जानकारी मिली है कि जब ये हादसा हुआ तब रूसी डिफेंस सिस्टम ग्रोजनी में यूक्रेनी ड्रोन को इंटरसेप्ट कर रहे थे। अगर ये सच है तो हो सकता है कि डिफेंस सिस्टम ने प्लेन को ड्रोन समझ लिया हो और गलती से हमला कर दिया हो। प्लेन की ट्रैकिंग से जुड़ी जानकारी देने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 ने विमान को लेकर एक अलग दावा किया। वेबसाइट ने हादसे से पहले उसका जीपीएस जाम हो गया था। फ्लाइटरडार ने प्लेन से जुड़ा एक ग्राफ भी शेयर किया है।

प्लेन के जीपीएस जाम होने को भी रूस से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, रूस पर पहले भी जीपीएस ट्रांसमिशन फ़ेल करने के आरोप लग चुके हैं।

# प्रभू श्रीराम के पदचिह्नों पर चलकर ही मानव जीवन को सफल बनाया जा सकता है जिला मंत्री राजेश तिवारी

❐ प्रभू श्रीराम ही इस जगत के मूल आत्मा हैं।समूचे ब्रह्माण्ड के वे ही अखिल परमात्मा हैं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। प्रभू श्रीराम के पदचिह्नों पर चलकर ही मानव जीवन को सफल बनाया जा सकता है यह अभिव्यक्ति एसोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन प्रयागराज के जिला मंत्री राजेश तिवारी ने अपने प्रियजनों के बीच राम जानकी महल सहसों प्रयागराज में कहीं।गौरतलब हो जिला मंत्री अपने प्रियजनों के साथ राम जानकी महल सहसों प्रयागराज में प्रभू श्रीराम एवं माँ जानकी के दर्शन हेतु पधारे थे।

जिला मंत्री किसी विशेष कार्य से फूलपुर आए हुए थे और वापस लौटते समय सहसों में रुककर प्रभू श्रीराम एवं माँ जानकी के दर्शन किए और इसी दौरान जिला की मुलाकात सिकंदरा फूलपुर निवासी नवयुवक सामाजिक कार्यकर्ता आयुष पाल से हुई।जिला मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रभू श्रीराम के पदचिह्नों पर चलकर ही मानव जीवन को सफल बनाया जा सकता है क्योंकि प्रभू श्रीराम ने त्रेतायुग में मनुष्य के मूलभूत क्या कर्म हैं स्वयं उस पर चलकर दिखलाया जिससे वे मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहे जाते हैं।सुख एवं दुःख के समय मनुष्य को किन रीतियों का पालन करना चाहिए।

उसे स्वयं ही निभाकर हम मनुष्यों के उद्धार हेतु नवमार्ग का अवलोकन कराएं हैं।वैसे इस संसार में मनुष्य आता भी अकेले है और जाएगा भी अकेले ही।ना ही कुछ लेकर आया और ना ही कुछ लेकर जाएगा तो फिर पाप एवं घृणा क्यों।ना ही इस संसार में कोई छोटा है ना ही कोई बड़ा।मनुष्य के कर्म ही उसके कद को छोटा या बड़ा बनाते हैं।मनुष्य का मूल धर्म है सदैव सत्य एवं न्याय के मार्ग चलना।दया,प्रेम,परोपकार एवं सहानुभूति जैसे अनमोल रत्नों को अपने हृदय में अभिसिंचित करना।इन्हीं गुणों को प्राप्त होने से मनुष्य अपने मानव जीवन को सफल बना सकता है।जब कोई अपना या पराया नही है तो फिर किसी से छल एवं कपट क्यों।जब तेरा यहाँ कुछ है ही नही तो किसके लिए झूठ क्यों।जिला मंत्री ने आगे अपने व्यक्तव्य में यह भी कहा कि प्रभू श्रीराम ही इस जगत के मूल आत्मा हैं,समूचे ब्रह्माण्ड के वे ही अखिल परमात्मा हैं।इस अवसर पर उपस्थित नवयुवक सामाजिक कार्यकर्ता श्री पाल ने कहा कि जिला मंत्री द्वारा उपदेशित एक एक वचन सर्वथा सत्य है एवं मानव कल्याणकारी है एवं जिला मंत्री द्वारा उपदेशित वचनों का परिपालन करके ही मनुष्य अपने प्राप्त मानव जीवन को सफल बना सकता है।इस साहित्यिक एवं आध्यात्मिक परिचर्चा के दौरान जिला मंत्री के साथ वरिष्ठ समाजसेवी पं0 वीरेन्द्र कुमार दुबे,हिन्दू महासभा महामंत्री राकेश तिवारी, समाजसेवी विजय कान्त पाण्डेय, एशोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन प्रयागराज के उप मंत्री राकेश सिंह,नवयुवक सामाजिक कार्यकर्ता आयुष पाल सहित उनके दो मित्र विपिन पाल एवं सत्यम पाल तथा आस पास बहुत से लोग मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन की पाइप लाइन बिछाने के नाम पर ध्वस्त हो रही सड़कें, ग्रामीणों में आक्रोश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मेजा प्रयागराज। जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की पाइप लाइन बिछाने के नाम पर सड़के ध्वस्त हो रही हैं। मेजा तहसील क्षेत्र के विकास खंड उरुवा स्थित पकरी सेवार में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करा रही गजा कम्पनी ने पाइप लाइन बिछाने के नाम पर ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों को ध्वस्त कर दिया है, जिससे कम्पनी के खिलाफ ग्रामीणों में अच्छा खासा आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों ने सड़कों को सही कराते हुए कम्पनी के खिलाफ शख्त कार्यवाही की मांग की है। गौरतलब हो कि हर घर नल जल योजना के अंतर्गत 902 करोड़ 11 लाख की लागत से वाटर ट्रीट मेंट प्लांट लगाया जा रहा है। उक्त कार्य को कराने के लिए गजा कम्पनी को ठेका मिला है। ट्रीट मेंट प्लांट का कार्य पकरी सेवार में किया जा रहा है, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाने का भी कार्य तेजी से किया जा रहा है। पाइप लाइन बिछाने का कार्य गजा कम्पनी ने पेटी ठेकदारों को दिया है। गांवों में पाइप लाइन बिछाने के नाम पर सड़कों को ध्वस्त कर दिया गया है।.ग्रामीणों द्वारा रोके जाने पर ठेकेदार द्वारा यह कह दिया जाता है कि पाइप बिछाने के बाद सड़क को बना दिया जाएगा लेकिन पाइप लाइन बिछाने के बाद ठेकेदार गायब हो जाते हैं। सड़क ध्वस्त करने का उदाहरण विकास खंड मेजा के कोना गांव में देखा जा सकता है जहां पर ठेकेदार ने पाइप लाइन बिछाने के नाम पर एक मोहल्ले के पांच सौ मीटर इंटर लॉकिंग सड़क को ध्वस्त कर दिया है। पाइप लाइन बिछाए हुए लगभग एक साल हो गया लेकिन सड़क को आज तक ठीक नहीं किया है जबकि ग्राम प्रधान गजा कम्पनी से और उसके पेटी ठेकदार सहित तहसीलदार मेजा से कई बार सड़क को ठीक कराने की बात कही लेकिन आश्वासन के अतिरिक्त कुछ नहीं मिला। ग्राम प्रधान द्वारा सड़क बनाने के बाद, गजा कम्पनी ने सड़क को तोड़कर पाइप लाइन बिछा दिया। लेकिन सड़क नहीं बनाया गया। जिससे ग्रामीणों में अच्छा खासा आक्रोश व्याप्त है। इसी तरह से क्षेत्र की कई गांवों की सड़को को नष्ट कर दिया गया है।

# 15 लाख में बनी सड़क 10 दिन बाद उखड़ गई



❐ ग्रामीणों ने घटिया किस्म मानक से बने लिंक मार्ग पर संबंधित अधिकारियों से की शिकायत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत डीहा से कबरा लिंक मार्ग बने सिर्फ 10 दिन नहीं हुए की सड़क से गिट्टी डामर सब गायब हो गया सड़क पर केवल गिट्टियों का ढेर एवं चटाई देकर बनाई गई लिंक मार्क को घटिया किस्म का मटेरियल इस्तेमाल किया गया और ठेकेदार द्वारा व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की गई जिससे बनने से 10 दिन बाद सड़क उखड़ कर पूरी तरह बर्बाद हो गई जानकारी के मुताबिक जिला पंचायत योजना के अंतर्गत उक्त लिंक मार्ग को स्वीकृति 15 लख रुपए में प्रदान की गई थी ।

संस्था के ठेकेदार द्वारा सड़क का निर्माण घटिया किस्म मैटेरियल से कराया गया जिससे ग्रामीणों में व्यापक पैमाने पर नाराजगी है जिला पंचायत बब्बू पांडे सदस्य डॉ विजय बाबू यादव ,ग्राम प्रधान प्रेमचंद आदिवासी सहित कई जिम्मेदार एवं गणमान्य लोगों ने जिला पंचायत योजना की कार्यकारी संस्था द्वारा व्यापक पैमाने पर ठेकेदार द्वारा लिंक मार्ग को बनाने में बरती गई लापरवाही के विरुद्ध संबंधित अधिकारियों को आशय की जानकारी देते हुए ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है ।

# कुंभ मेले में गंगा जमुना नदियों में सैलानियों को सैर कराने प्रशासन चार हजार नई नावों को तैयार करने में जुटा

❐ नाविकों में व्यापार कारोबार पर अपना रंग चढ़ा दिया

❐ मेला प्रशासन के पास 1455 ही नाव की व्यवस्था है लगभग 2500 नावों की अभी जरूरत है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। तीर्थराज प्रयागराज के त्रिवेणी तट पर आयोजित होने जा रहे मानव समरसता के मेले महाकुंभ ने व्यापार और कारोबार पर भी अपना रंग चढ़ा दिया है ऐसे में नाविको को भी अपने आमदनी बढ़ाने का एक मौका नजर आ रहा है कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को गंगा और यमुना क़्री सैर कराने के लिए मेला प्रशासन को 4 हज़ार नावों की जरूरत है जबकि वर्तमान में नावों की संख्या मात्र 1455 है । ऐसे में मेला प्रशासन को लगभग ढाई हज़ार और नावों की जरूरत है जिसके चलते अचानक नावों क़्री डिमांड बढ़ गई है और निषादों की बस्ती में युद्ध स्तर पर नावों को बनाने का काम चल रहा है । किला घाट और अरैल मोहल्ले की निषाद बस्ती में इन दिनों हर दूसरे घर मे नावों के निर्माण का काम चल रहा है । और पुरानी नावों को सजाने का काम हो रहा है.कुंभ के शुरू होने में चंद दिन शेष है ऐसे में हर कोई समय से नावों की आपूर्ति में जुटा है क्योंकि डिमांड इतनी है कि सप्लाई आसान नही । नावों का निर्माण इस निषाद बस्ती में रहने वाले परिवार के आय का बड़ा साधन होता है और इतनी बड़ी संख्या नावों का ऑर्डर उन्हें पहले कभी नही मिला, केवट समाज के लिए नावों का निर्माण और मेले में उनका संचालन बड़ा अवसर है । लिहाजा कुंभ मेला हजारों परिवारों के लिए खुशियां लेकर आया है कुंभ के चलते लोगों को रोजगार मिला है जिससे लोगों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी, नाविक और केवट समाज के लिए तो कुंभ मेला किसी वरदान के जैसा ही लग रहा है । किला घाट पर जहाँ पुरानी नावों का मरम्मत का कार्य चल रहा है तो वही नैनी के अरैल निषाद बस्ती के कारखाने में नावों का निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है । नाव के कारीगर ने बताया कि एक नाव को बनाने में दो दिन लगते है । नाव को बनाने में साखू की लकड़ी, टीन की चादर, तारकोल और कुछ दूसरी सामग्री का इस्तेमाल होता है । नाव का निर्माण कर रहे कारीगरो ने बताया क़्री नाव कई तरह और कई साइज को होती है. जिनकी जैसी साइज होती है वैसे उनका दाम भी होता है. लेकिन ज्यादातर नावे संगम में मिडियम साइज क़्री चलती है इसलिए हम लोग मिडियम साइज के नाव का निर्माण कर रहे है जिसकी कीमत 70 से 75 हजार रूपये होती है. महाकुंभ 2025 के लिए सरकार ने नाविकों के हित में कई बड़े कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं नाविकों को लाइफ जैकेट और सुरक्षा बीमा सर्टिफिकेट वितरित किए। इसके साथ ही नावों की मरम्मत और सौंदर्यीकरण के लिए विशेष बजट आवंटित किया गया है।

सुरक्षा बीमा, और नाव यात्रा के शुल्क में 50% की वृद्धि प्रदान की है। बस्ती क़्री रहने वाली महिलाओ ने कहा क़्री हमारे परिवार के लिए कुंभ के दौरान नाव के निर्माण के अलावा गंगा-यमुना में नाव चलाने से भी अच्छी खासी आमदनी होगी

## ठेकेदार की मनमानी से लोगों में आक्रोश,सड़क का हो रहा घटिया निर्माण

**मेजा,प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बेलन नहर विभाग द्वारा माण्डा क्षेत्र में बनाई जा रही नहर की पटरी की सड़क पर मानक की अनदेखी की जा रही है। शिकायत के बावजूद ठेकेदार मनमानी कर रहा है। शिकायत कर्ता समाजसेवी नीरज द्विवेदी ने चेतावनी दी है यदि निर्माण कार्य दुरुस्त नहीं किया गया तो इसकी शिकायत मुख्यमंत्री के पोर्टल पर की जाएगी। मांडा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत बभनी हेठार के दक्षिण तरफ नहर है। नहर जो आहोपुर पुल मार्ग से सैबसा तक डामरीकृत करायी जा रही है उसमें मानक की अनदेखी की जा रही है। सड़क निर्माण में तारकोल की जगह शायद कोई केमिकल या जला तेल मिलाया गया है, जिस वजह से बाइक सवार फिसल कर चोटिल हो रहे हैं। कई बार शिकायत के वावजूद ठेकेदार कुछ सुनने को तैयार नही है। श्री द्विवेदी ने सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि घटिया निर्माण का संज्ञान लेते हुए ठेकेदार को दोबारा सड़क बनाने के लिए आदेशित करें। उन्होने कहा कि रोड की एक कोटिंग और कराते हुए इसकी पीसी कराएं। रोड में की जा रही अनियमितता की जांच की जाय। नीरज द्विवेदी ने कहा यदि सड़क दुरुस्त नही करायी गयी तो इसकी शिकायत मुख्यमंत्री के पोर्टल पर की जाएगी।

## सीमांकन के बगैर लाखों की परियोजनाएं विकास की बांट जो रही हैं

**करछना प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरंई में सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए धन तो स्वीकृत कर दिया लाखों रुपए लेकिन एक अदद जमीनों पर हुए अतिक्रमण को लेकर परियोजनाएं धरातल पर नहीं उतर पा रही हैं इसके संबंध में ग्राम पंचायत के प्रधान विजय शंकर तिवारी ने संपूर्ण समाधान दिवस पर उप जिला अधिकारी को शिकायती पत्र में शिकायत किया था कि ग्राम पंचायत में लाखों रुपए की अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य होना अनिवार्य है तथा पंचायत में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है तथा छात्रों एवं गांव के बच्चों को खेलने के लिए खेल मैदान का पैसा स्वीकृत हो गया है लेकिन सरकारी गांव की भूमि पर गांव के दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है जिसकी शिकायत महीनो हो गया किए लेकिन राजस्व कर्मियों की लापरवाही के बदौलत उक्त जमीनों पर बना रही परियोजनाओं का सीमांकन नहीं कराया गया जिसके बदौलत सरकारी परियोजनाएं धरातल पर नहीं उतर पा रही हैं प्रधान विजय शंकर तिवारी ने संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि गांव में हुए अतिक्रमण पर जल्द से जल्द आक्रमणकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई एवं सीमांकन करके परियोजनाओं के लिए जमीन चिन्हित किए जाए जिससे सरकारी परियोजनाएं धरातल पर उतारी जा सके

## रोजगार मेले में पंद्रह सौ बेरोजगार युवाओं को 31 दिसंबर को होगा चयन

**प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा 31 दिसंबर को सार्वजनिक इण्टर कालेज, शिवमंगल नगर, मनेथू, बेलवा, फूलपुर, प्रयागराज परिसर में प्रातः 10ः बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है । उक्त मेलों में निजी क्षेत्र की एस0के0 इलेक्ट्रानिक्स, एल0जी0 इलेक्ट्रानिक्स इण्डिया प्रा0लि0, डस्की स्टेलियन प्राा0लि0, संजीवनी ग्रुप ऑफ कम्पनी, टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल, जी04एस0 सिक्योर साल्यूशन इण्डिया प्रा0लि0, टाटा मोटर्स, स्पेक्ट्रम टैलेन्ट मैनेजमेंट लि0 एवं क्यूस कॉर्प लि0 आदि कम्पनियों द्वारा लगभग 1500 विभिन्न रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी। रोजगार मेलों में हाईस्कूल/ इण्टर/ स्नातक/ आई0टी0आई0/ डिप्लोमा/बी0टेक0 उत्तीर्ण, आयु सीमा 18 से 40 वर्ष के अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर अपना पंजीयन करके अपने समस्त अंक-पत्र एवं जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी रिक्तियों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण रोजगार संगम पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं। इस मेले में प्रतिभाग हेतु यात्रा भात्ता देय नहीं होगा।

## अयोध्या में चलेगी डबल डेकर बस : दयाशंकर सिंह

**अयोध्या ।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने शनिवार को मनोहर लाल इंटर कॉलेज में आयोजित शिक्षकों के अधिवेशन के पूर्व घोषणा की कि 14 जनवरी के बाद अयोध्या में भी डबल डेकर बस चलेगी और श्रद्धालु डबल डेकर बस में बैठकर अयोध्या भ्रमण का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि कुंभ को लेकर अयोध्या में भी डिमांड के अनुसार अतिरिक्त बसें लगाई जाएंगी। एयरपोर्ट की तर्ज पर अयोध्या में बस अड्डा बनेगा, जिसका टेंडर भी हो चुका है। 200 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक बस अड्डा बनेगा, जिसका 14 जनवरी के बाद शिलान्यास होगा। अयोध्या से लखनऊ, प्रयागराज, काशी , वाराणसी , गोरखपुर के लिए शटल सेवा शुरू होगी ।उन्होंने वन नेशन-वन इलेक्शन पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह अच्छा निर्णय है। इससे समय और खर्च की बचत होगी और जो बचत होगी, वह विकास कार्य में लगाई जाएगी। बार-बार चुनाव होने से विकास कार्य बाधित होते हैं।

## नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिए जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**फिरोजाबाद।** सरस्वती विद्या मन्दिर में शनिवार को ल्मिशन शक्तिङ्क अभियान के पंचम चरण के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक रवि शंकर प्रसाद, थानाध्यक्ष राजेश पांडेय, मिशन शक्ति की नोडल जया शर्मा, महिला उपनिरीक्षक अनु चौधरी व नीतू द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक रवि शंकर प्रसाद द्वारा बालिकाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076ऽमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइऩ, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से बताया गया। थानाध्यक्ष राजेश पांडेय ने महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। जया शर्मा ने सभी बालिकाओं को साइबर अपराध एवं उससे बचाव के बारे मे विस्तार से जानकारी दी और बताया कि कभी भी आवश्यकता पडने पर सम्बन्धित थाना, एण्टी रोमियों टीम व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं, बालिकाओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। महिला उप निरीक्षक अनु चौधरी

## पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य समेत 50 के खिलाफ मुकदमा

**झांसी।** कलेक्ट्रेट में किसानों के साथ प्रदर्शन करने और बिना अनुमति ट्रैक्टर-ट्राली कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर ले जाने पर नवाबाद थाना पुलिस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सहित दर्जनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शुक्रवार की देर रात कांग्रेस पार्टी के नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य समेत 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

वह शुक्रवार को कई ट्रैक्टर लेकर किसानों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। यहां पर खाकी के साथ उनकी झड़प भी हो गई थी। कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा में तैनात बरुआसागर निवासी होमगार्ड हरप्रसाद की तहरीर पर नवाबाद पुलिस ने यह रिपोर्ट दर्ज की। अब पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। होमगार्ड हरप्रसाद ने पुलिस को बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य बिना नंबर प्लेट के चार-पांच ट्रैक्टर-ट्राली लेकर किसानों की भीड़ के साथ में पहुंचे।

# महाकुंभ से पहले प्रयागराज में बड़ा हादसा, ब्रिज टावर गिरने से सात मजदूर घायल मची अफरातफरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज । सहसों के समीप रिंग रोड निर्माण कार्य के चलते पुराने टावरों को हटाकर नए टावर लगाए जा रहे हैं। रेहंडम के तार को भी नए टावरों में लगाकर ऊंचा किया जा रहा है। शनिवार दोपहर लगभग दो बजे मशीन के माध्यम से मजदूर ब्रिज टावर पर तार खींच रहे थे।

इसी दौरान टावर गिर पड़ा। मौजूद अन्य मजदूरों के साथ ही राहगीरों व आसपास रहने वाले लोगों में अफरातफरी मच गई। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने काफी मशक्कत के बाद टावर के नीचे दबे मजदूरों को बाहर निकाला।

इसमें पश्चिम बंगाल के जिला मालदा टाउन के रहने वाले मजदूर आमिर पुत्र भोंदू, कासिम पुत्र इदुवा, अनिरुद्ध सिंह पुत्र सत्तर, अब्दुल पुत्र शेख अख्तर, पुतुल शेख पुत्र भद्दू शेख, सलीम व छोट्टन शामिल थे। सभी को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां पर सलीम व आमिर की स्थिति गंभीर देखकर डॉक्टरों ने उसे एसआरएन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटनास्थल पर कार्य करने वाले अन्य मजदूरों ने बताया कि दोनों तरफ से तार को मशीन से खींचा जा रहा था। कुछ मजदूर टावर के नीचे काम कर रहे थे। टावर गिरा तो नीचे काम कर रहे मजदूर चपेट में आ गए। सलीम के पैर दब गया था, जिस कारण गंभीर चोट आई है। वहीं आमिर के भी हाथ व पैर में गंभीर चोट है।

# भारत की गिरती अर्थव्यवस्था को डॉ मनमोहन सिंह पटरी पर लाए : डॉ दिनेश सोनी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

करछना प्रयागराज। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न महान अर्थ शास्त्री डा मनमोहन सिंह को विनम्र श्रद्धांजलि कार्यक्रम कांग्रेस पार्टी कार्यालय करछना में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयागराज यमुनापार अरूण तिवारी की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न डा मनमोहन सिंह को विनम्र श्रद्धांजलि दी गयी जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भारत की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाए थे वे अनेक पदों पर रहते हुए अनेक महत्वपूर्ण कार्य देश हित में किया डा मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने वालों में डा शीतला प्रसाद पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष रंग राज सिंह जिला उपाध्यक्ष डा दिनेश कुमार सोनी सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी रामछविले मिश्र पूर्व पृधान शिव विजय सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी नारायण तिवारी ओम्‍ शांति त्रिपुरी कांत मिश्र जिला सचिव सुरेश कुमार पटेल मंत्री जी जिला सचिव नागेश पाण्डेय जिला महा सचिव रविराज सिंह एडो विनय कृष्ण पाण्डेय श्याम बाबू पूर्व पृधान लोकेन्द्र पटेल समर बहादुर सिंह आशीष कुमार मिश्र एडो नीरज मिश्रा सुरेश शुक्ल राजेश तिवारी सन्तोष दिवेदी अकबालबहादुर कुशवाहा नारायण दुबे हेम प्रकाश मिश्र आदि मौजूद रहे ।

# बिजली चोरी पकड़ी गई तो जांच टीम पर ही हमला, अवर अभियंता ने दर्ज कराया केस

**एजेंसी**

महोबा। बिजली चोरी को रोकने लिए निरीक्षण करना और बकाएदारों का कनेक्शन काटना बिजली विभाग की टीम को महंगा पड़ गया। कनेक्शन काटने से नाराज दबंग ने परिवार के साथ मिलकर अवर अभियंता समेत लाइनमैन पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। कर्मियों ने किसी तरह बचते बचाते अपनी जान बचाई।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी एकमुश्त समाधान योजना का उपभोक्ताओं को लाभ देने के लिए विभाग के द्वारा गांव-गांव में मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। श्रीनगर थाना क्षेत्र के अवर अभियंता देवकीनंदन ने बताया कि सिजहरी गांव में शुक्रवार को कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें एसडीओ नवीन सिंह, संविदा कर्मी विश्वनाथ, खूबचंद, अजय, ईश्वर दास, दानवीर, अशोक व मीटर रीडर कौशलेंद्र और रत्नेश मौजूद रहे है। जेई सहित तीन घायल गांव में चेकिंग के दौरान महिपाल राजपूत के मकान में अवैध बिजली कनेक्शन पाए जाने पर लाइनमैन कनेक्शन काट रहा था।

तभी दबंग बौखला गया और उसने कुल्हाड़ी लेकर टीम पर हमला बोल दिया। विभागीय अधिकारी कुछ समझ पाते कि देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा होकर बिजली विभाग की टीम पर टूट पड़ी। मारपीट की घटना में अवर अभियंता देवकीनंदन और संविदा लाइनमैन विश्वनाथ और खूबचंद घायल हो गए हैं।

# नशीला पदार्थ पिलाकर पिकअप चालक को सड़क किनारे फेंका,चालक बेहोंश

❐ जहरखुरानी गिरोह का सदस्य पिकअप लेकर फरार,पुलिस जांच ने जुटी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रहीमाबाद/लखनऊ। नव वर्ष के आगमन से पूर्व राजधानी में जहरखुरानी गिरोह सक्रिय हो चुका है।

जहर खुरानी से जुड़ा एक ऐसा ही मामला रहीमाबाद थाना क्षेत्र से आया है।

जहां गिरोह के सदस्य ने एक पिकअप चालक को नशीला पदार्थ पिलाकर उसे बेसुध कर दिया, फिर बेहोशी की हालत में उसे सड़क किनारे फेंक वाहन लेकर फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने पिकअप चालक को रहीमाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।पुलिस डाला चालक के होश में आने के बाद मुकदमा दर्ज करने की बाद कह रही है मूलरूप से रायबरेली जनपद के मिल एरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रतापुर निवासी ट्रांसपोर्टर छेदीलाल ने जहर खुरानी गिरोह के खिलाफ तहरीर दी है। लिखित शिकायत में ट्रांसपोर्टर ने बताया शुक्रवार को रामा रोड रतापुर गल्ला मंडी से अज्ञात शख्स ने मलिहाबाद के लिए अपना घरेलू सामान पहुंचाने हेतु वाहन बुक किया था। इसके बाद चालक कासिम उस व्यक्ति के साथ मलिहाबाद के लिए रवाना हो गया। शनिवार सुबह उन्हें पुलिस के माध्यम से चालक कासिम को अस्पताल में भर्ती कराई जाने की सूचना मिली।

ट्रांसपोर्टर ने बताया कि पुलिस ने पिकअप चालक कासिम को रहीमाबाद के जिंदौर चौराहे पर बेहोशी की हालत में पाया था। इसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

ट्रांसपोर्टर ने बताया कि जहर खुरानी गिरोह के सदस्य ने चालक कासिम को बेहोश कर वाहन चुरा लिया है।

उन्होंने उसे शख्स के मोबाइल पर संपर्क किया लेकिन उसका फोन बंद जाने लगा।

इस संबंध में रहीमाबाद के अतिरिक्त थाना अध्यक्ष अनिल वर्मा ने बताया की देर रात एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में मिला था। जिसको अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार ज़्यादा मात्रा में ज़हर दिया गया है।

पीड़ित को अभी होश नहीं आया है। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# हुसैनाबाद में एलडीए की कार्यवाही का विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शनिवार को पुराने लखनऊ के हैरिटेज ज़ोन हुसैनाबाद में हालात उस वक़्त बिगड़ते-बिगड़ते बचे जब घंटाघर के सामने एक ज़मीन पर लगाई हुई टीन की फेंसिंग को हटाने लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम बुलडोजर सहित भारी संख्या में प्राधिकरण टीम व प्राधिकरण पुलिस बल तथा स्थानीय पुलिस बल के साथ पहुंची। वहां लगे हुए टीन शीट की फेंसिंग को लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम ने अभी हटाना शुरू ही किया था की स्थानीय लोगों ने इसका कड़ा विरोध शुरू कर दिया। प्राधिकरण टीम द्वारा जब बुलडोजर चलाने की कोशिश की गई तो स्थानीय लोग बुलडोजर के सामने खड़े हो गए। लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम को यहां लोगों का भारी विरोध का सामना करना पड़ा। शाम होते होते लोगों को अधिकरण टीम द्वारा इस बात पर राजी कर लिया गया कि बिना बुलडोजर चलाए ही सभी टीन को खोलकर हटाया गया।



यहां कार्यवाही का विरोध कर रहे तौहीद नामक व्यक्ति ने बताया की यह उसकी पैतृक संपत्ति है। तौहीद ने बताया की दोपहर में 2:00 बजे लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारी लोग यहां पर आए थे उन्होंने हमारे सारे कागजात चेक किए और उन्होंने यहां कोई भी अवैध निर्माण नहीं पाया दस्तावेज देखकर अधिकारियों ने कहा के सारे कागजात आपके सही हैं और सोमवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण आ जाइयेगा, उसके बाद अधिकारी बोले कि यहां लगे हुए टीनो को हटा दीजिए तो मैंने उनसे कहा कि टीन हटाने से संबंधित कोई आदेश दिखा दीजिए किंतु अधिकारी कोई आदेश ना दिखा सके। तौहीद ने बताया कि हमारे पास हाई कोर्ट का आदेश है कि इन खसरा नंबरों पर किसी तरह का कोई विवाद नहीं है उसके बावजूद एलडीए के अधिकारी कोर्ट का आदेश मानने को तैयार नहीं है बोल रहे हैं कि सोमवार को जब कोर्ट खुलेगा तब अपने ऑर्डर दिखाएगा। वही मौके पर मौजूद अली का कहना था कि यह हमारे पैतृक संपत्ति है 1992 में हमें एनओसी भी दी जा चुकी है पहले यहां पर जुग्गी झोपड़ी बसी हुई थी जिसके किराए से हम लोगों के कई परिवार चलते थे बाद में हम लोगों ने झोपड़पट्टी हटवा कर यहां पर टीन की फेंसिंग लगवा दी जिससे कि यहां जानवर आदिनाथ घुसे और किसी तरह का कोई अवैध कार्य न होने पाए। अली का कहना था की लखनऊ विकास प्राधिकरण हमारे पीछे पड़ा हुआ है उसका कहना है कि हमें इस भूमि पर पार्किंग बनाना है और प्राधिकरण टीम किसी भी तरह का कोई आदेश नहीं दिख रही है। वहीं लखनऊ विकास प्राधिकरण के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया की लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम वहां पर लगे हुए टीन की फेंसिंग को हटाने गई थी इसको टीम द्वारा हटा दिया गया है जमीन के मालिकना हक पर पूछे गए सवाल पर उनका कहना था की यह जांच का विषय है जो लोग जमीन के दस्तावेज होने की बात कह रहे हैं उनको सोमवार को प्राधिकरण में दस्तावेज लेकर बुलाया गया पूरे मामले की जांच के बाद कुछ बताया जाएगा।

# महर्षि विद्या मंदिर में आयोजित की गई प्रदर्शनी, आकर्षण में दिखे विविध रंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। कला विज्ञान साहित्य एवं वाणिज्य के अनेक आकर्षक नमूनो से सजी प्रदर्शनी सीतापुर रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर में आयोजित की गई। पूर्व प्राथमिक विद्यार्थियों से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित कला कौशल बरबस ही लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा था संगणक, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान आदि के विभिन्न नमूने जहां आकर्षण का केंद्र रहे वहीं सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी भाषा, हिंदी भाषा के माध्यम से विद्यार्थियों ने अद्भुत कला कौशल का प्रदर्शन किया। 28/12/2024 दिन शनिवार सीतापुर रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर में प्रदर्शनी ''आकर्षण'' का उद्घाटन प्रातः 10:00 बजे महर्षि संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अजय प्रकाश श्रीवास्तव, विद्यालय के प्रबंधक श्री अनूप श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य नीलम सिंह द्वारा संपन्न हुआ। हजारों की संख्या में अभिभावको ने आकर्षण में प्रदर्शित विभिन्न नमूने देखकर बच्चों के साथ-साथ विद्यालय की भी सराहना की। इस अवसर पर सभी विद्यार्थी, अभिभावक, अतिथि एवं कई प्रतिष्ठित समाचार पत्रों के पत्रकार बंधु भी उपस्थित रहे।

# घर से निकली 65 वर्षीय महिला लापता, नहर में कूदकर जान देने की परिजनों ने जताई आंशका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**दूसरे दिन पुलिस व एसडीआरएफ टीम के हाथ खाली , खोज जारी**

**नगराम थाना क्षेत्र के जमालपुर ददुरी गांव की रहने वाली है महिला**



नगराम, लखनऊ। बीते शुक्रवार को क्षेत्र के एक गांव की 65 वर्षीय महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई , परिजनों ने गांव के समीप से गुजरी इंदिरा नहर में कूद कर जान देने की पुलिस से आशंका जताई है। पुलिस को सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम को सूचित किया शनिवार की सुबह से टीम पड़ताल में जुटी है , फिलहाल अभी तक हाथ खाली है। नगराम थाना क्षेत्र के जमालपुर ददुरी गांव निवासी माधव सिंह ने नगराम थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई है बताया कि उसकी उसकी मां मुन्नी देवी (65) बीते शुक्रवार को लगभग 11:30 बजे घर पर बिना कुछ बताए निकली थी काफी खोजबीन करने पर 3 घंटे बाद पता चला कि गांव के बाहर से गुजरी इंदिरा नहर ददुरी पुल के समीप उसके मां मुन्नी देवी का साल, एक डायरी व हवाई चप्पलें रखी है , शुक्रवार को मां के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो जाने की जानकारी नगराम पुलिस को दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए एसडीआरएफ टीम को सूचित किया टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर खोजबीन की लेकिन निराशा हाथ लगी। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि माधव के तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है , पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ददुरी पुल से लेकर सलेमपुर अचाका रेगुलेटर तक पड़ताल में जुटी है ।

# भाकियू नेता पर जबरन जीना निर्माण कराने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ दादागिरी के बल पर पेड़ कटाने की बात कहकर किया पलटवार

लखनऊ। भाकियू के लखनऊ मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा पर जबरन जीना निर्माण के अलावा जमीन पर कब्जा करने का अरोप लगाया गया तो उन्होंने भी पलटवार करते हुए आरोप लगाने वाले के सर पर दादागिरी के बल पर कदंब का पेड़ कटवाने और जान से मारने की धमकी देने की टोपी पहना दी। इस मामले में गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मलौली निवासी प्रताप सिंह वर्मा पुत्र हनुमान प्रसाद वर्मा की ओर से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि ग्राम कोरियानी स्थित गाटा संख्या 464 की भूमि .003 में से आधी जमीन खरीदी थी जिसकी रजिस्ट्री की लिखापढ़ी उनके पास मौजूद थी।प्रताप वर्मा के अनुसार उनकी इसी भूमि पर सुरेंद्र कुमार वर्मा पुत्र आशाराम निवासी काजीखेड़ा ने 17 दिसंबर को जीने का निर्माण करवा लिया है।इस जीना निर्माण के मामले पर जब भाकियू नेता से बात की गई तो उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि मैं भाकियू का नेता हूं ।किसी की भी जमीन पर कब्जा कर लू पुलिस नहीं बोलेगी।यदि पुलिस के किसी दारोगा या अधिकारी ने टांग फसाने की कोशिश की तो धरना लगा कर बैठ जाऊंगा।शिकायत कर्ता का आरोप है भाकियू नेता ने उसे जान मार देने की धमकी देते हुए भगा दिया। जमीन के इसी विवाद में भाकियू नेता सुरेंद्र कुमार वर्मा की ओर से भी मुख्यमंत्री ही को भेजी गई शिकायत में प्रताप सिंह वर्मा पर जबरन पेड कटवा लेने की बात कही गई है। भाकियू नेता की ओर से भी अपने विपक्षी पर हत्या करा देने की आशंका जताई गई है। भाकियू नेता की ओर से इस मामले में पुलिस पर रिश्वत लेकर दूसरे विरोधी के पक्ष में काम करने का आरोप लगाया गया है।

## सपा सांसद आर.के चौधरी ने नियुक्त किए दो सांसद प्रतिनिधि, पार्टी में खुशी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लोकसभा क्षेत्र मोहनलालगंज के सपा सांसद आर.के. चौधरी ने शनिवार को पत्र जारी कर विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज में अपने दो सांसद प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। सांसद आर.के चौधरी ने उमाशंकर वर्मा को सांसद प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया, जो तहसील, ब्लाक, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग और बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर वाहिनी , राष्ट्रीय सचिव संतोष रावत के साथ समस्त सरकारी बैठकों में सांसद का प्रतिनिधित्व करेंगे। सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, अशर्फी लाल धीमान, संतराम रावत और हरिशंकर रावत सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सांसद आर.के चौधरी का धन्यवाद किया और उनके द्वारा नियुक्त सांसद प्रतिनिधियों को बधाई तथा शुभकामनाएं दीं।

## गार्ड के साथ मारपीट और फायरिंग मामले में तीन गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र स्थित मॉल के अंदर जन्मदिन की पार्टी मनाने का विरोध करने पर युवकों ने गार्ड के साथ मारपीट की। युवक हवाई फायरिंग करके भाग गये थे। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी दक्षिण ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार की रात को कुछ युवक जन्मदिन मनाने के उद्देश्य से पलासियो मॉल आये थे। अपना जन्मदिन मनाने के लिए मॉल के अंदर प्रवेश कर रहे थे, तभी गार्ड ने उन्हें रोका। इसको लेकर उन युवकों ने गार्ड को पीट दिया। जब कुछ कर्मचारी गार्ड को बचाने के लिए पहुंचे तो युवक हवाई फायरिंग करते हुए भाग गये। इस मामले में गार्ड की ओर से शिकायत दर्ज करायी गयी। मामले का संज्ञान लेकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

## रायबरेली से पिकअप बुक कराया, रहीमाबाद पहुंचने पर गाड़ी लूट ली

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रायबरेली से बदमाश ने खुद को जीआरपी कर्मी बता मलिहाबाद से सामान लाने के लिए पिकअप बुक कराया। रहीमाबाद पहुंचने पर उसने ड्राइवर को अंडा रोल में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। बेहोशी की हालत में ड्राइवर को सड़क किनारे फेंककर दिया और पिकअप लूटकर भाग निकला। पिकअप मालिक की तहरीर पर रहीमाबाद पुलिस जांच कर रही है। रायबरेली के मिल एरिया निवासी छेदीलाल के मुताबिक रायबरेली के जोशियाना पुल खाली सहट निवासी कासिम अहमद उनकी पिकअप चलाता है। शुक्रवार को कासिम अहमद को एक व्यक्ति ने खुद को जीआरपी कर्मी बता मलिहाबाद से सामान लाने के लिए पिकअप बुक कराई। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे वह पिकअप लेकर मलिहाबाद के लिए चला। वह रहीमाबाद पहुंचा ही था तभी पिकअप बुक कराने वाले व्यक्ति ने कासिम को अंडा रोल खिलाया। कुछ देर बाद वह बेसुध हो गया। भतोइया के पास पहुंचने पर उसने कासिम को सड़क किनारे फेंक दिया और पिकअप लेकर भाग निकला। पूरी रात कासिम सड़क किनारे पड़े रहे। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे पड़ा देख रहीमाबाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने पास के निजी अस्पताल भेजवाया। दोपहर बाद ड्राइवर को होश आया। थाना प्रभारी रहीमाबाद के मुताबिक तहरीर पर जांच की जा रही है।

## समाधान दिवस में आई 17 शिकायतें, एक का निस्तांरण



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज थाना समाधान दिवस में कुल 17 शिकायतें पहुंची। एक ही समाधान हो पाया। शेष 16 का निस्तारण नहीं हो सका।फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ा। थाना दिवस में पहुंचे एसडीएम मोहनलालगंज ब्रजेश वर्मा और एसीपी ऋषभ यादव के सामने कुल 17 शिकाय पहुंची। एस डी एम की ओर से कहा गया कि फरियादियों की समस्याओ का निस्तारण शीघ्र ही किया जाएगा इसी के साथ शिकायत कर्ताओं को शिकायतों में कार्यवाही का आश्वासन देकर उन्हें थाना परिसर से बिदाई दे दी गई।

## दयाल चौक व सिंगापुर मॉल के पास बनेगा वेंडिंग जोन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फ्लाईओवरों के नीचे खाली स्थानों पर वेंडिंग व गेमिंग जोन सहित पार्किंग स्थल बनाया जाएगा। इनके बनने से एक तो फ्लाईओवरों के नीचे हुए अतिक्रमण हटेंगे, दूसरा अतिक्रमण के कारण नगर की धूमिल होती छवि से भी मुक्ति मिलेगी। मेयर की ओर से सभी जोनल अफसरों को जगह चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल जोन छह ने शहीद पथ फ्लाईओवर के नीचे दो स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने के लिए जगह चिन्हित कर लिया है। नगर में फ्लाईओवर के नीचे हुए अतिक्रमण को लेकर नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में मेयर सुषमा खर्कवाल ने नाराजगी जताई था। कहा कि अतिक्रमण से यातायात भी प्रभावित होता है। उन्होंने सभी जोनल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के फ्लाईओवर के नीचे से अतिक्रमण हटवा कर उसका सुंदरीकरण कराने सहित वहां गेमिंग व वेंडिंग जोन सहित पार्किंग स्थल भी बनाने को कहा। ऐसा करने से दोबारा वहां अतिक्रमण की गुंजाइश नहीं बचेगी। लोगों को सुविधा भी मिलेगी।

# प्राचीन स्थलों के पर्यटन विकास हेतु राज्य सरकार कटिबद्ध : जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जनपद मैनपुरी में लाखों श्रद्धालुओं के आस्था का केन्द्र सत्य कैलाश आश्रम और तुलसीदास मंदिर के सौंदर्यीकरण व पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए लगभग 2.61 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है, जिसमें से 1.65 करोड़ रूपये की धनराशि जारी कर दी गई है। इन योजनाओं के पूरा होने से श्रद्धालुओं से काफी सहूलियत होगी। राज्य सरकार प्राचीन धार्मिक स्थलों को विकसित करके श्रद्धालुओं को आकृषित करने का संकल्प लिया है। इससे स्थानीय लोगों को छोटे-मोटे रोजगार प्राप्त होंगें। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि मैनपुरी जिले के कुरावली विकासखंड स्थित ग्राम नौरंगपुर स्थित ब्रह्म विद्यापीठ श्री सत्य कैलाश आश्रम की स्थापना श्रीमत्स्यास्वामी धनराज गिरि महाराज ने की थी। क्षेत्र का सबसे पुराना आश्रम अपने वेदांत और प्राचीन ज्ञान के लिए प्रसिद्ध है। यह शंकराचार्य की धार्मिक पीठ है। यह एक सिद्ध पीठ की तरह है, जहां वेद तथा संन्यास से संबंधित ज्ञान की शिक्षा दी जाती है। यह स्थल बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करता है। योजना अंतर्गत लगभग 1.38 करोड़ रुपए से पर्यटन विकास किया जाएगा। इसमें 90 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं। यहां पर्यटकों के लिए हॉल, शौचालय, गेट, बेंच, साइनेज सहित कई और कार्य कराए जाएंगे। जयवीर सिंह ने बताया कि मैनपुरी जिले में ग्राम अड्डूपुर स्थित तुलसीदास मंदिर प्रसिद्ध देवालयों में से एक है। यहां प्रतिदिन रामायण का पाठ होता है। श्रावण मास एवं शिवरात्रि के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। पर्यटक सुविधा विकसित करने के लिए लगभग 1.23 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं, जिसमें 75 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं। इसमें मल्टीपर्पज हॉल, गेट, बेंच, साइनेज सहित कई और कार्य कराए जाएंगे।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। घरेलू पर्यटन के मामले में हम देश भर में पहले स्थान पर हैं। विदेशी पर्यटकों के आगमन में भी यह उपलब्धि हासिल करने के प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं को विस्तार दिया जा रहा है।

# जंगल से निकल बाघ ने गाय को दौड़ाकर मार डाला, दहशत में शाम को बंद हो रही दुकानें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। रहमानखेड़ा के जंगल से निकलकर बाघ अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घूम रहा है। शुक्रवार रात बाघ ने हरदोई रोड पार कर बुधड़िया गांव में महेश रावत की आम की बाग में आवारा गाय का शिकार कर मार डाला और पिछला हिस्सा खाकर चला गया। शनिवार सुबह खेत गए ग्रामीणों ने शव पड़ा देख पुलिस सहित वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे डीएफओ डॉ सितांशु पाण्डेय ने बाघ द्वारा शिकार किये जाने की पुष्टि की। शिकार किये गए स्थान के आसपास बाघ के पगचिन्ह मिले थे। वन विभाग के अधिकारियों और डब्ल्यूटीआई की टीम ने जांच पड़ताल की। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि गाय के साथ एक बछड़ा भी रहता था जो अब गायब है संभावना है कि बाघ ने बछड़े का भी शिकार कर मार डाला होगा और खींचकर बेहता नाला के किनारे जंगल मे ले गया होगा लेकिन बाघ ने दूसरे शिकार की पुष्टि नहीं की है।

डीएफओ डा. सितांशु पाण्डेय ने बताया कि रहमान खेड़ा संस्थान में बाघ के पगचिन्ह नहीं मिले हैं। बाघ ने संस्थान से दो किमी दूर हरदोई रोड़ क्रॉस कर बुधड़िया गांव में गाय का शिकार किया है। मीठे नगर खड़ंजा मार्ग के पास जंगली सुअर का शिकार किये गए स्थान के पास पिंजरा लगाकर डब्लूटीआई टीम और वेटनरी डा. दक्ष द्वारा निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही ट्रैप कैमरा लगाया गया है। वहीं शिकार किये गए सांड और जंगली सुअर के बचे हिस्से को मिट्टी में दफना दिया गया है। रहमान खेड़ा के जंगल से निकलकर फिर से बाघ ने गांव का रुख कर लिया है। पिछले दो दिनों से बाघ हरदोई रोड़ पार कर शाहपुर, भटऊ जमालपुर और आसपास के क्षेत्रों में घूम रहा है। इस दौरान खेत मे पानी लगा रहे कई किसानों ने देर शाम बाघ को टहलते देखा था। अब बुधड़िया में शिकार करने के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गयी है। रहमान खेड़ा के जंगल और आसपास के लगभग दस किमी के ग्रामीण अंचल में बाघ की दहशत से व्यापार पर असर पड़ रहा है। चाय की दुकानों से लेकर शाम को रंगीन होने वाले ठेकों पर आमदनी कम हो गयी है।

## एलडीए में 'सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे में 76 प्रकरणों का निस्तारण

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में शनिवार को आयोजित सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे पर 76 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसमें रजिस्ट्री, फ्री होल्ड, नामांतरण आदि के मामले शामिल रहे। संयुक्त सचिव सोमकमल सीताराम ने बताया कि उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देशानुसार प्राधिकरण में लंबित फाइलों के निस्तारण के लिए शनिवार को सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत समस्त विशेष कार्याधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, अनुभाग अधिकारी, लिपिक व अभियंता गण अपने अनुभाग की लंबित फाइलों के साथ सुबह 10 बजे मीटिंग हॉल में उपस्थित हुए। इस दौरान उपाध्यक्ष ने स्वयं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। फाइलों पर तुरंत निर्णय लेते हुए कार्रवाई संपादित कराई। बताया कि सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे पर प्रस्तुत की गई सभी लंबित फाइलों पर शत प्रतिशत कार्रवाई करते हुए कुल 76 फाइलों का निस्तारण किया गया। इसके अंतर्गत रिफंड के 07, रजिस्ट्री के 18, फ्री-होल्ड के 09, नामांतरण की 27 व अभियंत्रण की 15 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया।

# किसानों का आरोप : कर्मचारी तय मूल्य से अधिक वसूल रहे खाद के दाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पीड़ित किसान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत**




निगोहां, लखनऊ। इन दिनों किसान गेहूं फसल में यूरिया खाद के लिए समितियों के चक्कर लगा रहें है वहीं निगोहां गांव स्तिथ खाद समिति में खाद लेने गए किसानों ने समिति के आंकिक विक्रेता पर विक्रय मूल्य से अधिक मूल्य लेकर खाद दिए जाने और किसानों के विरोध करने पर किसानों से अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर कार्यवाही की मांग की।

शनिवार को निगोहा खाद समिति में खाद लेने गए निगोहां के रामपुर गांव निवासी देवेंद्र बाजपई और वैभव यादव ने आरोप लगाया कि जब वह लोग खाद लेने गए तो वहाँ पर बैठे आंकिक विक्रेता योगेंद्र यादव ने उन लोगों से यूरिया खाद का सरकारी विक्रय मूल्य 266.50 रुपए प्रति बोरी की जगह 275 रुपए प्रति बोरी मूल्य लिया गया । जब उन लोगों ने सचिव से 8.50 रुपये अधिक मूल्य लेने का विरोध किया तो आंकिक विक्रेता धमकाते हुए अभद्रता करने लगा किसानों ने बताया कि इस केंद्र के आंकिक विक्रेता योगेंद्र से पहले भी कई किसानों से झड़प हो चुकी है। पीड़ित किसानों ने पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर कर कार्यवाही की मांग की। इस पर जब बात की तो आंकिक विक्रेता ने बताया कि वह 270 रुपए प्रति बोरी खाद किसानों को दी जा रही है जब पूंछा गया कि पैसे बढाकर क्यों ले रहे हो तो आंकिक विक्रेता ने कहा कि इतना बढाकर ही लिया जाता है।


**जलकल विभाग, नगर निगम जोन-4 गोमती नगर, लखनऊ।**

अल्पकालीन निविदा सूचना

प.सं. 490/निविदा/ईई-4/2024-25 दिनांक-28-12-2024

एतद् द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु जलकल विभाग नगर निगम में पंजीकृत ठेकेदारों से पृथक-पृथक निविदाएं दिनांक 08.01.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष इस कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क कैश (नान रिफन्डेबल) कैश काउंटर जोन-4 में जमा करके दिनांक 08.01.2025 अपरान्ह 2.00 तक प्राप्त किये जा सकेंगे। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। निविदा खुलने की तिथि को अपरिहार्य कारण से अवकाश होने पर निविदा अगले कार्य दिवस में नियत समय पर प्राप्त व खोली जायेगी। इच्छुक निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है। निविदा के साथ धरोहर राशि एफ.डी.आर./सी.डी.आर./बैंक गारंटी जो अधिशासी अभियंता, जलकल विभाग नगर निगम लखनऊ के नाम बंधक को जमा करना अनिवार्य है। बिना धरोहर राशि की निविदा मान्य नहीं होगी। शेष नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य विवरण | निविदा शुल्क | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | गोमतीनगर जोन-4 अन्तर्गत पेपर मिल कालोनी वार्ड नं.-23 में विभिन्न 09 स्थलों पर लगे खराब समरसेबुल पप्पों की मरम्मत का कार्य कराने हेतु। | रु.300.00 | रु.5500.00 |
| 2 | जोन-4 अन्तर्गत काल्विन निशातंगज वार्ड नं.-41 में (1)-आठवीं गली, 512/1 के पास स्थित समरसेबुल (2)-बजरिया चन्द्रभालेश्वर मंदिर के पास स्थित समरसेबुल पम्प को रीबोर कराने हेतु। | रु.350.00 | रु.7000.00 |
| 3 | जोन-4 अन्तर्गत पेपर मिल कालोनी वार्ड सं. 70 में (1)- बाबा का पुरवा में श्रीमती मिनाक्षी के घर के सामने स्थित समरसेबुल, (2)-एम.के.एस.डी. स्कूल की जाली के पास समरसेबुल पम्प को रीबोर कराने हेतु। | रु.350.00 | रु.7000.00 |
| 4 | जोन-4 निशातंज अन्तर्गत अधिष्ठापित नलकूपों हेतु 05 नग डोजर सिस्टम की आपूर्ति किये जाने हेतु। | रु.200.00 | रु.4000.00 |

अधिशासी अभियन्ता, जोन-4

# अटल जी के मूल्यों को आत्मसात कर हम सभी को राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए : अभिषेक गुप्ता

❐ अटल जन्म शताब्दी समारोह सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । आज खैराबाद नगर मण्डल में अटल जन्म शताब्दी समारोह के अंतर्गत मंडल अध्यक्ष संदीप अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित सुशासन यात्रा कार्यक्रम मुख्य अतिथि अभिषेक गुप्ता उपस्थित होकर जेपी लॉन में स्व0 श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर पुष्पांजली कर अपने श्रद्धांसुमन अर्पित किए।

एवं जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कहा कि हम सभी के श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी एक महान राजनेता थे।ल्लअटल जी की नीतियों और विचारों ने भारत को नई दिशा दी है। उनके सपनों को साकार करते हुए हिंदुस्तान विकास के पथ पर तेज़ी से अग्रसर हुआ। उनके मूल्यों को आत्मसात कर हम सभी को राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

इस अवसर पर जिला महामंत्री युवा मोर्चा अनूप विश्वकर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष खैराबाद मंडल किशोर जोशी, नगर महामंत्री राम जी गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष अजितेश शुक्ला, नगर मंत्री अजय अवस्थी, सभासद उमेश जयसवाल संदीप मिश्रा, संदीप गुप्ता ,ध्रुव शुक्ल, गौरव अग्रवाल एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय एवं जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय एवं जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्रों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए पात्रों के अधिक से अधिक गोल्डेन कार्ड एवं ए0बी0एच0ए0 (आभा) आई0डी0 जारी की जाये। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुये 70 वर्ष के वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड जारी किये जायें। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक से अधिक जांच कराए जाने एवं चिन्हित मरीजों का समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि जिन टी0बी0 मरीजों के इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी है तो उसके लिये उन मरीजों का मृत्यु आडिट करा लिया जाये ताकि यह पता चल सके कि उन मरीजों की मृत्यु किस कारण से हुयी है तथा आडिट जल्द से जल्द करा लिया जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि टी0बी0 मरीजों की काउंसलिंग भी करायी जाये तथा समय-समय पर उसकी स्क्रीनिंग भी करायी जाये। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर टी0बी0 मरीजों का एक्सरे किया जाये तथा गांववार लिस्ट तैयार करते हुये वहां के लोगों की स्क्रीनिंग की जाये ताकि टी0बी0 से ग्रसित लोगों का पता चल सके। सभी ब्लॉकों, वृद्धा आश्रम, लेबर कालोनी, नगर पालिका एवं नगर निकायों में भी टी0बी0 की स्क्रीनिंग अवश्य करायी जाये। डी0बी0टी0 के माध्यम से राशि समय से अंतरित कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। ई-संजीवनी एप के माध्यम से संचालित टेली कंसल्टेशन सेवा में सुधार के निर्देश दिए। आशा भुगतान समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। टीकाकरण हेतु ड्यू लिस्ट समय से अपडेट कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि सभी सत्रों का नियमित रूप से आयोजन एवं सुपरवीजन सुनिश्चित किया जाये। टीकाकरण सत्र आयोजन से पूर्व जागरूकता अभियान भी चलाया जाये। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण में दुर्गापुरवा सीतापुर में लापरवाही करने वाले का मानदेय रोकने के निर्देश दिये। फैमिली प्लानिंग में निर्धारित समय से लक्ष्य पूर्ण किए जाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव कराना सुनिश्चित कराएं एवं आशा का नियमित भ्रमण भी सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि सभी वीएचएनडी सत्रों में आंगनबाड़ी, आशा एवं ए0एन0एम0 निर्धारित उपकरणों एवं दवाओं के साथ उपस्थित हो। उन्होंने कहा कि सभी खराब प्रदर्शन वाले प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं अन्य अधिकारी अगली बैठक के पूर्व प्रदर्शन में सुधार करें। अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी स्वास्थ्य केन्द्र हैं, उनकी रंगाई पुताई एवं जहां पर बिजली की व्यवस्था नहीं हैं।

# एक दिन के लिए प्रधानाचार्य बनी आठवीं की छात्रा संध्या देवी

## मिशन शक्ति फ़ेज-5 के तहत कार्यक्रम आयोजित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निघासन-खीरी। मिशन शक्ति फ़ेज-5 के कार्यक्रम के तहत शुक्रवार विकासखंड के सविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय कोलापुरवा निघासन में कक्षा आठ की छात्रा संध्या देवी को एक दिन के लिए इंचार्ज प्रधानाध्यापक बनाया गया।एक दिन की प्रधानाध्यापिका ने अर्द्धवार्षिक परीक्षा का कक्षाओं में जाकर जायजा लिया।मध्याह्न भोजन व्यवस्था को देखा।सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं को अपने कर्तव्य निर्वहन हेतु प्रेरित किया एवं अन्य विद्यालय कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।इस एक दिवसीय परिवर्तन से बच्चों में बहुत उत्साह रहा।

इस दौरान अध्यापक पारसनाथ शुक्ला, सहायक अध्यापिका नेहा चतुर्वेदी,सुदीप कसाना,शिक्षामित्र गीता पाण्डेय, सुमन देवी राजेश कुमार सहित,समस्त रसोइयां एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक का हुआ सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जहांगीराबाद (सीतापुर)। एस सी ई आर टी लखनऊ द्वारा आयोजित सामाजिक विषय पर आधारित रोल प्ले मॉडल प्रस्तुतीकरण कर राज्य में प्रथम पुरुस्कार प्राप्त करने वाले रेउसा विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय रंडा कोंडर के शिक्षक मयंक सिंह को इस बड़ी उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उ0प्र0 की रेउसा इकाई द्वारा बीआरसी रेउसा पर एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर रेउसा ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कर्मठ शिक्षक मयंक सिंह ने जिला ही नहीं वरन प्रदेश स्तर पर जिले और ब्लाक का नाम रोशन किया है।

जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

इस मौके पर उपस्थित जिला कार्यकारणी के जिला महामंत्री कृष्ण मोहन गुप्ता तथा जिला मीडिया प्रभारी देवर्षि प्रताप सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी उन्हें




धन्यवाद देते हुए बधाइयां दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में ब्लॉक के महामंत्री राजेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम अक्षयवर, उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार, संयोग कुमार, कोषाध्यक्ष नासिर अली, मीडिया प्रभारी कुलदीप श्रीवास्तव, मंत्री महेन्द्र सिंह, ललित मोहन यादव व अखिलेश मौर्य सहित भारी संख्या में शिक्षकगण मौजूद रहे।

# कुसमौरा सरकारी विद्यालय बना चर्चा का बिषय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कसमंडा कमलापुर। विकासखंड कसमंडा के अंतर्गत ग्राम कुसमौरा में सरकारी विद्यालय जूनियर हाई स्कूल की इंचार्ज मृदुल दीक्षित पर अपने ही स्टाफ के सहायक अध्यापक कौशलेंद्र सिंह द्वारा स्टाफ के साथ अनुचित व्यवहार एवं भेदभाव करने का आरोप लगाया था। जिसका संज्ञान लेते हुए।

खंड शिक्षा अधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण करके आपस में सामंजस्य स्थापित करके बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया था। परंतु जब कुछ मीडिया बंधुओ ने गांव जाकर ग्रामीणों से विद्यालय के बारे में जानकारी साझा करने की कोशिश की।

तो ग्रामीणों ने दिए गए प्रार्थना पत्र के आरोपों के विपरीत शिक्षा नियमों के विरूद्ध उल्लंघन करने का पिटारा खोलना शुरू किया। ग्रामीणों ने बताया।

विद्यालय की इंचार्ज बहुत ही कर्मठ एवं ईमानदारी से अपने विद्यालय को सर्वश्रेष्ठता की उच्चतम श्रेणी में लाना चाहती हैं। विद्यालय में कार्यरत कौशलेंद्र व धर्मेंद्र अध्यापक है। जो बच्चों को पढ़ाते नहीं है। देर से आना जल्दी जाना इनका उद्देश्य रहता है।

कान में लीड लगाकर घंटों इधर-उधर घूम-घूम के बातें करना आदि नियमों के विपरीत पर इंचार्ज का हस्तक्षेप करना उक्त लोगों के लिए कष्ट दायक साबित हो रहा है। इतना ही नहीं ग्रामीणों द्वारा एक शिकायती प्रार्थना पत्र खंड शिक्षा अधिकारी के नाम लिखा गया। जिस पर लगभग एक दर्जन ग्रामीणों ने अपना हस्ताक्षर कर अध्यापकों को विद्यालय से स्थानांतरित करने का निवेदन किया गया।

इंचार्ज ने बताया विद्यालय के नियमों पर सख्त होने के कारण खुन्नस मानते हुए उक्त लोगों ने एक साजिश के तहत भ्रामक प्रार्थना पत्र जिम्मेदारों को सौंप दिया था। जो हमारी कार्यक्षमता और मानसिक स्थिति को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है। उक्त लोगों द्वारा नौनिहाल बच्चों के भविष्य को अंधकार में डुबोया जा रहा है।

## जिलाधिकारी (वि0/रा0) सीतापुर को प्रभारी अधिकारी गेहूँ खरीद नामित किया गया

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के पत्र दिनांक 06 दिसम्बर 2024 के क्रम में अपर आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ के कार्यालय पत्र दिनांक-24 दिसम्बर 2024 के अनुक्रम में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गेहूं क्रय हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सीतापुर को प्रभारी अधिकारी गेहूँ खरीद नामित किया गया है। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सीतापुर समय सारिणी के अनुसार खरीद हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराते हुये लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं की खरीद सुनिश्चित करायेंगे, जिनके कार्यालय का दूरभाष संख्या-05862-242996 है।

## धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण : अपर जिलाधिकारी ने दिए स्वच्छता और सुरक्षा के निर्देश

**मीरजापुर।** अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शिव प्रताप शुक्ल ने शनिवार को तहसील सदर और मण्डी समिति में स्थित विभिन्न धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को धान खरीद और भुगतान की प्रगति की समीक्षा की और केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में खाद्य विभाग और मण्डी समिति के विभिन्न केंद्रों पर प्रभारी अधिकारी उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने कुल खरीद, प्रेषण, और किसानों को किए गए भुगतान के आंकड़े जांचे। उन्होंने कहा कि बारिश के मद्देनजर केंद्रों पर विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि क्रय किया गया धान भीगने से बच सके। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि धान के प्रेषण में तेजी लाई जाए और सभी किसानों को समय पर भुगतान किया जाए। निरीक्षण में पाया गया कि केंद्रों पर हजारों क्विंटल धान की खरीद हो चुकी है। किसानों का भुगतान तेजी से करने पर जोर दिया गया। मण्डी परिसर में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिली, जिसके लिए मण्डी समिति के सचिव को तत्काल सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बारिश के चलते सभी केंद्र प्रभारियों को धान को सुरक्षित रखने के लिए प्रभावी इंतजाम करने के निर्देश दिए गए।

# एस.डी. इंटरनेशनल स्कूल में ऑरेंज एजुकेशन दिल्ली ने टीचिंग टेक्निक्स पर वर्कशॉप चलाई




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । कल शनिवार एस.डी. इंटरनेशनल स्कूल में ऑरेंज एजुकेशन दिल्ली ने टीचिंग टेक्निक्स पर वर्कशॉप चलाई। स्कूल के शिक्षकों ने बहुत उत्साह से प्रतिभाग किया वर्कशॉप में नई नई तकनीक बताई गई।

शिक्षकों ने बेहतर परिणाम के लिए सभी तकनीक को जाना और स्कूल प्रशासन को लागू करने का आश्वासन भी दिया। जिससे कि बच्चों में बेहतर परिणाम मिल पाए।बच्चों को विभिन्न प्रकारों से पढ़ाने के लिए निम्न तरीके बताए गए जिससे कि बच्चों में रुचि आए। इस कोर्स में प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण,डिजिटल तकनीकों का उपयोग, नाटक और भूमिकानिर्वाह ,कहानी सुनाना और कहानी लेखन,साहित्यिक चर्चाएँ और समूह अध्ययन, भ्रमण और कार्यशालाएँ,सृजनात्मक लेखन, प्रदर्शन और प्रदर्शनी,मल्टीमीडिया संसाधनों का उपयोग, ब्लॉगिंग और सोशल मीडिया इत्यादि विधियों को अपनाकर शिक्षण अधिक रुचिकर, प्रभावी और समकालीन हो सकता है, जिससे छात्रों की भाषा और साहित्य के प्रति समझ और प्रेम में वृद्धि होती है, इन विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

# 05 वांछित/वारण्टी गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा गंभीर अपराधो में संलिप्त अपराधियों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी के लिये टीम गठित कर निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण थाना कोतवाली नगर, थाना रामपुर मथुरा की पुलिस टीमों द्वारा मा. न्यायालय में प्रचलित वाद व थानें पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित कुल 05 वांछित/ वारण्टियों को गिरफ्तार किया गया है।

विवरण निम्नवत है- थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 04 वांछित गिरफ्तार- थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 418/2024 धारा 69/351(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त विकास पुत्र चनद्रिका प्रसाद निवासी हरदासपुर थाना महोली जनपद सीतापुर, मुकदमा अपराध संख्या 374/24 धारा 419, 420, 386, 504 IPC में वांछित अभियुक्तगण 1.उत्तम सिहं पुत्र चन्द्रकुमार सिहं निवासी मोहल्ला पूर्णागिरि नगर श्यामनाथन थाना कोतवाली नगर जनपद



सीतापुर 2. अरुण अवस्थी पुत्र स्व0 प्रमोद अवस्थी निवासी जेल रोड़ थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर 3.अभियुक्ता पिंकी सिंह पत्नी दुर्गासिहं निवासी श्यामनाथन पूर्णागिरिनगर थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर ।

उपरोक्त सभी अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया। थाना रामपुर मथुरा पुलिस द्वारा 01 वांछित गिरफ्तार- थाना रामपुर मथुरा पुलिस टीम द्वारा अपराध संख्या मु0अ0सं0 465/24 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त श्रीमन निषाद पुत्र रामा नि0 ग्राम मल्लाहनपुरवा म0 गोण्डा देवरिया थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया।

# चोरी से कटे पेड़ों के मामले में लीपापोती करने में जुटा वन विभाग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लहरपुर सीतापुर। (सैयां भये कोतवाल तो डर काहे का.... कुछ यही कहावत सटीक बैठती है )लहरपुर वन विभाग पर। शासन में अपनी अच्छी पैठ की धमक रखने वाले नवागत वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह के लहरपुर का कार्यप्रभार सम्हालने के बाद से लकडकट्टों, लकडी के अवैध कारोबार से जुडे लोगों की बल्ले बल्ले हो चली है। लगातार हरियाली पर चल रहा अवैध आरा और उस पर प्रशासनिक चुप्पी पूरे सिस्टम पर सवालिया निशान खडे कर रही है। ताजा मामला तहसील क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर हरिप्रसाद का है जहाँ बीते दिनों ग्राम समाज की भूमि पर लगे लगभग सोलह पेड़ों को रात के समय चोरी से काट लेने का आरोप लगाते हुए गांव के ही अवधेश सिंह पुत्र शत्रोहन सिंह ने शिकायत संख्या 40015424088546 के माध्यम से शिकायत की थी। भ्रष्टाचार और अव्यवस्था ने पूरे सिस्टम को अपने चंगुल में कितना कसा हुआ है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब इस सम्बन्ध में स्थानीय लेखपाल मानवेन्द्र वर्मा से बात की गई तो उसने कहा कि मैंने अपनी रिपोर्ट बनाकर उपजिलाधिकारी मैम को सौंप दी है जबकि इस सम्बन्ध में जब उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम से बात की गई तो उन्होंने ऐसे किसी मामले की जानकारी न होने से ही इंकार कर दिया और कहा कि वो सम्बंधित लेखपाल को बुलाकर मामले की जानकारी करेंगी वहीं शिकायतकर्ता का दावा था कि लेखपाल ने मुकदमा दर्ज कराये जाने की बात कही है जबकि स्थानीय कोतवाली प्रभारी विजयेंन्द्र सिंह ने ऐसी किसी तहरीर के मिलने तक से इंकार किया वहीं जब इस सम्बन्ध में वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका नंबर आउट ऑफ़ नेटवर्क बताता रहा। सूत्रो की मानें तो लच्छननगर निवासी एक ठेकेदार और उसके साथियों ने विभाग से सांठ गांठ कर पेड़ काट तो डाले पर मामला खुल जाने के बाद अब कार्रवाई के नाम पर वन विभाग कन्नी काट रहा है।सूत्रों की मानें तो वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह की भ्रष्ट कार्यशैली की ये एक छोटी सी बानगी है।कुल मिलाकर दो दिन बीत जाने के बाद भी चोरी से कटे 16 पेड़ों का मामला अफसरों की टेबलों के बीच फुटबॉल बना हुआ है और लहरपुर वन विभाग के हालात रामभरोसे दिखाई दे रहे हैं।

# सेठ रामगुलाम पटेल इंटर कॉलेज के छात्रों का खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

❐ महमूदाबाद स्टेडियम में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

तहसील महमूदाबाद। के स्टेडियम में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सेठ रामगुलाम पटेल इंटर कॉलेज के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। कबड्डी और गोला फेंक में छात्रों की उपलब्धि कॉलेज के कक्षा 11 के छात्र सौरभ यादव ने महमूदाबाद से जिला स्तर के लिए चयनित कबड्डी टीम में स्थान सुरक्षित किया।

वहीं, कक्षा 11 के छात्र मोहम्मद सलीम ने गोला फेंक प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर तीसरा स्थान हासिल कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया।

चेयरमैन डॉ. हरीश चंद्रा की बधाई सेठ रामगुलाम ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. हरीश चंद्रा ने छात्रों की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने खेलों के महत्व पर जोर



देते हुए कहा कि यह न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ावा देता है।

डायरेक्टर क्षितिज चंद्रा का प्रोत्साहन डायरेक्टर इंजी. क्षितिज चंद्रा ने विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलो इंडिया योजना के तहत खेलों में भी शीर्ष पर पहुंचने का प्रयास करें। उन्होंने कोच रामध्यान कुशवाहा को भी उनके प्रशिक्षण के लिए बधाई दी।

महत्वपूर्ण उपस्थिति इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार, उप प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार, एनसीसी के एसोसिएट ऑफिसर दुर्गेश कुमार, कोऑर्डिनेटर उमेश कुमार, अन्य शिक्षकगण और छात्रों ने भाग लिया। यह उपलब्धि न केवल छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी, बल्कि उनके परिवार, शिक्षकों और विद्यालय के लिए गर्व का क्षण भी साबित हुई।

# मुनीम से लूट की घटना का खुलासा, चार लुटेरे गिरफ्तार, दो लाख 72 हजार नगदी बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर-खीरी। शहर में पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर लखनऊ के अदरक व्यापारी के मुनीम से 3.89 लाख रुपये की हुई लूट मामले का शनिवार को खुलासा करते हुए सदर कोतवाली पुलिस ने घटना में शामिल चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 2,72,700 रुपये की नगदी और घटना में प्रयुक्त वैन बरामद की गई है। में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने घटना में शामिल वैन को बरामद करने के बाद चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटी गई नगदी भी बरामद हुई है। अभियुक्तों का पहले से ही आपराधिक इतिहास भी है। बता दें कि लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र के मोहल्ला ठाकुरगंज निवासी अर्शलान अदरक व्यापारी का बकाया भुगतान लेने गुरुवार को शहर की राजापुर मंडी समिति आया था। उसने दो व्यापारियों से 3.89 लाख रुपये वसूल किए और ई-रिक्शा पर सवार होकर लखनऊ जाने के लिए एलआरपी चौराहा जा रहा था। दोपहर करीब एक बजे ओवरब्रिज पर उतरते समय सामने से आ रही मारुती वैन ने ई-रिक्शा रोक लिया और उसमें सवार बदमाशों ने तमंचे के बल से रुपये रखा थैला लूटकर बहराइच की तरफ भाग निकले थे। पुलिस ने अज्ञात चार बदमाशों के खिलाफ लूट की रिपोर्ट दर्ज की थी। एसपी ने सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में तीन टीमें गठित कर खुलासे में लगाया था। सदर कोतवाल अंबर सिंह के नेतृत्व में लगी टीमों ने फुटेज के आधार पर जब जांच की तो कड़ी से कड़ी जुड़ती चली गई। इससे पुलिस के हाथ बदमाशों तक पहुंच गए। टीमों ने घटना में शामिल मारुती वैन को बरामद कर घटना को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों में से राजाजीपुरम निवासी अंकित गौतम, राजापुर निवासी आकाश वर्मा, शादाब उर्फ पोलियो पक्का, थाना खीरी के पक्का तालाब निवासी मिथुन सिंह को गिरफ्तार कर लिया, जबकि खत्री टोला खीरी टाउन निवासी मुन्ना उर्फ हनी पुलिस के हाथ नहीं लग सका। टीमें मुन्ना की तलाश कर रही हैं। पुलिस ने घटना में प्रयोग की गई मारुति वैन व लूटे गए रुपये में से दो लाख 72 हजार 700 रुपये बरामद किए हैं। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपी राजापुर मंडी में पल्लेदारी करते थे। इस दौरान वह अदरक व्यापारी से लेनदेन पर भी अपनी निगाह बनाए थे।

# सीएमओ साहबः जच्चा-बच्चा को मौत की नींद सुलाने वाले मन्नत हास्पिटल पर क्यों नही दर्ज हो रहा है मुकदमा

❐ अभी तक न मन्नत हास्पिटल हुआ सील न दर्ज हुआ मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । इसे विभाग-ए- हुक्मरान का संरक्षण कहे या फिर अवैध हास्पिटल संचालित करने वालो का रसूख, कि जिले मे दुसरे के नाम पर अवैध तरीके से संचालित हास्पिटल द्वारा लोगो को लगातार मौत की नींद सुलाने के बावजूद स्वास्थ्य महकमा धृतराष्ट्र बना हुआ है।

बीते दिनो पडरौना सदर कोतवाली क्षेत्र के खिरकिया-बांसी मार्ग पर बेसमेंट मे अवैध रूप से धड़ल्ले से संचालित हो रहे मन्नत हास्पिटल के लापरवाही के कारण जच्चा-बच्चा की हुई मौत के बाद भी अब तक विभाग द्वारा न तो उस हास्पिटल को सील किया गया और न ही हास्पिटल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है जो चर्चा का विषय है। गौरतलब है कि बीते दिनो खिरकिया - बासी मार्ग पर बेसमेंट में अवैध तरीके से संचालित मन्नत हास्पिटल द्वारा प्रसव-पीड़ा से जूझ रही सोहरौना गांव के निवासी मुन्ना मंसूरी की पत्नी का आपरेशन किया गया था जहां चिकित्सक की लापरवाही के कारण आपरेशन के बाद दुनिया में आये नवजात शिशु की मौत हो गयी। बताया जाता है कि चिकित्सक की लापरवाही के कारण नवजात की हुई मौत को लेकर परिजन आक्रोशित हुए किन्तु संचालित द्वारा इसे कुदरत का खेल बताकर किसी तरह से परिजनो को शान्त करा दिया गया। तीन दिन बाद 18 दिसम्बर की भोर में जब मुन्ना संसूरी की पत्नी की हालत बिगड़ने लगी तो अस्पताल संचालक ने उसे जिला मुख्यालय रवीन्द्रनगर स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां महिला की भी मौत हो गई। हास्पिटल की लापरवाही के कारण जच्चा-बच्चा की हुई मौत को लेकर आक्रोशित परिजन जिला अस्पताल से शव लेकर मन्नत हास्पिटल पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार परिजनों का तल्ख तेवर देख मन्नत हास्पिटल के संचालक परिजनो से मामले को मैनेज करने के लिए बिचौलियों को लगाकर अस्पताल पर ताला जड़ स्टाफ के साथ फरार हो गया।




## दलालो ने परिजनो को मैनेज कर शान्त कराया

ऐसी चर्चा है कि मन्नत हास्पिटल पर परिजनो द्वारा घंटो हो-हल्ला किया गया इसके बाद दलालो ने किसी तरह से मामले को मैनेज कर परिजनों को शव के साथ घर भेज दिया। इस दौरान सूचना पाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची लेकिन अवैध हास्पिटल पर कार्रवाई व संचालक पर मुकदमा दर्ज कराने के बजाय भौकाल बनाकर चली आयी। सूत्र बताते है कि घटना के बाद हास्पिटल संचालक तबरेज, विभाग के जिम्मेदार लोगो से मिलकर मामले को मैनेज कर लिया ताकि जच्चा-बच्चा की हुई मौत के मामले में विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नही की जाए। शायद यही वजह है कि घटना के दस दिन बीत जाने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी हास्पिटल संचालक तबरेज द्वारा मन्नत हास्पिटल बंद कर फरार होने की विलाप कर हाथ पर हाथ धरे बैठे है। नतीजतन विभाग द्वारा न तो अभी तक मन्नत हास्पिटल सील किया गया और न ही हास्पिटल के संचालक तबरेज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है जबकि तबरेज के मन्नत हास्पिटल पर चिकित्सक के लापरवाही के कारण दो दिन के अन्तराल में नवजात व उसकी माँ को मौत की नींद सुला चुका है।

## काश! स्थानीय लोगो के शिकायत पर हुई होती कार्रवाई

स्थानीय लोगो का कहना है कि काश पूर्व के शिकायतों पर बेसमेंट में तबरेज द्वारा अवैध तरीके से संचालित मन्नत हास्पिटल के खिलाफ विभाग के जिम्मेदार लोगो ने कार्रवाई की होती तो मुन्ना मंसूरी की पत्नी व उसके नवजात शिशु की मौत नही हुई होती। लोगो का आरोप है कि विभाग के संरक्षण मे जनपद मे बिना डिग्रीधारी व झोलाछाप डाक्टरों का अवैध हास्पिटल संचालित हो रहा है।

बेसमेंट मे एक वर्षो से अवैध रुप से चल रहा था मन्नत हास्पिटल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि तबरेज और स्वास्थ्य विभाग की आपसी गठजोड़ से मन्नत हास्पिटल अवैध तरीके से विगत एक वर्षों से बेसमेंट में संचालित हो रहा था। यहा के लोगो द्वारा विभाग से लगातार शिकायत की जाती रही है लेकिन आज तक स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारो के कान पर जूँ नही रेंगा।

# निक्षय मित्र बन टीबी रोगियों से रखे भावनात्मक लगावःसीडीओ



❐ सीडीओ ने टीबी रोगी को दूसरे माह की सौपी पोटली

❐ जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों से टीबी रोगियों को गोद लेने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत जनपद में टीबी रोगियों को गोद लेकर प्रोटीनयुक्त पौष्टिक आहार देने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें बीते माह कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की उपस्थिति में जिलास्तरीय अधिकारीयो द्वारा प्रथम माह की पोटली दी गयी थी।

जिसमें मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा भी एक मरीज को गोद लिया था। उनके द्वारा गोद लिये के मरीज को शनिवार को दूसरे माह की पोटली दी गयी जिसमें गुड़,भुना चना,मूँगफली का दाना, सत्तू,गजक एवं प्रोटीन पाउडर था। इस अवसर पर सीडीओ ने कहा कि निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें प्रोटीनयुक्त आहार प्रतिमाह दे जब तक उपचार चले।

जिससे रोगी दवा के साथ खाकर शीघ्र स्वस्थ हो सके तथा उससे आपका भावनात्मक लगाव भी जुड़ा रहे और उस मरीज के स्वास्थ्य की जानकारी भी लेते रहे एवं उसे स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई समस्या हो तो टीबी विभाग से सम्पर्क कर दूर कराने का भी प्रयास करे। सीडीओ द्वारा जनपद स्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को गोद लेने की अपील भी किया गया। इस दैरान जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस.एन.त्रिपाठी, निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र,एसटीएस सन्दीप मौर्या उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के अन्तर्गत सरस्वती ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के संस्थान सरस्वती देवी महाविद्यालय नौरंगिया के फार्मेसी विभाग के छात्रों द्वारा क्षेत्र के लक्ष्मीपुर ग्राम सभा में निःशुल्क जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर का शुभारंभ ग्राम सभा के प्रधान धीरज तिवारी ने फीता काट कर किया।ततपश्चात प्रशिक्षुओं द्वारा लगभग 300 का ब्लड ग्रुप, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर टेस्ट, बी.एम.आई परीक्षण, पल्स रेट एवं ऑक्सीजन लेवल की जांच की गई। साथ ही विशेषज्ञों द्वारा निदान एवं उपचार परामर्श देते हुए निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया।

शिविर में खड्डा परिक्षेत्र के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ बी. एन. पाण्डेय जी,प्राचार्य श्री कुलदीप पाण्डेय जी,उप प्राचार्य श्री संदीप पाण्डेय जी, डॉ अजीत शुक्ल, श्री प्रवीण गिरी,अजेश्वर दूबे, ऋषिका गुप्ता सहित अभिषेक, गौतम ,रवि,अजहर राजन,वीरेंद्र,सागर,अमित,अरमान,मुस्कान, अर्चना आदि प्रशिक्षु प्रमुख रूप से प्रतिभाग किये।शिविर के कुशल संचालन हेतु संस्था के प्रबंध निदेशक पवन दूबे ने सभी प्रशिक्षुओं एवं विशेषज्ञों के प्रति आभार प्रकट किया।



# अवैध बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली से गिरकर एक व्यक्ति की मौत दूसरा गंभीर

❐ प्रशासन की गाड़ी देख तेजी से भाग रहा था ट्रैक्टर ट्राली के चालक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। हनुमानगंज थाना क्षेत्र में प्रशासन की गाड़ी देख तेज गति से भाग रहे अवैध बालू लदी ट्रैक्टरऽट्राली पर बैठे दो अन्य व्यक्ति असंतुलित होकर गिर पड़े। जिससे एक व्यक्ति की ट्राली के नीचे दबने से मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले लिया जबकि घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है।

कि हनुमानगंज थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टरऽट्राली से गुरुवार की रात अवैध बालू लादकर ले जाया जा रहा था कि पीछे से प्रशासन की गाड़ी आने की भनक लगते ही ट्रैक्टर चालक तेजी से भगाने लगा।

इसी दौरान ट्रैक्टर पर बैठे दो व्यक्तिय असंतुलित होकर गिर पड़े। एक व्यक्ति पर ट्रैक्टर चढ़ने से मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतक की पहचान भीम उर्फ नीरज निषाद पुत्र स्व. बंगाली निषाद निवासी पथलेश्वर नाथनगर वार्ड नंबर 15 थाना हनुमानगंज के रूप में हुई।

जबकि घायल व्यक्ति महेंद्र पुत्र छेदी उसी गांव का रहने वाला है जिसका इलाज चल रहा है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक भीम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया।

इस संबंध में सीओ खड्डा ने बताया कि उक्त प्रकरण में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मारपीट के मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गांव तार विशुनपुर के एक व्यक्ति ने अपने बगल गांव के तीन युवकों पर मारपीट कर घायल करने व जान से मारने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति के तहरीर पर तीन युवकों के विरुद्ध मारपीट व बलवा का मुकदमा दर्ज किया है।

उक्त गांव के योगेंद्र चौरसिया ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि घटना के दिन शाम पांच बजे अपने खेत से गन्ना काटकर घर आ रहा था। रास्ते मे तीन लड़के शराब के नशे में धुत होकर एक मोटरसाइकिल से आ रहे थे।तबतक अचानक गाड़ी रोककर तीनो लड़के उसे गाली देने लगे विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिये।व जान से मारने की धमकियां देने लगे। पुलिस ने करन सिंह,रजत सिंह,व आदर्श सिंह निवासी सेमराहरदो पट्टी पर विभिन्न धराओ में मुकदमा दर्ज कर जाच कर रही है।जब कि थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर तीन युवकों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



# प्रधानाध्यापक की बैठक में दिए गए आवश्यक निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना/कुशीनगर। पडरौना ब्लॉक के बीआरसी केंद्र पर शनिवार को परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक बीईओ सुरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। बैठक में विभाग द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं की विद्यालय स्तर पर समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बीईओ ने कहा कि ब्लाक को जल्द से जल्द निपुण बनाने के लिए प्रधानाध्यापक मनोयोग से जुट जाएं । विद्यालय में आए कम्पोजिट ग्रांट से विभागीय निर्देशों के अंतर्गत कार्य संपन्न कराए। बैठक में यू -डायस, अपार आईडी ,कन्या सुमंगला योजना, एमडीएम योजना,जागरूकता अभियान आदि के बारे में विस्तृत चर्चा हुईम इस दौरान अमरदीप शुक्ल, राकेश पांडेय, देवेंद्र मिश्र, रामायण यादव, व्यास सिंह ,सुनील मिश्र, माधव गोविंद राव, रागिनी गुप्ता, आराधना गुप्ता , अर्चना देवी आदि मौजूद रहे।

# कैम्प लगा कर किसानों का कराया गया फार्मर रजिस्ट्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। कुशीनगर में फार्मर रजिस्ट्री अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत वार्ड न0 20 गोपालनगर मदरहा में रजिस्ट्रेशन को लेकर कैंप लगाकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराई गयी।

फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को मिलेगा योजनाओं का लाभ तथा प्रभारी राजकीय वीज भंडार व प्रविधिक सहायक हाटा कुंवार चंद जी ने बताया कि किसानों को मिलने वाली किसान सम्मान निधि की अगली किस्त उन्हीं कृषकों के खातों में जाएगी जिनकी फार्मर रजिस्ट्री आईडी बन गई है।

वहीं किसानों को फसल बीमा का लाभ, आपदा राहत के लाभ व बीज, खाद, कृषि यंत्रों, बैंक लोन, किसान क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाली सभी प्रकार की छूट फार्मर रजिस्ट्री के बाद ही मिलेगी।



उन्होंने बताया कि भविष्य में किसानों को मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से ही मिलेगा।जहाँ इस मौके पर प्रभारी राजकीय वीज भंडार व प्रविधिक सहायक कुंवर चन्द जी,गोरख सिंह,रामसुरेश सिंह,फूलबदन सिंह,फ़ेकू सिंह,तेजनाथ दुबे,अरुण सिंह,अभय सिंह ,शिवम् सिंह,अशोक सिंह,प्रमोद सिंह व समस्त किसान उपस्थित रहे।

# कन्टेनर की टक्कर से एक की मौत, दूसरा गम्भीर

एजेंसी

हमीरपुर। शनिवार को नेशनल हाईवे 34 पर कुंडौरा के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में एक युवक की सदर अस्पताल में मौत हो गई।

दूसरे युवक को कानपुर रेफर किया गया।


शनिवार को ललपुरा थाना क्षेत्र के पौथिया गांव निवासी अशोक कुमार (24) पुत्र रामबहादुर एवं धर्मेंद्र कुमार (22) पुत्र देवी प्रसाद बाइक से कस्बे से लौटकर पौथिया जा रहे थे।

कुंडौरा गांव के सभी हाईवे में तेज रफ्तार कंटेनर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना पाकर 112 की टीम मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल में धर्मेंद्र कुमार की मौत हो गई। अशोक कुमार को गम्भीर हालत में कानपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद चालक कंटेनर छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में लेकर फैक्टरी एरिया पुलिस चौकी में खड़ा कराया है।



# हल्की बारिश से किसानों के चेहरों पर आई मुस्कान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर। शनिवार को मौदहा क्षेत्र में हुई हल्की बारिश से जहां फसलों को फायदा होता दिख रहा है तो वहीं हल्की बारिश से किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं और किसानों का इंतजार भी खत्म हो गया है। क्षेत्र में हुई हल्की बारिश से फिलहाल इस फसल की सभी जिन्सों को बेहद फायदा होता दिख रहा है जिससे किसानों के चेहरों पर मुस्कान आ गई है। बताते चलें कि इस साल सर्दियों में महाउट के रूप में होने वाली यह पहली बारिश है।

हालांकि यही बारिश कुछ समय के लिए और होना चाहिए था लेकिन फिर भी फसलों के लिए फायदेमंद है।

गौरतलब है कि जनपद में किसान पहले खाद की किल्लत से जूझ रहा था जिसके चलते किसी तरह से महंगी खाद लेकर फसलों पर तो डाल दी लेकिन सिंचाई के समय में फाल्टों के नाम पर होने वाली बिजली की आंख मिचौली ने किसानों की धड़कनें बढ़ा दी थी।

ऐसे में किसानों को समय से प्राकृतिक बारिश मिलने से किसानों में खुशी देखने को मिल रही है, क्योंकि सिंचाई में लगने वाला पैसा, समय और श्रम तीनों की बचत हो गई है। फिलहाल रबी की फसल की सभी जिन्सों को इस बारिश से फायदा होता दिख रहा है।


## विशेष रेलगाड़ियाँ

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दर्शाई गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएगी:-

03255/03256 पटना जं. - आनन्द विहार (ट) - पटना जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 03255 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 03256 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22:20 | पटना जं. | 18:35 | ---- |
| 18:35 | ---- | आनन्द विहार (ट.) | ---- | 23:30 |

चलने के दिनः 03255 पटना जं. (रवि, गुरु) से दिनांक 02.01.2025 से अगली सलाह तक (दिनांक 12.01.2025, 30.01.2025, 02.02.2025) एवं 13.02.2025 को छोड़कर एवं 03256 आनन्द विहार (ट.) (सोम, शुक्र) से दिनांक 03.01.2025 से अगली सलाह तक (दिनांक 13.01.2025, 31.01.2025, 03.02.2025 एवं 14.02.2025) को छोड़कर।

ठहरावः दानापुर, आरा जं., बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी जं. स्टेशन।

स्थानः 2-टीयर वाता., 3-टीयर वाता., 3-टीयर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।

07075/07076 हैदराबाद जं. - गोरखपुर जं. - हैदराबाद जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 07075 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 07076 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21:00 | हैदराबाद जं. | 17:25 | ---- |
| 01:08 | 01:10 | लखनऊ शहर | 13:07 | 13:12 |
| 06:30 | ---- | गोरखपुर जं. | ---- | 08:30 |

चलने के दिनः 07075 हैदराबाद जं. से दिनांक 03.01.2025 से अगली सलाह तक एवं 07076 गोरखपुर जं. से दिनांक 05.01.2025 से अगली सलाह तक।

ठहरावः सिकंदराबाद, काजीपेट जं., पेद्दपल्ली, मंचिर्याल, बल्हारशाह, चन्द्रपुर, नागपुर, बैतूल, जुझारपुर, इटारसी जं., भोपाल, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, पोखरायां, कानपुर सेन्ट्रल, ऐशबाग, लखनऊ शहर, गोमती नगर, बाराबंकी जं. एवं गोंडा जं. स्टेशन।

स्थानः 2-टीयर वाता., 3-टीयर वाता. शयनयान एवं सामान्य।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाईट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा – हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3963/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 20.01.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 14802024 दिनांक 26.12.2024 |
| 2 | निविदा संख्या | 1. 43/DEN-V-LKO/2024-2025, 2. 44/DEN-V-LKO/2024-2025, 3. 45/DEN-V-LKO/2024-25, 4. 46/DEN-V-LKO/2024-25, 5. 47/DEN-V-LKO/2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. सहायक मण्डल इंजीनियर (द्वितीय)/लखनउ, के अधीन बाराबंकी यार्ड को छोड़कर लखनउ–कानपुर एवं दिलकुशा केबिन–बाराबंकी में विभिन्न ट्रैक वर्क्स का कार्य। |
| | | 2. मण्डल इन्जीनियर (पंचम)/लखनउ के अधीन टंग रेल एवं एस.ई.जे. की रिकंडिशनिंग का कार्य। |
| | | 3. सहा0 मण्डल इंजीनियर, उत्तर रेलवे (द्वितीय), लखनऊ के अधीन वरि0 खण्ड अभियंता/कार्य/लाइन/लखनऊ के तहत ब्रिज स0 11 DN, 56 UP, 78A, 64 UP & DN, 65 UP & DN, इत्यादि के विस्तार/पुनर्निमाण एवं दूसरे सम्बन्धित कार्य मिशन रफ्तार के तहत। |
| | | 4. सहायक मण्डल इन्जीनियर (द्वितीय)/लखनउ, एवं सहायक मण्डल इन्जीनियर/अयोध्या के अधीन सीनियर सेक्शन इन्जीनियर, वर्क्स, लाइन के अधिकार क्षेत्र में उन्नाव, बाराबंकी, मगरवारा, अयोध्या एवं अयोध्या कैंट स्टेशनों पर लिक्विड क्लोरीन एवं डोजर पंप का इस्तेमाल करते हुये 02 वर्ष के लिये वाटर सप्लाई के क्लोरीनेशन का कार्य। |
| | | 5. सहायक मण्डल इन्जीनियर/अयोध्या कैंट के अधीन सीनियर सेक्शन इन्जीनियर, वर्क्स अयोध्या कैंट स्टाफ क्वाटर अकबरपुर को छोड़कर दरयापुर के बीच मरम्मत का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 1,94,43,820.56 2. Rs. 74,00,442.07 3. Rs. 6,96,77,291.73 4. Rs. 52,90,367.60 5. Rs. 99,23,365.49 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 2,47,200.00 2. Rs. 1,48,000.00 3. Rs. 4,98,400.00 4. Rs. 1,05,800.00 5. Rs. 1,98,500.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 1 के लियेः स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। 2 से 3 एवं 5 के लियेः स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 6 माह। 4 के लियेः स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 24 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 06.01.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 20.01.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः— 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3970/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नगर कोतवाली के कारखास, एकदम खासम-खास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लाल घेरे में कारखास शशांक द्विवेदी...

गोण्डा। जिले में पुलिस विभाग में सबसे कमजोर कड़ी के रूप में शुमार कोतवाली पर नगर कोतवाल साहब की कृपा से तैनात किए गए कारखास शशांक द्विवेदी की वजह से आज नगर कोतवाली क्षेत्र कि कानून व्यवस्था कटघरे में खड़ी है।

हालत यह कि शायद ही कोई कोतवाली और हो जहां इनकी मौजूदगी मजबूती से हो।यह नगर कोतवाली पर किसी रोल मॉडल से कम नहीं होते हैं सूत्र बता रहे है कि नगर कोतवाल के अति करीबी शशांक द्विवेदी माने जाते हैं।

तो विभागीय अधिकारियों के साथ ही राजनीतिक लोगों से सेछ्टग करने में इन्हें महारत हासिल होती है।कोतवाली को व्यवस्थित चलाने में इन 'कारखास' शशांक द्विवेदी की अहम भूमिका होती है।इनका आदेश नगर कोतवाल के आदेश की तरह होता है।नगर कोतवाल के पास कोई बड़ी समस्या जाने से पहले कारखास शशांक द्विवेदी के पास से ही होकर गुजरती है।नगर कोतवाल को किससे कब मिल ना है इसकी भी सेछ्टग वही शशांक द्विवेदी करते हैं।सूत्र बता रहे है कि नगर कोतवाली की हालत है कि नगर कोतवाल बिना 'कारखास' शशांक द्विवेदी के एक कदम भी नहीं चल पाते।वह नगर कोतवाल क्षेत्र के अपराधियों से लेकर जनप्रतिनिधियों के संपर्क में रहते हैं।यहां तक कि कोतवाल के व्यक्तिगत काम भी उन्हीं के जिम्मे रहता है। सुबह 'साहब' के उठने से पहले 'कारखास' उनके आवास पर पहुंच जाते हैं।फिर क्या करना है और कब किससे मिलना है,कौन मिलने आ रहा और क्षेत्र में कहां क्या घटित हुआ आदि की पूरी जानकारी देते हैं।

वही सूत्र बता रहे है कि यहां तक कि कोतवाली नगर में तैनात अन्य सिपाही भी अपनी समस्या कोतवाल से कहने के बजाय 'कारखास' शशांक द्विवेदी से ही बताते हैं।वह इसकी जानकारी कोतवाल को देते हुए निस्तारण कराकर उन पर अपना प्रभाव छोड़ते हैं।

इससे सिपाही भी इसका विरोध नहीं कर पाते।यह कोतवाल के अंदर व बाहर दोनों साइड पर अपना नियंत्रण रखते हैं।क्षेत्र की अधिकांश घटनाओं को मैनेज कराने में इनकी अच्छी भूमिका रहती है।कहीं-कहीं तो अपराध को बढ़ावा देने में भी 'कारखास' शशांक द्विवेदी का अहम रोल माना जाता है।जुआ, सट्टा के अड्डे चलवाने के साथ ही नशा विक्रेताओं,खनन माफियाओं, अवैध कारोबारियों से इनकी साठगांठ तगड़ी रहती है।अधिकांश समय यह सादे ड्रेस में रहते हैं।किसी बड़े अधिकारी के आने पर ही ये वर्दी धारण करते हैं।सूत्र बता रहे है कि अवैध रूप से मिलने वाले धन के कारण इनके इशारे पर नाचने लगते हैं।'कारखास' शशांक द्विवेदी से कोतवाली पर तैनात सिपाही भी पंगा लेने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं।ऐसे में कहे तो इनकी भूमिका चूल्हे से लेकर चौकी तक होती है जिससे आज अपराध से लेकर कानून व्यवस्था तक लड़खड़ाते ही चल रहा है।यही नहीं नगर कोतवाली में तैनात कारखास शशांक द्विवेदी के काले चिठे के कारनामे और भी हैं वह भी अगले अंक में पढ़िए सिर्फ कैनविज टाइम्स पर सिर्फ.... सच..।

# बाल विवाह एक अभिशाप: डा.एस के गौतम




कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइच। जरवल ब्लॉक के ग्राम पंचायत गंडारा में आयोजित स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया और मोबियस फाउंडेशन के सहयोग से उम्मीद परियोजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में परिवार नियोजन,आयुष्मान कार्ड निर्माण, किशोर स्वास्थ्य,मातृ पोषण,और गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गयी,तथा परिवार नियोजन परामर्श केंद्र के माध्यम से नवविवाहित जोड़ों को परामर्श और शगुन किट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में परिवार नियोजन के नोडल एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एस.के.गौतम ने बताया कि बहराइच जनपद में आज भी 37.5 प्रतिशत लड़कियों की शादी 18 के पूर्व में ही हो जा रही है।

जिसके बाद जल्दी बच्चा होने से माँ और बच्चे दोनों के जान का खतरा बना रहता है,इसलिए सभी लड़कियों को पढ़ने और अपने पैरों पर खड़ा होने का पूरा अवसर दें ।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक सरजू खान द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए परिवार नियोजन का महत्त्व के विषय में लोगों को अवगत कराया। किशोरियों के लिए वैक्सीनेशन, सैनिटरी नैपकिन वितरण और स्वास्थ्य परामर्श सेवाएं दी गईं।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़,एक शातिर बदमाश गिरफ्तार,पैर में लगी गोली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। देहात कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम ने देर रात पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है।पुलिस मुठभेड़ के दौरान आरोपी बदमाश पुजारी के दाहिने पैर में गोली लगी है जिससे वो घायल हो गया है।घायल बदमाश को इलाज के लिए गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

आरोपी पुजारी के कब्जे से मुठभेड़ के दौरान चोरी और लूट के सोने और चांदी के जेवरात,बारह हजार रुपए नगद,एक अवैध तमंचा और घटना में प्रयोग की गई एक मोटरसाइकिल गाड़ी बरामद हुई है।

आरोपी पुजारी द्वारा अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर बीते दिनों देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गाँव खोरहंसा अंसारी मोह ल्ला में एक घर में घुस कर हंसिये के दम पर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था।

साथ ही धानेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भी एक चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था।सभी घटनाओं का खुलासा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने एसओजी,सर्विलांस समेत चार पुलिस टीमों का गठन किया था।घटना में शामिल चार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर के भी लगातार पुलिस टीमों के द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

### बदमाशो ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू दी

दरअसल देहात कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम को देर रात सूचना मिली कि खोरहंसा से उज्जैनी जमाल जाने वाले रास्ते पर लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले कुछ बदमाश जा रहे हैं। जब पुलिस टीम ने बदमाशों को पकड़ने के लिए पीछा किया तो उज्जैनी जमाल जाने वाले रास्ते पर खोरहंसा के पास आरोपी पुजारी द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी गई।पुलिस द्वारा जवाबी कार्यवाही करते हुए मुठभेड़ के दौरान आरोपी पुजारी को गिरफ्तार किया है।एसपी विनीत जायसवाल ने बताया- देर रात्रि में थाना देहात कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में खोरहंसा पुलिस चौकी क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक शातिर बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हुआ है। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पिछले कुछ दिन में थाना देहात कोतवाली क्षेत्र और धानेपुर में चोरी और लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। वही गिरफ्तारी टीम में देहात कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह,एसओजी प्रभारी संजय कुमार गुप्ता,धानेपुर थानाध्यक्ष सुनील सिंह अपने मय फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# होटलों और ढाबों में जल रहे घरेलू सिलेंडर,पूर्ति विभाग मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। शहर और इससे सटे देहात क्षेत्रों में घरेलू गैस का दुरुपयोग पूर्ति विभाग नहीं रोक पा रहा है।

बड़े होटलों ओर ढाबों में खुलेआम घरेलू गैस का दुरुपयोग बंद नहीं हो पा रहा है। शहर और इससे सटे मनकापुर, तरबगंज, परसपुर, उमरीबेगम गंज,. क़रनैलगंज, खरगूपुर, इटियाथोक, नबाब गंज, बेलसंर और आर्य नगर में होटलों और ढाबों में घरेलू गैस सिलिंडर उपयोग किया जा रहा है।जिले में घरेलू गैस का दुरुपयोग रोकने के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे में जहां गैस एंजें सियों के कमर्शियल सिलिंडर बिकने कम हो गए हैं।

सूत्र बता रहे हैं कि मालवीय नगर में कुछ गैस माफिया कई होटलों और ढाबों में



घरेलू गैस सिलिंडर को कमर्शियल गैस सिलिंडर में भी पलट क़र पूर्ति देने का काम क़र रहे है, जिससे कि शहर के बीचो- बीच मालवीय नगर में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है वही शहर के बीचो-बीच में कुछ ऐसे गैस माफिया है।

जो गैस की कालाबाजारी करने के आरोप में जेल भी जा चुके हैं और अवैध रिफिलिंग के आप में उन पर मुकदमा भी पंजीकृत हुआ है लेकिन फिर भी उनके हौसले बुलंद हैं और वह आज भी छोटे घरेलू गैस सिलेंडर से बाजारों में बिकने वाले छोटे सिलेंडरों में गैस कि रिफिलिंग कर रहे हैं।

### आपूर्ति विभाग ने छह महीने नहीं हुई कार्रवाई

भले ही जिला खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से कार्रवाई के नाम पर अपनी पीठ थपथपाई जा रही है लेकिन स्थिति यह है कि छह माह में जिला पूर्ति विभाग ने किसी भी होटल और ढाबे,या फिर रिफिलिंग करने वालो पर कार वाई नहीं की है। ऐसे में होटल और ढाबा स्वामी और रिप्लाइंग करने वाले दुकानदार खुलेआम घरेलू गैस का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# भारतीय पत्रकार वेलफ़ेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए राशिद अली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। कस्बा नानपारा के पुरानी बाज़ार निवासी वरिष्ठ पत्रकार/समाजसेवी राशिद अली भारतीय पत्रकार वेलफ़ेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं।

जिससे पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू वर्मा ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए बताया कि कस्बा नानपारा निवासी राशिद अली एक बहुत ही वरिष्ठ पत्रकार हैं।

और पत्रकारों के हित के लिए हमेशा आवाज़ उठाने का काम करते हैं इसलिए उनके कार्यों को देखते हुए उन्हे भारतीय पत्रकार वेलफ़ेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश



का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

श्री वर्मा ने कहा कि श्री अली से आशा है कि एसोसियेशन के माध्यम से पत्रकार हित का कार्य करते रहेंगे वहीं दूसरी तरफ नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राशिद अली ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने जो ज़िम्मेदारी उन्हें दी है। उस पर वह पूरी ज़िम्मेदारी के साथ काम करेंगे और हमेशा की तरह से पत्रकार हित पर आवाज़ बुलन्द करते रहेंगे उनकी जानकारी में किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न किसी तरह से नहीं होने दिया जाएगा राशिद अली को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर पत्रकार राकेश कुमार विश्वकर्मा, अतुल कुमार तिवारी, सुमन राय, जिब्राइल खान, डॉक्टर वकील खान, अरशद हुसैन, डॉक्टर अब्दुल खबीर,सरफराज अहमद, अय्यूब अंसारी, अब्दुल नासिर, रवि चंद्र गुप्ता, अहमद हुसैन, तौकीर अहमद, मोहम्मद कासिम, वसीम अहमद, दिलशाद फैजी, मोहम्मद अकील,आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है ।

# मानक के विपरीत शहर भर में चल रहे प्राइवेट नर्सिंग होम,सीएमओ और नोडल अधिकारी चुप्पी क्यों

**❏ सीएमओ और नोडल अधिकारी की चुप्पी से शहर में मरीजों की जान से खेल रहे प्राइवेट अस्पताल संचालक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में पान की दुकान की तरह नर्सिंग होमों का खुलना और मानक विपरीत धड़ाधड़ चलना आख़िर क्या दर्शाता है,ऐसी दशाओं में सीएमओ की चुप्पी क्यों,लाशें उगलने वाले इन अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग क्यों मेहरबान है ऐसे कई सवाल हैं जो हर तरफ सुनाई देते हैं। छोटी छोटी जगहों पर या यूं मानों कि जरा.जरा सी




दुकान भर की जगह में चिकित्सा सेवायें मुहैया करवाने के नाम पर प्राइवेट नर्सिंग होम खोल दिये गये।जिनमें मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ धड़ाधड़ जारी है।

मानक विहीन चलने वाले प्राइवेट अस्पतालों में सरकारी डॉक्टरों का बड़ा रोल,साठ गांठ से होता है खेल...

प्राइवेट नर्सिंग होम मरीजों की जेब में खुलेआम डांका तो डालते ही हैं साथ ही उनकी जान के दुश्मन भी बनते हैं। बड़ी बात ये है कि इस अनैतिक कार्य में शहर के कई दिग्गज सरकारी डॉक्टर भी इनका साथ देते हैं।

हॉस्पिटल संचालक और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आपस में सांठ गांठ करके ऐसा खेल खेलती है कि किसी को भनक तक नहीं लगती।शहर में कई ऐसे प्राइवेट नर्सिंग होम है।

जिनको सीज किया जा चुका हैए लेकिन मौजूदा समय में उक्त नर्सिंग होम धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं।

### नर्सिंग होम के अंदर ही मेडिकल स्टोर, जो मरीजों से करते मनमानी लूट...

प्राइवेट नर्सिंग होम अपने ही अस्पताल के अंदर मेडिकल स्टोर खोलते हैं।जिनका संचालन भी उन्हीं की सरपरस्ती में किया जाता है।हॉस्पिटल के अंदर भर्ती मरीज के तीमार दारों और परिजनों को यह मजबूरी होती है कि मरीज की सारी दवा वहीं से ली जायेगी।इनके द्वारा मनमाफिक दामों पर बेची जाने वाली दवाओं की कीमत पर मरीज और उसके परिजनों द्वारा जब ऐत राज किया जाता है तो परि जन व तीमारदारों के साथ अस्पताल प्रबंधन अभद्रता और झगड़े पर उतारू हो जाते हैं।कई नर्सिंग होम मरीजों की मौतों पर हमेशा विवादों में रहे हैं।लेकिन आज तक उन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है उल्टा पीड़ित परिवार पर ही मुकदमा लिखा जाता है जिससे इन चिकित्सा माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

# चेतन चौहान मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र में मंडल के 150 होमगार्ड्सों का नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण प्रारम्भ

एजेंसी

मुरादाबाद। चेतन चौहान मंडलीय प्रशिक्षण केन्द्र मुरादाबाद में मंडल भर के 150 चयनित होमगार्डों का दो दिवसीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण शनिवार को प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार ने आग के बारे में होमगार्ड्स को बताया कि कहीं अचानक आग लग जाए तो उसे कैसे बुझाया जा सकता है। एडीसी ने सभी होमगार्ड्स को अग्निशमन यंत्र के बारे में बताया एवं अग्निशमन यंत्र पर लिखे एबीसी के बारे में जानकारी दी और नागरिक सुरक्षा के स्टॉफ अधिकारी शरीफ अहमद ने अचानक आने



वाली प्राकृतिक आपदा के प्रबन्धन के बारे में बताया। इसके साथ ही घायलों के प्राथमिक उपचार के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में 150 होमगार्ड्स उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्टॉफ अधिकारी डा शफीक अहमद, होमगार्ड्स विभाग के राजेन्द्र कुमार निरीक्षक, अभिषेक कुमार बीओ एवं निपेन्द्र सिंह बीओ उपस्थित रहे।

# विद्युत तार की चपेट में आने से छात्र की जलकर मौत

हरदोई। शनिवार को विद्युत हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से छात्र बाइक समेत जिंदा जल गया। परिजनों ने बिजली विभाग के जिम्मेदारों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक के भाई की तहरीर पर अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह के अनुसार अतरौली थानाक्षेत्र के परसा गांव निवासी अनुपम मिश्रा (25) रघुनंदन सिंह पीजी कॉलेज सरवा में एलएलबी अंतिम वर्ष का छात्र था। भाई उत्तम मिश्रा के मुताबिक अनुपम शनिवार सुबह बाइक से परीक्षा देने कॉलेज गया था। दोपहर में कॉलेज से लौट रहा था। अतरौली थाना क्षेत्र में जगसरा-परसा मार्ग पर जर्जर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर बाइक पर गिर गया, जिससे बाइक में आग लग गई। आग की चपेट में बाइक चला रहा अनुपम भी आ गया। देखते ही देखते बाइक और अनुपम जल गए। ग्रामीणों को जानकारी मिली तो भागते हुए मौके पर पहुंचे और मिट्टी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बाइक और अनुपम जल चुके थे।

# दबंगों का एक ही परिवार टूटा कहर,कई घायल,भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट

**❏ गर्भवती महिला की हालत बनी नाजुक, जिला अस्पताल में भर्ती...**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। धानेपुर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां दबंगों ने एक गर्भवती महिला पर जानलेवा हमला कर उसके परिवार के चार लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया।जिसे आननफानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।जहां डाक्टरों ने गर्भवती महिला की हालत नाजुक बताई।शनिवार को धानेपुर थाना क्षेत्र के दुल्हापुर बनकट के दिलालीपुरवा मे भूमि



विवाद को लेकर दबंगों का घंटों खूनी खेल चला। दबंगों ने संवेदनशीलता की सारे हदें पार करते हुए एक गर्भवती महिला लक्ष्मी पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। यही नहीं उसे बचाने जब उसका पति विरेन्द्र गया तो दबंगों ने उस पर भी हमला बोल गंभीर रूप से घायल कर दिया। गांव में चले घंटों इस खूनी में लोग पुलिस का इंतजार करते रहे। लेकिन घटना के घंटों बाद भी स्थानीय पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। पीड़ित ने बताया कि गांव में उसकी भूमि है। जिस पर वह घर की लकड़ियां रखें हुए है।आरोप है कि दबंग लोग उक्त भूमि पर जबरदस्ती कब्जा करना चाहते है।शनिवार को गांव के विपक्षी ने कई लोगों के साथ मिल उसके घर पर लाठी डंडे व धारदार हथियार से हमला बोल दिया।जिसमें उसकी नानी चिंतापति, मां शारदा समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गई।इस मामले मे धानेपुर के प्रभारी निरीक्षक सुनिल कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी।जिस पर मौके पर जाकर सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा है। आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# तेज रफ्तार डीसीएम ने दादी और पोते को कुचला, मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले के खोरहंसा चौकी अंतर्गत चिश्तिपुर गांव के पास हुए हादसे में पोते और दादी की मौत हो गई। दोनों एक ही साइकिल पर सवार होकर बाजार जा रहे थे।

गोंडा से अयोध्या की ओर जा रही डीसीएम ने उन्हें कुचल दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।हादसा इतना भीषण था कि पोते कुलदीप बीस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दादी धनपता पचास ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया।दुर्घटना के प्रभाव से साइकिल पूरी तरह से चकना चूर हो गई और पोते का शव क्षत-विक्षत हो गया।देहात कोतवाली पुलिस ने आरोपी डीसीएम चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खोरहंसा चौकी इंचार्ज गोपाल सिंह ने बताया कि हादसे के बाद मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

उनके सामने पंचायतनामा की प्रक्रिया पूरी की गई।पुलिस चालक के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने स्कूटी सवार दम्पती को मारी टक्कर, पत्नी की मौत

एजेंसी

कानपुर। चौबेपुर थाना क्षेत्र में एक तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने स्कूटी सवार दम्पती को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में महिला की मौत हो गयी। जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल हुए पति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौबेपुर के जरारी गांव निवासी




श्याम कुमार सैनी अपनी 55 वर्षीय पत्नी विजय लक्ष्मी के साथ शोभन सरकार मंदिर से दर्शन कर वापस लौट रहे थे। तभी चौबेपुर के ग्राम बंसठी तिराहे के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने उनकी स्कूटी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला स्कूटी समेत दूसरी तरफ जा गिरी। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से फरार हो गया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए महिला को घायल अवस्था में सीएचसी चौबेपुर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल पति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवा दिया है। इस पूरे मामले को लेकर प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र कांत शुक्ला बताया कि मौके से ट्रैक्टर ट्रॉली चालक फरार हो गया है। वहीं ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। अभी तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई भी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना जहानाबाद व अमरिया में की गई जनसुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना जहानाबाद व अमरिया में पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की गई।

जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की शिकायतों का संज्ञान लिया गया। इसके साथ ही साथ आपसी विवादों संबंधी शिकायतों के संबंध में सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। आयोजित थाना दिवस में जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसुवाई के दौरान आईं समस्त शिकायतों में सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्या का समाधान कराया जाये।किसी भी दशा में कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे। जिलाधिकारी द्वारा थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुये कहा कि आईजीआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिकायती प्रार्थना पत्र रजिस्टार की जांच की गई। जांच के दौरान शिकायतों का निस्तारण की गुणवत्ता देखी तथा लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।थाना समाधान दिवस के दौरान उप जिलाधिकारी अमरिया, संबंधित थानाध्यक्ष, लेखपाल पुनीत यादव,विनय कुमार गंगवार सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित उपस्थित रहे हैं।



# थाना समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

❐ थाना मुसाफिरखाना व भाले सुल्तान शहीद स्मारक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का निर्देश दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। शासन के निर्देश पर जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से आज माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने मुसाफिरखाना व भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी निशा अनंत ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए ।

तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। आज थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान थानाध्यक्ष मुसाफिरखाना विवेक कुमार सिंह व भाले सुल्तान शहीद स्मारक के थानाध्यक्ष तनुज कुमार पाल सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# सपा का चलो गाँव की ओर कार्यक्रम का हुआ आयोजन सांप्रदायिकता की नफ़रत वाली राजनीति की एकजुटता ही हराएगी : राजू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। समाजवादी पार्टी द्वारा विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर मे समाजवादी पार्टी के प्रदेश व्यापी आहवान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर ''चलो गाँव की ओर'' कार्यक्रम को सेक्टर वार आज से समाजवादी पार्टी के सिपाही जनता के बीच हैं और विधानसभा क्षेत्र में सेक्टरवार पीडीए चर्चा कर रहे हैं।

जनता के बीच बाबा साहब के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की बात कही गई इसके साथ ही संविधान पर भी चर्चा की गई समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में सेक्टर वार पीडीए चर्चा का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत पूरनपुर के सेक्टर 29 एवं 31 ग्राम नवदीया मुजफ्ता,पिपरा मुजफ्ता मे इस अवसर पर संविधान को बचाने व बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को जन जन तक पहुंचाया गया सेक्टरों में जनपंचायत आयोजित की गई। इस अवसर पर सपा के कई वरिष्ठ नेताओ ने जनता को जागरूक किया इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने किया संचालन सतीश शर्मा जी ने किया.कार्यक्रम मे पहुँचे पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशकर यादव ने अपने संबोधन मे कहा की '' देश की वंचित शोषित मेहनतकश कमेरा आवाम की अपने हक़ व अधिकार के लिए एकजुटता ही समाज में बदलाव लाएगी।

वंचित शोषित बहुजन कमेरा आवाम की वैचारिक एकजुटता के नव जनवादी आंदोलन का आग़ाज़ किया है. सांप्रदायिकता की नफ़रत वाली राजनीति की एकजुटता ही हराएगी कार्यक्रम मे पहुँचे समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने कहा की ''समाजवादी पार्टी ने सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में 'पीडीए चर्चा' कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला किया है। यह कार्यक्रम आज से शुरू होगा और अगल एक महीने के लिए चलेगा। कार्यक्रम संविधान को बचाने और बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आयोजित किया जा रहा है घ्क्ष् की ये लड़ाई हज़ारों साल के अन्याय व शोषण के ख़िलाफ़ सामाजिक न्याय की लड़ाई है. संविधान नहीं था, तो इंसान-इंसान में बँटवारा था. संविधान आया, तो इंसान को इंसान जोड़ा व एक बनाया हम सब को इस लड़ाई को आगे बढ़ाना है और इस सरकार को उखाड़ फ़ेकना है सपा नेता ओम शर्मा ने भी अपने संबोधन मे कहा की ''ये बाबा साहेब को माननेवाले और 'बाबा' को माननेवालों के बीच की लड़ाई है एक तरफ़ संविधान को बनाने-बचानेवाले हैं; तो दूसरी तरफ़ संविधान को मिटानेवाले हैं अब तक संविधान ने पीडीए की रक्षा की है; अब पीडीए संविधान की रक्षा करेगा'' अजय भारती ने भी अपने संबोधन मे पी डी ए पर प्रकाश डाला साथ ही।

सभी पिछडो, दलितों,अल्पसंख्यकों से एकजुट होने की अपील की तथा इस सरकार को उखाड़ने को कहा समाजवादी महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश परिहार ने भी अपने संबोधन मे कहा की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के इस नारे को गाव गाव तक लेकर जाएगे और आगे बढ़ाएगे.इस दौरान सपा नेता कल्याण सिंह सरोज ने भी अपने विचार रखे एवं इस लड़ाई को लड़ने का संकल्प लिया इस दौरान बड़ी संख्या मे सपाई उपस्थित रहे जिनमे प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश परिहार,मीता सिंह,उबैद बेग,आनंद पासवान,बसंत भारती, नौशाद गाजी,वीरेश यादव, अफजलअंसारी, आशीष,इमरान खा,निशान अहमद, छैल बिहारी, रामकुमार, जवाला प्रसाद, राजू, सत्य प्रकाश, राजकरन, अरविन्द याद,फकीरे लाल, वेदपाल, फूलचंद्र, नेत्रपाल, पुनीत यादव,राम सागर कुशवाहा, नगराल, सरजीत, विरम्भ, सचिन, मेवा राम,हरीश वर्मा ,बादाम, लेखराज, रामसागर, राधेश्याम,अयोध्या प्रसाद, रामपाल, कन्हई लाल, गंगाराम शर्मा, डाक्टर राधेश्याम,महेंद्र सक्सेना,रामसेवक शर्मा, अरविन्द शर्मा,केदारनाथ शर्मा,महेश चौहान आदि बड़ी संख्या मे लोग उपस्तिथ रहे हैं।



# आयुष अग्रवाल बने सीए मंत्री प्रतिनिधि ने किया स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। मझोला के प्रमुख व्यवसायी दिनेश अग्रवाल के पुत्र आयुष अग्रवाल ने प्रथम प्रयास में ही आईसीएआई द्वारा आयोजित सीए की परीक्षा को उत्तीर्ण कर लिया। सीए बनने के बाद प्रथम बार जनपद आगमन पर आयुष को राज्यमन्त्री संजय सिंह गंगवार ने फोन पर बधाई दी है।और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। राज्यमन्त्री संजय सिंह गंगवार के निर्देश पर उनके जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने आयुष अग्रवाल के आवास पर जाकर उनको शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके पिता दिनेश अग्रवाल व माता मीनू अग्रवाल समेत समस्त परिजनों को बधाई दी हैं। ज्ञातव्य है।कि आयुष की पिता दिनेश अग्रवाल राज्यमन्त्री संजय सिंह गंगवार के सहपाठी और बचपन के मित्र हैं।आयुष को दो चाचा दिलीप अग्रवाल और संजीव अग्रवाल भी सीए हैं और दिल्ली में एमएनसी में कार्यरत हैं। आयुष की सफलता से पूरे मझोला नगर में हर्ष व्याप्त किया है।

# आजादपुर में बंजर की भूमि पर गरजा बुलडोजर

❐ थाना इन्हौना के समाधान दिवस में ग्राम प्रधान की शिकायत पर हरकत में आया प्रशासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी। थाना इन्हौना में थाना समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी और सीओ ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और शिकायती पत्रों को निस्तारित किये जाने का निर्देश मातहतों को दिया।आजादपुर की ग्राम प्रधान के शिकायती पत्र पर तहसील प्रशासन हरकत में आया और लखनऊ सुल्तानपुर राष्टीय राजमार्ग पर स्थित बंजर की बेशकीमती भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई इमारत को बुलडोजर से ढहवा दिया गया है। थाना इन्हौना क्षेत्र की ग्राम पंचायत आजादपुर में लखनऊ सुल्तानपुर राष्टीय राजमार्ग पर स्थित बंजर की बेशकीमती भूमि गाटा संख्या 2525 पर एक युवक द्वारा अवैध तरीके से इमारत बनवा ली गई थी।ग्राम प्रधान द्वारा आला अधिकारियों से कई बार लिखित शिकायत की गई लेकिन तहसील प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा। शनिवार को थाना इन्हौना में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता करने पहुंचे उपजिलाधिकारी अमित सिंह व सीओ अजय कुमार सिंह से ग्राम प्रधान आलिया बानो ने पुनः शिकायत दर्ज कराई तो एसडीएम ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये नायब तहसीलदार अमीषा यादव, हल्का लेखपाल अखण्ड प्रताप सिंह के साथ ही पुलिस फोर्स भेजकर बंजर की भूमि पर बनी अवैध इमारत को बुलडोजर से ढहवा दिया। एसडीएम अमित सिंह ने बताया कि सरकार की सुरक्षित भूमि पर काबिज लोग तत्काल भूमि खाली कर दें अन्यथा उसको प्रशासन के द्वारा अवमुक्त कराने का अभियान चलाया जा रहा है। एसडीएम अमित सिंह ने आम जनमानस से अपील करते हुये कहा कि सुरक्षित भूमि पर अगर कोई व्यक्ति अवैध तरीके से कब्जा कर रहा है तो उसकी शिकायत सीधे हमसे कीजिये हम भूमि को खाली करायेंगे। थाना समाधान दिवस में कुल तीन शिकायतें आई जिसमें से एक शिकायत निस्तारित की गई।इस मौके पर थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# प्रियांशु राज बने फ्लाइंग ऑफिसर चेयरमैन ने गौरव सम्मान से किया सम्मान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर पालिका परिषद पूरनपुर के चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता द्वारा नगर पालिका सभागार में प्रियांशु राज पुत्र नवल किशोर निवासी मोहल्ला कायस्थान वार्ड नंबर एक को फ्लाइंग ऑफिसर बनने पर पूरनपुर गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया और उन्होंने इस अवसर पर गौरवान्वित होते हुए कहा कि बड़ी ही प्रसन्नता होती है जब कोई हमारे क्षेत्र का नाम रौशन करता है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि हम ऐसे ही हमारे क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में सफल होने वालों बच्चों को इसी तरह से सम्मानित करते रहेंगे।

इस अवसर पर फ्लाइंग ऑफिसर के परिजन,नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान,अवनीश सक्सेना 'चुन्नू',युवा भाजपा नेता विवेक तिवारी,सरताज अली,अंकित कुमार एवं सभासद गण उपस्थित रहे हैं।

## मोहनगंज पुलिस ने अवैध शस्त्रों के साथ युवक को धरदबोचा

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा एक अवैध अदधी बन्दूक,एक अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर विनोद कुमार उर्फ ऊदल पुत्र रमेश कुमार निवासी भदेहरा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब अठाइस वर्ष को उसके घर के पास से समय करीब एक बजकर दस मिनट बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में गिरफ्तार युवक के कब्जे से एक अवैध अदधी बन्दूक,एक अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना रामगंज पुलिस द्वारा एक अवैध तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को उप निरीक्षक जंग बहादुर यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर आशीष यादव पुत्र श्यामलाल निवासी परसोइया थाना रामगंज जनपद अमेठी उम्र करीब सत्ताइस वर्ष को बैरघाट के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में गिरफ्तार युवक के कब्जे से एक अवैध तमंचा बारह बोर व एक अदद कारतूस बारह बोर बरामद हुआ है।थाना रामगंज पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

## जायस पुलिस ने तीस ग्राम स्मैक के साथ करोबारी को पकड़ा

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जायस अमेठी,थाना जायस पुलिस ने मुशर्रफ नगर के पास से नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत तीस ग्राम स्मैक के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत शनिवार को उप निरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्र मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त राजेन्द्र पुत्र बरातीलाल निवासी अल्ताफगंज थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब चौबीस वर्ष को ग्राम मुसर्रफनगर के पास से समय करीब साढ़े दस बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दौरान तलाशी युवक के कब्जे से तीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## फूड विभाग के बड़का साहेब पर लगा शोषण उत्पीड़न और भ्रष्टाचार का आरोप

**सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दशको से फूड विभाग में तैनात चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी बसंत वर्मा जो कि बड़का साहेब के नाम से मशहूर है के शोषण उत्पीड़न के शिकार रहे व्यापारियों के लिए मसीहा बन कर आए व्यापारी नेता रमेश अग्रहरि ने भारतीय जनता उद्योग व्यापार मंडल का जिला अध्यक्ष बनते ही व्यापारियों के लिए वर्षों से आतंक का पर्याय बने फूड विभाग के इस कर्मचारी बसंत वर्मा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बताते चलें कि पिछले 17 साल से एक ही जगह तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बसंत वर्मा का रोब दाब विभाग के उच्च अधिकारियों से भी दस गुना ज्यादा है। व्यापारियों को हीन भावना से देखने वाले इस कर्मचारी का व्यवहार दुकानदारों के प्रति बहुत ही अपमान जनक रहता है। जांच पड़ताल करने के दौरान यह कथित कर्मचारी ऐसा रोब दाब दिखाता है कि व्यापारी इसे कोई उच्च अधिकारी समझते हैं। व्यापारियों के इसी भ्रम का फायदा उठाकर ये उनसे भारी रकम की उगाही कर लेता है। किसान नेता के परिवार का होने के साथ साथ इस कर्मचारी को उच्च अधिकारियों का भी संरक्षण प्राप्त है जिसका फायदा उठाकर इसने भ्रष्टाचार से भारी संपत्ति अर्जित कर ली है। जिला अधिकारी को व्यापारी नेता रमेश? अग्रहरि की मांग को गंभीरता से लेते हुए इस भ्रष्ट कर्मचारी के खिलाफ उचित कार्यवाही करना चाहिए।

# महाराजा बिजली पासी नाम का बोर्ड लगाये जाने पर जताया विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील के हलियापुर में एक सड़क पर विधायक निधि से महाराजा बिजली पासी स्मृति द्वार का बोर्ड क्षेत्रीय विधायक द्वारा लगाया गया।जिसकी जानकारी होने पर क्षेत्रीय लोगों ने विरोध किया है व विधायक से इसे अन्यत्र लगवाने की मांग की है।

जगदीशपुर विधानसभा में वर्तमान समय मे क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी द्वारा अपने नाम के साथ किसी न किसी क्षेत्रीय महापुरुष या स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की स्मृति में विधायक निधि से बोर्ड लगवाया जा रहा है।हलियापुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के साइड लेन से होकर हलियापुर से कांकरकोला को एक संपर्क मार्ग गया है।इस रोड पर हलियापुर की तरफ शुक्रवार देर शाम महाराजा बिजली पासी के नाम का एक बोर्ड लगा दिया गया।

शनिवार सुबह ग्रामीणों ने देखा तो दर्जनो की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए।जिसमे ज्यादातर सुरेश पासी के समर्थक थे।उनके समर्थक अखिलेश सिंह नकुल ने विधायक को फोन करके विरोध जताया।भाजपा बूथ अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि बिजली पासी का हमारे क्षेत्र से कोई नाता नहीं है।अगर बोर्ड लगवाना ही है तो इस क्षेत्र के महापुरुषों या देवी देवताओं के नाम पर लगाया जाय।सपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंह ने कहा कि बिजली पासी के नाम का बोर्ड लगाना गलत है, उनका हमारे क्षेत्र से कोई वास्ता नही है।अगर पासी के नाम पर ही बोर्ड लगाना है तो बदलू पासी इस क्षेत्र के कम्युनिस्ट पार्टी के जुझारू नेता थे।वह कांकर कोला के निवासी थे,हलियापुर में उनकी ससुराल थी।सन 1975 में उन्होंने नसबंदी आंदोलन में क्षेत्र में लगे कैम्प में भी घुसकर विरोध किया था व क्षेत्र के दलितों के मसीहा थे। विरोध करने वालों में ,धीरेन्द्र सिंह,धर्मदेव सिंह,सर्वेश सिंह,बलजीत सिंह,विजय सिंह,सरयू प्रताप सिंह, नितिन सिंह,अवधेश उपाध्यय,राम मनोहर, सुशील सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारो की अनदेखी का शिकार हो गया महिला अस्पताल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय सुलतानपुर। प्रदेश की सरकार महिलाओ के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओ का संचालन कर उन्हे स्वावलंबी बना रही है महिलाओ को इलाज करवाने में दिक्कत न हो इसके लिए प्रत्येक जनपदो में महिला अस्पतालो का निर्माण करवाया है। लेकिन प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री पं0 श्रीपति मिश्र का क्षेत्र की महिलाओ का समुचित इलाज क्षेत्र में ही हो यह सपना था उन्होंने अपने इस सपने को साकार करने के लिए वर्ष 1982 में बल्दीराय क्षेत्र वासियो को महिला अस्पताल की सौगात दी और तत्काल बजट की स्वीकृत करवा कर लाखो की लागत से महिला अस्पताल का निर्माण भी करवा दिया। लेकिन क्षेत्र वासियो का दुर्भाग्य रहा कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार पच्चीस वर्षो तक किसी महिला डाक्टर व कर्मचारी की नियुक्ति तक नही करवा सके ढाई दशक तक यह अस्पताल



डाक्टर की वाट जोहता रहा। क्षेत्र वासियो ने 2006 में उठाई थी मांग अस्पताल में शुरू हो गई थी ओपीडी महिला अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा डाक्टर की नियुक्ति न किए जाने को लेकर क्षेत्र वासी मुखर हो गए थे और इसकी शिकायत स्वास्थ्य महकमे से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधिओ विधायक सांसद से की। महिलाओ के इलाज की क्षेत्र वासियो की इस प्रबल समस्या से उस समय रुबरू होकर वर्तमान सांसद ताहिर खान ने संसद में आवाज उठाई और 19/8/2007 को

स्वंय स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियो की उपस्थित में महिला अस्पताल का भव्य उद्घाटन कर महिलाओ के इलाज की सारी सुविधाए अस्पताल में मुहैया करवाई कुछ समय तक महिला अस्पताल में इलाज सुचारू रूप से चलता रहा लेकिन विभाग के जिम्मेदार की मनमानी के कारण पुनः महिला असपाताल की इलाज की सारी सुविधाए हटा ली गई। लाखो की लागत से निर्मित महिला अस्पताल विभागीय अनदेखी से हो गया वीरान तहसील मुख्यालय बल्दीराय पर लाखो की लागत से निर्मित महिला अस्पताल विभागीय उपेक्षा का शिकार बन कर रह गया। विभागीय अधिकारी कहते है महिला अस्पताल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अटैच किया गया है किन्तु सोचने का विषय है स्वास्थ्य विभाग के कागज में अभी भी महिला अस्पताल में फार्मासिष्ट की नियुक्ति चल रही है महिला अस्पताल में महिलाओ का इलाज न शुरू हो विभागीय अधिकारी कही खेल तो नही खेल रहे है।

# फिर नदी जोड़

यह सुखद ही है कि जिन अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री काल में बढ़ते जल संकट के समाधान के रूप में मेगा नदी जोड़ परियोजनाओं की कल्पना की गई थी, उनकी जन्मशती के अवसर पर उस सपने को साकार करने का सार्थक प्रयास शुरू हुआ है। लेकिन यह विडंबना ही है कि इस तरह की पहली परियोजना केन-बेतवा-लिंक परियोजना को सिरे चढ़ाने की दिशा में शुरुआत करने में चार दशक लग गए। निस्संदेह, यह एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, लेकिन विलंब से काम शुरू होने से इसकी लागत में भी अच्छा-खासा इजाफा हो चुका है। निस्संदेह, ऐसे देश में जहां विश्व की अट्ठारह फीसदी आबादी रहती हो और दुनिया का सिर्फ चार फीसदी पीने का पानी उपलब्ध हो, भविष्य के जलसंकट का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। शिलान्यास कार्यक्रम के वक्त प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी कि जल सुरक्षा 21वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है, नदी जोड़ परियोजना के प्रति सरकार के दृढ़ संकल्प की ओर संकेत देती है। निर्विवाद रूप से जलाशयों और नहरों के माध्यम से पानी के अधिशेष को जल संकट वाले इलाके की नदियों को स्थानांतरित करना, निश्चय ही सूखे की मार झेल रहे इलाकों का भाग्य बदलने जैसा ही है। लेकिन यह भी जरूरी है कि पर्यावरणीय जोखिमों का वैज्ञानिक ढंग से आकलन किया जाए। पर्यावरण वैज्ञानिक व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े स्वयंसेवी संगठन प्रकृति के साथ खिलवाड़ की चिंताएं लगातार जताते रहते हैं। उनका मानना रहा है कि नदियों के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा पहुंचने से पारिस्थितिकीय संतुलन प्रभावित हो सकता है। निस्संदेह, पर्यावरणीय संतुलन जरूरी है लेकिन जल संकट का समाधान निकालना भी उतना ही जरूरी है। दरअसल, राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी ने 168 बिलियन डॉलर के प्रस्तावित बजट वाली हिमालयी और प्रायद्वीपीय क्षेत्रों के लिये तीस लिंक परियोजनाओं की पहचान की है। निश्चित रूप से पानी के समुचित वितरण, बाढ़ नियंत्रण, सूखे से मुकाबले और जलविद्युत उत्पादन में अधिक समानता के लिये ऐसी परियोजना की तार्किकता साबित होती है। इसके बावजूद पर्यावरणीय चुनौतियों पर ध्यान देने की भी सख्त जरूरत है। शोध अध्ययनों में दावा किया गया है कि हाइड्रो-लिंकिंग परियोजनाएं मानसून के चक्र में बदलाव ला सकती हैं। साथ ही परेशानी करने वाली जटिल जल-मौसम विज्ञान प्रणालियां विकसित हो सकती हैं। ऐसे में संभावित पारिस्थितिकीय क्षति की आशंका से इनकार भी नहीं किया जा सकता। निस्संदेह, इस दिशा में आगे चलकर व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना जरूरी हो जाता है। परियोजनाओं को क्रियान्वित करने वाले नीति-नियंताओं को फिर से परियोजना को तैयार करने पर संभवित प्रतिक्रिया का विश्लेषण करने के लिये तैयार रहना चाहिए। केन-बेतवा परियोजना के जरिये जटिल पर्यावरणीय पैटर्न का समाधान प्रदान करने के लिये विज्ञान सम्मत पहल होनी चाहिए। इसके लाभ व हानि के पक्ष का मंथन भी जरूरी है। यह विडंबना ही है कि आज भी जल संरक्षण के लिये सामूहिक पहल सार्वजनिक नीति में एक गायब कड़ी बनी हुई है। ऐसे में बड़े पैमाने पर बड़ी परियोजनाओं को प्राथमिकता देने के साथ-साथ,सरकार को कुशल सिंचाई परियोजनाओं, अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और प्रदूषित पानी की स्वच्छता के लिये सस्ती प्रौद्योगिकियों के विकास पर अनुसंधान में तेजी लाने की जरूरत है। साथ ही पर्याप्त वित्तीय समर्थन की भी जरूरत है। बताया जा रहा है कि केन-बेतवा योजना के सिरे चढ़ने से मध्य प्रदेश की आठ लाख हेक्टेयर से अधिक व उत्तर प्रदेश की ढाई लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। जल शक्ति मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार करीब बासठ लाख लोगों को पेयजल की अनवरत आपूर्ति हो सकेगी। इसके अलावा जलविद्युत परियोजना के जरिये 103 मेगावाट बिजली तथा 27 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन प्रस्तावित है। निस्संदेह, यदि केन-बेतवा जैसी महत्वाकांक्षी योजना सिरे चढ़ती है तो अन्य नदी जोड़ परियोजनाओं के लिये भी नई जमीन तैयार हो सकेगी। इससे पहले कुछ दिन पूर्व जयपुर में पार्वती-काली सिंध व चंबल नदी लिंक परियोजना के लिये त्रिपक्षीय समझौते के सिरे चढ़ने को इस कड़ी का विस्तार कहा जा सकता है। भविष्य में जल संकट से निबटने में ये परियोजनाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

# उदारीकरण एवं आर्थिक सुधार के महासूर्य का अस्त होना!

**डॉ. सिंह का जन्म ब्रिटिश भारत के पंजाब में 26 सितम्बर 1932 को हुआ था। उनकी जन्मतिथि भी 26 एवं निधन तिथि भी 26 एक संयोग ही कहा जायेगा। उनकी माता का नाम अमृत कौर और पिता का नाम गुरुमुख सिंह था। देश के विभाजन के बाद सिंह का परिवार भारत चला आया। डॉ. सिंह की पत्नी का नाम गुरशरण कौर है, जो कि एक गृहिणी और गायिका भी हैं। उनके तीन बेटियां हैं। पंजाब विश्वविद्यालय से उन्होंने स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई पूरी की। बाद में वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय गये। जहाँ से उन्होंने पीएच. डी. की। तत्पश्चात उन्होंने आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी. फिल. भी किया। डॉ. सिंह ने अर्थशास्त्र के अध्यापक के तौर पर काफी ख्याति अर्जित की। वे पंजाब विश्वविद्यालय और बाद में प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकनामिक्स में प्राध्यापक रहे। इसी बीच वे संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन सचिवालय में सलाहकार भी रहे और 1987 तथा 1990 में जेनेवा में साउथ कमीशन में सचिव भी रहे। 1971 में डॉ? सिंह भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मन्त्रालय में आर्थिक सलाहकार के तौर पर नियुक्त किये गये। इसके तुरन्त बाद 1972 में उन्हें वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया। इसके बाद के वर्षों में वे योजना आयोग के उपाध्यक्ष, रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमन्त्री के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं।**

भारत के धुरंधर अर्थशास्त्री, प्रशासक, कद्दावर नेता, दो बार प्रधानमंत्री रह चुके डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से आर्थिक सुधार का महासूर्य अस्त हो गया, भारतीय राजनीति में एक संभावनाओं भरा राजनीति सफर ठहर गया, जो राष्ट्र के लिये एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। वे निश्चित ही आर्थिक सुधारों एवं उदारीकरण के नींव के पत्थर थे, मील के पत्थर थे। वे आर्थिक सुधार की बुलंद आवाज थे। उन्हें आर्थिक सुधार, भारत में वैश्विक बाजार व्यवस्था एवं उदारीकरण का जनक कहा जा सकता है। जिन्होंने न केवल देश-विदेश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर हमसे जुदा हो गये हैं। डॉ. सिंह यह नाम भारतीय इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त राष्ट्रनायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, भारत में नये अर्थ के निर्माता, कुशल प्रशासक, दार्शनिक के साथ-साथ भारत को आर्थिक महाशक्ति का एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. सिंह के निधन पर कहा है कि जीवन के हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करना आसान बात नहीं है। एक नेक इंसान के रूप में, एक विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह ने पांच दशक तक सक्रिय राजनीति की, अनेक पदों पर रहे, केंद्रीय वित्त मंत्री व प्रधानमंत्री- पर वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार चलाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया। विलक्षण प्रतिभा, राजनीतिक कौशल, कुशल नेतृत्व क्षमता, बेवाक सोच, निर्णय क्षमता, दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता के कारण कांग्रेस के सभी नेता उनका लोहा मानते रहे, उनके लिये वे मार्गदर्शक ही नहीं, प्रेरणास्त्रोत भी है। वे बेहद नम्र इंसान थे और वह अहंकार से कोसों दूर थे। उनके प्रभावी एवं बेवाक व्यक्तित्व से भारतीय राजनीति एवं लोकतांत्रिक संस्थान चमकते रहे हैं। डॉ. सिंह ने भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजारों के लिए खोलने के लिए उदारीकरण सुधार लागू किए। साथ ही, उन्होंने लाइसेंस राज समाप्त कर, निजीकरण और राज्य नियंत्रण में कमी की। डॉ. सिंह द्वारा विदेशी निवेश को आकर्षित करने के साथ निर्यात को प्रोत्साहित किया गया। डॉ. सिंह का जन्म ब्रिटिश भारत के पंजाब में 26 सितम्बर 1932 को हुआ था। उनकी जन्मतिथि भी 26 एवं निधन तिथि भी 26 एक संयोग ही कहा जायेगा। उनकी माता का नाम अमृत कौर और पिता का नाम गुरुमुख सिंह था। देश के विभाजन के बाद सिंह का परिवार भारत चला आया। डॉ. सिंह की पत्नी का नाम गुरशरण कौर है, जो कि एक गृहिणी और गायिका भी हैं। उनके तीन बेटियां हैं। पंजाब विश्वविद्यालय से उन्होंने स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई पूरी की। बाद में वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय गये। जहाँ से उन्होंने पीएच. डी. की। तत्पश्चात उन्होंने आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी. फिल. भी किया। डॉ. सिंह ने अर्थशास्त्र के अध्यापक के तौर पर काफी ख्याति अर्जित की। वे पंजाब विश्वविद्यालय और बाद में प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकनामिक्स में प्राध्यापक रहे। इसी बीच वे संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन सचिवालय में सलाहकार भी रहे और 1987 तथा 1990 में जेनेवा में साउथ कमीशन में सचिव भी रहे। 1971 में डॉ. सिंह भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मन्त्रालय में आर्थिक सलाहकार के तौर पर नियुक्त किये गये। इसके तुरन्त बाद 1972 में उन्हें वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया। इसके बाद के वर्षों में वे योजना आयोग के उपाध्यक्ष, रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमन्त्री के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं। भारत के आर्थिक इतिहास में हाल के वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब डॉ. सिंह 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मन्त्री रहे। डॉ. सिंह ने भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में लगातार दो कार्यकाल पूरे किए हैं। पहले कार्यकाल के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया। वहीं सूचना का अधिकार अधिनियम भी उनके कार्यकाल में आया। इसके अतिरिक्त उन्हें ऐतिहासिक भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौता पर हस्ताक्षर के लिए भी जाना जाता है। दूसरे कार्यकाल में उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया। हालांकि, इस दौरान उन्हें 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला और राष्ट्रमंडल खेल घोटाले जैसे विवादों का भी सामना करना पड़ा। यह बात हम सभी जानते हैं कि उन्हें मौन पीएम भी कहा जाता था, हालांकि उन्होंने इस पर चुप्पी तोड़ते हुए सार्वजनिक रूप से इसका सटीक जवाब भी दिया था। विकास के प्रति डॉ. सिंह की प्रतिबद्धता और उनकी अनेक उपलब्धियों को उन अनेक सम्मानों के माध्यम से मान्यता मिली है जो उन्हें प्रदान किए गए हैं। इनमें 1987 में पद्म विभूषण, 1993 में वित्त मंत्री के लिए यूरो मनी पुरस्कार, 1993 और 1994 में वित्त मंत्री के लिए एशिया मनी पुरस्कार और 1995 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस का जवाहरलाल नेहरू जन्म शताब्दी पुरस्कार शामिल हैं। जवाहर लाल नेहरू के बाद मनमोहन दूसरे ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के तौर पर दो कार्यकाल पूरा किया। उन्हें अपने फैसलों के लिए काफी अडिग माना जाता है। 2004 से 2014 तक, भारत दसवें स्थान से उठकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया, जिससे लाखों लोगों का जीवन स्तर सुधरा और गरीबी में कमी आई। डॉ. सिंह के दृष्टिकोण में केवल उच्च विकास नहीं, बल्कि समावेशी विकास और उस विश्वास की भी अहमियत थी जो सभी को ऊपर उठाने वाली लहरें उत्पन्न कर सके। यह विश्वास उनके द्वारा पारित किए गए विधेयकों में दिखाई देता है, जिनसे नागरिकों को भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, काम का अधिकार और सूचना का अधिकार सुनिश्चित हुआ। डॉ. सिंह की अधिकार-आधारित क्रांति ने भारतीय राजनीति में एक नए युग की शुरुआत की, जो समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर प्रदान करने का संकल्प था। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में समृद्धि और विकास की कहानी लिखी गयी। जुलाई 1991 में, डॉ. सिंह ने अपने बजट भाषण के अंत में कहा था, 'भारत का दुनिया की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उदय एक ऐसा विचार है, जिसका समय अब आ चुका है।' डॉ. सिंह को न केवल उनके विजन के लिए जाना जाता है, जिसने भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनाया, बल्कि उनकी कड़ी मेहनत और उनके विनम्र, मृदुभाषी व्यवहार के लिए भी जाना जाता है। वह एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें न केवल उन छलांगों और सीमाओं के लिए याद किया जाएगा, जिनसे उन्होंने भारत को आगे बढ़ाया, बल्कि एक विचारशील और ईमानदार व्यक्ति के रूप में भी याद किया। डॉ. सिंह के राजनीतिक जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव आये, जब सार्वजनिक तौर पर उनकी प्रतिष्ठा और उनके पद को कमतर दिखाने की कोशिश की गई। लेकिन फिर भी देश के लिए जीने और मरने की कसम खाने वाले डॉ. सिंह ने देश हित में अपमान के ये घूंट भी चुपचाप पी लिए। डॉ. मनमोहन सिंह को एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर भी कहा गया। 2019 में इसी नाम से फिल्म आई। यह संजय बारू की किताब पर बनी थी। डॉ. सिंह देशहित में नीतियां बनाने एवं राजनीति की नयी दिशाएं तलाशने में माहिर थे, उनका जीवन सफर राजनीतिक आदर्शों की ऊंची मीनार हैं, राजनीति का एक प्रकाश है। उनका निधन एक युग की समाप्ति है। वे गहन मानवीय चेतना के चितेरे जुझारु, नीडर, साहसिक एवं प्रखर व्यक्तित्व थे। बेशक डॉ. सिंह अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन अपने सफल राजनीतिक जीवन के दम पर वे हमेशा भारतीय राजनीति के आसमान में एक सितारे की तरह टिमटिमाते रहेंगे। भारतीय राजनीति में सादगी, कर्मठता, ईमानदारी एवं राजनीतिक कौशल से अपनी जगह बनाने वाले एवं निरन्तर चमत्कार घटित करने वाले डॉ. सिंह अपनी प्रभावी एवं शालीन भूमिका से देश की आर्थिक मजबूती की एक बड़ी उम्मीद बने थे। उनका समूचा जीवन राष्ट्र को समर्पित एक जीवन यात्रा का नाम है- आशा को अर्थ देने की यात्रा, ढलान से ऊंचाई की यात्रा, गिरावट से उठने की यात्रा, मजबूरी से मनोबल की यात्रा, सीमा से असीम होने की यात्रा, जीवन के चक्रव्यूहों से बाहर निकलने की यात्रा। मन बार-बार उनकी तड़प को प्रणाम करता है। उस महापुरुष के मनोबल को प्रणाम करता है! **–ललित गर्ग**

# मोबाइल, इंटरनेट अति उपयोगी पर मानसिक, शारीरिक व्याधियों का बड़ा कारण

**संजीव ठाकुर**

मोबाइल इंटरनेट वर्तमान युग में अत्यंत उपयोगी है इसके बिना शिक्षा स्वास्थ्य तकनीकी में कार्य नहीं किया जा सकता है पर दूसरी तरफ मनुष्य के मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव भी मोबाइल इंटरनेट और कंप्यूटर से पड़ने लगा है। टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट के अविष्कार के बाद मानवीय संचार माध्यम के अविष्कार के बाद संचार विज्ञान के इतिहास में अत्यंत समीचीन तथा भविष्य का एक तूफानी विकास है। विभिन्न संचार माध्यमों के आपस में जुड़े कंप्यूटर एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का समूह कंप्यूटर नेटवर्क कहा जाता है, और इन्हीं कंप्यूटर नेटवर्क का विश्व स्तरीय अंतरजाल को अंग्रेजी में इंटरनेट कहा जाता है। अमेरिका में एक दूसरे के सूचना माध्यमों को जोड़कर जानकारी गुप्त रूप से आदान-प्रदान करने के लिए 1969 में अमेरिका में कंप्यूटर में 'अपारनेट' की स्थापना की गई थी। इसी परिकल्पना के साथ कंप्यूटर नेटवर्क, आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क इंटरनेट के रूप में परिवर्तित हो गया। इंटरनेट का सार्थक उपयोग समाज में शिक्षा संगठन और भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण पॉजिटिव ट्रैक होने के साथ एक चमत्कारिक परिवर्तन समाज में आया है। आज लोगों के शौक खेलना, पढ़ना ,संगीत सुनना, चित्र बनाना ,फोटोग्राफी परिवर्तित होकर 90% लोगों के इंटरनेट सर्फिंग, संगीत सुनना और चित्र बनाने जैसे शौक इंटरनेट से मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से पूरे किए जा रहे हैं। विश्व में जनसंख्या के हिसाब से 4 अरब लोग इंटरनेट कंप्यूटर तथा मोबाइल के माध्यम से सुबह शाम इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय परिपेक्ष में 135 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या वाले देश में लगभग 40% लोग मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग कर एक दूसरे से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इंटरनेट एक ऐसा सेवक है जो मोबाइल के माध्यम से आपके सभी आदेशों का पालन करने के लिए दिन रात उपलब्ध है। मोबाइल और कंप्यूटर में उपयोग होने वाला इंटरनेट एक ऐसा अंतरजाल है जिस का आविष्कार सूचनाओं को साझा करने के उद्देश्य किया गया था और अब सूचना प्रौद्योगिकी के इस वर्तमान काल में दस्तावेजों एवं धोनी माध्यम के साथ वीडियो का आदान प्रदान करना भी इंटरनेट के माध्यम से संभव हो गया है। हवाई जहाज की, होटल की, किताबों की और व्यापार बढ़ाने की योजनाओं की बुकिंग इंटरनेट द्वारा घर बैठे कंप्यूटर या मोबाइल से किया जा सकता है। सरकार की प्रशासनिक कार्यों से लेकर व्यापार ,शिक्षा के नव अवसर भी इंटरनेट के माध्यम से पूर्ण किए जाने लगे हैं। इंटरनेट ने पूरे विश्व को एक दूसरे के एकदम करीब लाने के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी में एक चमत्कारिक परिवर्तन लाया है। भारत में इस इंटरनेट या अंतरजाल ने जहां पूरे भारत को एक करके रख दिया है वहीं दूसरी तरफ इंटरनेट की सेवाएं जो एयरटेल आइडिया, डोकोमो, टाटा,जिओ और बीएसएनएल जैसी कंपनियां भारतीय उपभोक्ताओं को शहर से लेकर गांव तक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। दूसरी तरफ पूर्व में जहां गरीब उपभोक्ता ?10 से लेकर ?100 तक आसानी से रिचार्ज करा लिया करता था ,अब इंटरनेट की कंपनियां ?200 से लेकर ?1000 तक बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट की सुविधा भी साथ में उपलब्ध करा रहे हैं जो सीधे-सीधे आम उपभोक्ता के लिए उनकी आर्थिक स्थिति में सेंध मारने जैसा कार्य है। हालांकि यह सेवाएं स्वैच्छिक हैं, उपभोक्ता इंटरनेट की सेवाएं लेना चाहे तो ले अन्यथा केवल बातचीत करने की सेवाएं सी ले सकता है,पर एक बार इंटरनेट इस्तेमाल करने की आदत पड़ने के बाद उपभोक्ता इसका आदी होने लगता है।अब स्थिति यह है कि सीधा 28,58,89 दिनों के लिए इंटरनेट के साथ बात करने की सुविधा महंगी दरों में उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे गरीब उपभोक्ता की जेबों में हमला कर उनका मासिक बजट बिगाड़ने का काम हो रहा है, इस तरह से बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट भी दिया जाना भारत के ग्रामीण क्षेत्र में गरीब व्यक्ति को और भी गरीबी के दलदल में धकेलने जैसा ही है। यह सभी कंपनियों का गरीब उपभोक्ता के जेबों में सीधे-सीधे पैसे निकालने का सुनियोजित षड्यंत्र की तरह कर रहीं है। भारत के हर तीसरे व्यक्ति के पास एंड्राइड या स्मार्टफोन उपलब्ध है और यह बड़ी कंपनियां हर माह इन उपभोक्ताओं को आवश्यक रूप से इंटरनेट उपलब्ध कराने के पैकेज देकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास कर रही है, इस पर प्रभावी नियंत्रण अति आवश्यक है।

## सेहत मंत्र

# चिकन, मीट और अण्डे से भी काफी ज्यादा शक्तिशाली है मूंगफली, तेजी से बढ़ता है वजन


अगर किसी व्यक्ति को अपनी बॉडी बनानी हो या फिर वेट गेन यानि कि वजन बढ़ाना हो तो सबसे पहले मीट, किचन और अण्डा खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन आपको बता दें कि सर्दियो में मिलने वाली मूंगफली इतनी शक्तिशाली और पोषक तत्वों से भरपूर होती है कि इसे सेहत का खजाना कहा जाता है। मूंगफली में मीट, किचन और अण्डे की तुलना में काफी ज्यादा प्रोटीन, विटामिन्स और अन्य ऐसे तत्व होते हैं जिनकी हमारे शरीर को जरूरत होती है। वजन बढ़ाने, शरीर की कमजोरी को दूर करने और चेहरे पर निखार लाने के लिए भी मूंगफली के सेवन की सलाह दी जाती है। आइए जानते हैं हम किस आधार पर मूंगफली को इतना पावरफुल बता रहे हैं। मूंगफली में मांस की तुलना में 2.3 गुना और अण्डे की तुलना 2.5 गुना और फलों की तुलना में 7 गुना अधिक प्रोटीन होता है। 100 ग्राम कच्ची मूंगफली खाना, एक लीटर दूध पीने के बराबर होता है। मूंगफली खाने से पाचन शक्ति बढ़ती है और हमारी पाचन क्रिया दुरस्त भी होती है। 250 ग्राम भुनी हुई मूंगफली खाने से हमारे शरीर को जितने खनिज और विटामिन्स मिलते हैं उतने 250 ग्राम चिकन खाने से भी नहीं मिलते हैं। मूंगफली में न्यट्रीशन्स, मिनिरल्स, विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। मूंगफली हमारे खराब कोलेस्ट्राल को अच्छे कोलेस्ट्राल में बदलती है। मूंगफली में जितना प्रोटीन और एनर्जी होती है उतनी अण्डे में भी नहीं होती है। मूंगफली में पाया जाने वाला प्रोटीन दूध से मिलता है और चिकनाई घी से मिलती है। अकेली मूंगफली दूध, घी और बादाम की कमी को पूरा कर देती है। इसे गरीब का बादाम कहा जाता है। मूंगफली खाने से शरीर गर्म रहता है और फ़ेफड़ों को बल मिलता है। खाने के बाद इसका सेवन करने से पाचन तंत्र अच्छा होता है और मोटापा कमजोर इंसान हेल्दी होता है। श्वास के मरीजों के लिए भी मूंगफली खाना फायदेमंद होता है। मूंगफली गर्म होती है इसलिए जिन लोगों को गर्म चीज खाने से परेशानी होती है वो इसका कम सेवन करें।

## धर्म मंत्र

# सर्वोच्च कौमारी तीर्थ कामाख्या मंदिर में छिपा है अनोखा रहस्य

ऐसी मान्यता है कि नवरात्रि में देवी की पूजा करने से मनचाहा फल मिलता है। इस अवधि में भक्त नौ दिन तक व्रत रखते हैं और मां की पूजा करने मंदिरों में जाते हैं। नवरात्रि में शक्ति पीठ के दर्शन करना भी अत्यंत शुभ माना जाता है। देवी के कुल 51 शक्तिपीठ बताये गए हैं जिनकी अलग-अलग महिमा है। इसमें से सबसे खास है देवी कामाख्या का शक्तिपीठ जो असम के गुवाहाटी में स्थित है। यह मंदिर एक पहाड़ी पर बना है। बताते हैं यह स्थान देवी के अन्य शक्तिपीठों से अलग है, क्योंकि यहां साधना के लिए तांत्रिकों का भी हुजूम उमड़ता है। कामाख्या मंदिर असम की राजधानी दिसपुर के पास गुवाहाटी से 8 किलोमीटर दूर कामाख्या से दस किलोमीटर आगे नीलाचल पर्वत पर स्थित है। मान्यता है कि प्राचीन तीर्थ कामाख्या तंत्र सिद्धि का सर्वोच्च स्थल है। यहां भगवती की महामुद्रा जिसे योनि-कुण्ड कहते हैं स्थित है। जानें अम्बूवाची पर्व के बारे में: जिस प्रकार उत्तर भारत में कुंभ महापर्व का महत्व होता है, उससे भी बढ़ कर आद्यशक्ति के अम्बूवाची पर्व का महत्व होता है। पौराणिक किवदंतियों के अनुसार अम्बूवाची पर्व के दौरान मां भगवती रजस्वला होती हैं और उनकी गर्भ गृह स्थित महामुद्रा योनि-तीर्थ से निरंतर तीन दिनों तक जल-प्रवाह के स्थान से रक्त प्रवाहित होता है। यह एक रहस्यमयी विलक्षण तथ्य है। कामाख्या तंत्र के एक श्लोक में इसा विवरण इस तरह दिया गया है योनि मात्र शरीराय कुंजवासिनि कामदा। रजोस्वला महातेजा कामाक्षी ध्येताम सदा? अम्बूवाची योग पर्व के दौरान मां भगवती के गर्भगृह के कपाट स्वत ही बंद हो जाते हैं और उनका दर्शन भी निषेध हो जाता है।

## पर्यटन



# काफी पुराना मगर बेहद खूबसूरत शहर प्लोवदीव

यूरोप के सबसे पुराने शहरों में से एक प्लोवदीव सोवियत इतिहास की छाया से निकल कर 2019 में यूरोप की सांस्कृतिक राजधानी के रुप में दुनिया भर का ध्यान खींचने के लिए तैयार हैं। बालाबानोव हाउस- पहली नजर में प्लोवदीव शहर यूरोप के अन्य पूर्व सोवियत शहरों में अलग नहीं दिखता-विशाल अपार्टमेंट ब्लॉक्स, चौड़े परेड मार्ग, विशाल मूर्तियां यहां भी हर ओर नजर आती है। लेकिन दक्षिण बुल्गेरियाई शहर यूरोप के सबसे पुराने शहरों में से एक है। जमीन में दवा ऐतिहासिक स्टेडियम- इस इलाके का वास्तव में बड़ा ऐतिहासिक महत्व है। पैदल चलने के लिए बने लंबे मार्ग के आस-पास विशेष दुकानें हैं परंतु इस इलाके की जमीन के नीचे दूसरी शताब्दी का 180 मीटर लंबा रोमन स्टेडियम छुपा है। यहां स्थित उस प्राचीन स्टेडियम के अवशेषों को भी देख सकें। जहां से उम्मान काल की जुमाया मस्जिद की मीनार शुरू होती है उससे ठीक उल्टी तरफ टूरिस्ट भूमिगत स्टेडियम में बैठने के लिए बनी सीढ़ियो तक जा सकते हैं। दिलचस्प स्ट्रीट आर्ट- शहर का एक अन्य आकर्षण यहां का पुराना ऐतिहासिक केंद्र है जिसे स्थानी लोग स्लीपिंग ब्यूटी(सोई हुई सुंदरता) भी पुकारते हैं। यह स्थान किसी संग्रहालय जैसा प्रतीत होता है। राजसी बंगले- सुंदर होटलों के करीब से घूमते हुए आप व्यापारिक परिवारों के खूबसूरती से रंगे राजसी बंगलों तक पहुंच जाएंगे। इसमें सबसे मशहूर है बालाबानोव हाउस। मैदान को घेरे मोटी दीवारों के अंदर फव्वारों तथा सुंदर बागों से घिरा आवास है। रोमन थिएटर- बालाबानोव हाउस से थोड़ी दूरी पर रोमन थिएटर है जो यहां की अन्य सुंदर इमारतों से किसी मायने में कम नहीं है। यह थिएटर ओपेरा व संगीत समारोहों के लिए एकदम परफ़ेक्ट है।

# धनुष यज्ञ में टूटा शिव धनुष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। कस्बा मसौली मोहल्ला कटरा राम चबूतरा पर में चल रही रामलीला (धनुषयज्ञ) के तीसरे दिन सीता स्वयंबर व धनुष भंग लीला का अवधराम से पधारे कलाकारो मंचन किया गया , सीता स्वयंबर में आये रावण और बाणासुर में जमकर वाक युद्ध हुआ, जिसमें रावण के शास्त्र ज्ञान को बाणासुर ने बड़ी ही निपुणता से तर्क पूर्ण संवाद कर उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया। रावण- बणासुर के वाकयुद्ध का दर्शकों ने भी आनन्द उठाया।

सीता के योग्य वर न मिलने पर पिता के रूप में राजा जनक के करूण विलाप ने दर्शकों अश्रुपूरित कर दिया ᵕ गुरू बिस्वामित्र का आदेश प्राप्त कर भगवान राम ने जैसे ही शिव धनुष का खण्डन किया तो समूचे दर्शक दीर्घा में जय श्रीराम का उद्घोष गूंजने लगा । भगवान शिवशंकर के धनुष के खण्डन की आवाज़ सुनकर पहुँचे परशुराम के क्रोध को देखकर सभी भयभीत हो गये ।लक्ष्मण जी द्वारा परशुराम के क्रोध का सामना किया गया, परशुराम और लक्षमण में हुए वाक युद्ध में दर्शक काफी

## लखन परशुराम संवाद ने मोहा श्रोताओं के मन

रोमांचित हुए, दर्शकों द्वारा परशुराम और लक्ष्मण के बीच हुये बीररस, और श्रंगार रस के वाक युद्ध के दौरान प्रांगण में तालियाँ गूँजती रही । भगवान राम के समक्ष अपने भाई की प्राणों की रक्षा हेतु किये गये करुण विलाप ने उपस्थिति जनमानस को करुण रस में डुबा दिया । मानव रूप में भगवान का अपने अनुज भाई के प्रति विलाप की स्थिति देख कर ऐसा अहसास नहीं रहा कि यह की यह लीला का मंचन हो रहा है । उपस्थित प्रबुद्ध जनमानस अश्रु पूरित हो उठा। रामलीला के आयोजक समित की ओर से एव लोगो द्वारा आरती उतारी गई। इस मौके पर अध्यक्ष विपिन मौर्या उपाध्यक्ष प्रेमनन्द वर्मा कोषाध्यक्ष देवीशंकर सोनी महामंत्री उदित नारायण मौर्या रवि अवस्थी संचालक मंगल अवस्थी अमित अवस्थी डा.सत्रोहन लाल विश्वकर्मा रामदेव मौर्या राम चरित वर्मा ऋषिराज वर्मा विन्देश्वरी वर्मा छोटक महाराज सहित तमाम दर्शक मौजूद रहे ।

# जिलाधिकारी ने सुनी जन शिकायतें, घटिया सामग्री प्रयोग पर लगाई फटकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को थाना घुंघटेर और बड्डूपुर में आयोजित समाधान दिवस में प्रस्तुत दो शिकायतों का तत्काल निस्तारण हुआ।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं पूरे मनोयोग से सुना। थाना घुंघटेर में कुल छः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें से दो प्रकरणों का निस्तारण तुरंत हो गया बाकी प्रकरणों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम भेजी गई।वही थाना बड्डूपुर में कुल आठ प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें दो का मौके पर निस्तारण किया गया।

थाना घुंघटेर के बड़खेरिया निवासी हरिप्रसाद पुत्र भुल्लू ने अपनी पुस्तैनी भूमि पर बने मकान के सामने चक मार्ग और खलिहान की भूमि पर जबरदस्ती गांव की विपक्षी उर्मिला पत्नी स्वर्गीय रामलखन के द्वारा कब्जा और मकान बनाने की नियत को लेकर प्रार्थना पत्र दिया साथ ही बताया कि जब वह इसका विरोध करते है तो विपक्षी द्वारा उन्हें भद्दी भद्दी गालियां और जान से मारने की धमकी दी जाती है। जिलाधिकारी ने राजस्व टीम को निर्देशित किया कि तुरंत चकमार्क और खलिहान की भूमि को कब्जा मुक्त कराए।

थाना घुंघटेर के दिकोलिया निवासी मालती देवी पत्नी राजेश कुमार ने बताया कि वह अपने पुत्र आदर्श की धनतिया कराने बीते 15 नवंबर को पूरे परिवार सहित ससुराल गई थी मौका पाकर विपक्षी राजेन्द्र प्रसाद पुत्र राम आसरे ने मेरे खेत के हिस्से की बुआई करा ली ,वापस लौटने पर मुझे जानकारी हुई तो राजेन्द्र प्रसाद से पूछने लगी तो वह झगड़ा फसाद पर अमादा हो गये।जिसको लेकर बीती 16 नवंबर और 23 नवंबर को थाने में प्रार्थना पत्र भी दिया था परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस प्रकरण में जिलाधिकारी ने राजस्व टीम को जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए निर्देशित किया।

बीते दिनों सैंदर गांव में पैमाईश दौरान लेखपाल और कानूनगो से हुई मारपीट के बाद पैमाईश नहीं हो सकी थी जिसको लेकर सैन्दर निवासी रामबहाल ने जिलाधिकारी को पुनः प्रार्थना पत्र दिया जिसपर जिलाधिकारी ने राजस्व टीम को तुरंत मेढ़बंदी करवाने हेतु आदेशित किया।

घुंघटेर निवासी अशोक मौर्य ने थाना परिसर के पीछे बने हॉट बाजार को लेकर शिकायत कि की लाखो रुपए के निर्माण के बाद भी यहां बाजार नहीं लगती है।

ग्रामीणों को कस्बा बाबागंज जाना पड़ता है।जहां दुकानदारों को दुकान लगाने के लिए पैसे भी पड़ते है।ग्रामीणों ने थाना परिसर के पास स्थित राजकीय हाईस्कूल भवन में कमरों की खिड़कियों में सीसे न लगे होने की शिकायत की।जिसपर जिलाधिकारी ने उन्हें आश्वत कर कहा कि शीशे जल्द ही लगवा दिए जाएंगे।

### निर्माणाधीन भवन का भी किया निरीक्षण

आमजन से मिलने के बाद जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार थाना परिसर का भ्रमण के मध्य निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण भी किया। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर नाराजगी जताई, उन्होंने थाना अध्यक्ष बेचू सिंह यादव को निर्देशित किया कि इस प्रकार की सामग्री कदापि प्रयोग न होने दे।इनके एस्टीमेट के अनुसार कंपनी मेड सामन लगना चाहिए।

### धारा 24 ऑनलाइन कराए करें माप

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने लेखपालों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद में अगर कच्ची माप से बात नहीं बनती है तो लोगों को धारा 24 कराने के लिए कहे। बल्कि तुरंत धारा 24 के लिए ऑनलाइन आवेदन कराएं और जल्द से जल्द माप कर दे।इस दौरान पर कानूनगो कैलाश बहादुर, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी निरीक्षक घुंघटेर बेचू सिंह यादव,थाना अध्यक्ष बड्डूपुर मनोज कुमार तथा क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।

# अस्पतालों के लाभ का जरिया बने आयुष्मान कार्ड

## निजी अस्पताल पीएम की मंसा पर फेर रहे पानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। बड़ी बड़ी होर्डिंगो को लगाकर आयुष्मान कार्ड धारको का मुफ्त इलाज का दावा करने वाले अस्पतालो मे आयुष्मान कार्ड धारको से किस कदर वसूली होती है जिसका ताजा उदाहरण ग्राम लक्षबर बजहा स्थित सिटी हास्पिटल मे देखने को मिला जहां पर पथरी का आपरेशन कराने आई आयुष्मान कार्ड धारक महिला से रुपया लेने के बावजूद भी डॉक्टरों की लापरवाही के चलते महिला की मौत हो गयी।मृतका के देवर ने थाना सफदरगंज मे तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियो को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान योजना का संचालन किया है जिसमे अस्पताल मे भर्ती होने वाले प्रत्येक सदस्यों को 5 लाख रुपये तक का फ्री इलाज होता है आयुष्मान कार्ड के तहत इलाज देने के लिए नामांकित अस्पताल बड़ी बड़ी होर्डिंग लगाकर बेहतर सुविधा देने का वादा करते है लेकिन अस्पताल मे मरीज के भर्ती होते ही रुपये की मांग शुरु हो जाती है। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लक्षबर बजहा स्थित सिटी हॉस्पिटल में देखने को मिला जहां आयुष्मान कार्ड धारक महिला की इलाज मे बरती गयी लापरवाही से जान चली गयी ।

जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लापुर निवासी महिला कलावती पत्नी ब्रजेश कुमार के पथरी होने पर सिटी हॉस्पिटल लक्षबर बजहा मे भर्ती कराया महिला को ओटी मे ले जाने के बाद 25 हजार रुपये की मांग और 10 हजार लेने के बाद और पैसे की मांग की परेशान परिजन 15 हजार का इंतजाम करते उससे पूर्व ओटी मे ही डाक्टरों की लापरवाही के कारण कलावती की मौत हो गयी। मृतका के देवर दीपराज ने थाना सफदरगंज मे डाक्टरों की लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# आकांक्षी विकासखंड पूरेडलई, बाराबंकी को नीति आयोग से मिला डेढ़ करोड़ रुपए का पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा 500 आकांक्षात्मक विकास खंडों का चयन किया गया है। जिसमें जनपद बाराबंकी के दो आकांक्षात्मक विकास खण्ड निंदुरा व पूरेडलई है। नीति आयोग द्वारा पांच विषयगत क्षेत्र यथा स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं संबंध सेवाएं, आधारभूत अवसंरचना तथा सामाजिक विकास से संबंधित निर्धारित 40 इंडिकेटर के आधार पर त्रैमास जून 2024 की डेल्टा रैंक जारी की गई है। बेहतर प्रदर्शन के लिए आकांक्षात्मक विकासखंड पूरेडलई को डेढ़ करोड़ रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया है। आकांक्षी विकासखंड पूरेडलई ने नीति आयोग की आकांक्षी ब्लॉक योजना के तहत अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन और समग्र विकास में योगदान के लिए सम्मान प्राप्त किया है। यह पुरस्कार पूरेडलई को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, बुनियादी सुविधाओं और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया है।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने इस अवसर पर कहा है कि ''यह पुरस्कार सभी के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। हमारी टीम ने जमीनी स्तर पर बदलाव लाने और आम जनता को लाभ पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत की है। यह सम्मान हम सभी के लिए गर्व का क्षण है मुख्य विकास अधिकारी अ.सुदन ने कहा की ''नीति आयोग की आकांक्षी विकासखंड योजना का उद्देश्य पिछड़े विकासखंड के विकास को तेज करना है । पूरेडलई ने इस योजना के तहत कई मापदंडों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए अन्य ब्लॉकों के लिए उदाहरण स्थापित किया है। खंड विकास अधिकारी शिवजीत ने कहा है कि यह पुरस्कार टीम वर्क का परिणाम है, जिसमें डीएम सर का मार्गदर्शन, सीडीओ सर का नेतृत्व के साथ साथ, अन्य विभागों, सीएम फ़ेलो और ब्लॉक के कर्मचारियों का सहयोग रहा है। यह पुरस्कार न केवल सभी का उत्साह बढ़ाएगा बल्कि विकास के नए आयाम को प्राप्त करने के लिऐ प्रेरित करेगा।

### कंटेनर ट्रक में भिड़ंत, दो की हालत गंभीर

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर अहमदपुर चौकी क्षेत्र गांव पूरे कोट मजरे छंदवल के पास राजमार्ग पर मरम्मत के कारण ट्रैफिक वन वे है। टांडा से सीमेन्ट का केमिकल लेकर लखनऊ जा रहे एक कंटेनर को बाराबंकी की ओर से आ रहे ट्रक से शनिवार भोर लगभग 4 बजे टकरा गया। ट्रक हाईवे से पूरेकोट लिंक मार्ग पर पलट गया और पूरेकोट गांव जाने वाला मार्ग बन्द हो गया।कंटेनर चालक विजेन्द्र कुमार थाना अदलहट जनपद मिर्ज़ापुर को मामूली चोटें आयीं वहीं दूसरी ओर ट्रक चालक पुष्पेन्द्र कुमार 28 व परिचालक अभिषेक कुमार 24 निवासी उत्तर पारा मोहनलालगंज रायबरेली, घायल हो गए । सूचना पा कर घटना स्थल पर अहमदपुर चौकी की पुलिस ने पहुंचकर दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी बनीकोडर भेजा गया।

### अनियंत्रित कार ट्रक में घुसी दो लोगों की मौत

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ -महमूदाबाद मार्ग पर थाना क्षेत्र में सागर पब्लिक स्कूल के निकट एक कार अनियंत्रित हो सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई। बहराइच जनपद के थाना हर्दी निवासी आनंद वाजपेई शनिवार को लखनऊ जा रहे थे।कार में उनके साथ गांव के चालक नीरज तिवारी ,राम प्रसाद व सतीश तिवारी भी बैठे थे। बताया जाता है कि सड़क पर मिट्टी पड़ी थी। सुबह बूंदा-बांदी होने से कीचड़ हो गया था।जिससे कार मोड़ पर अचानक फिसलने से अनियंत्रित हो गई।हादसे कार सवार सभी चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लखनऊ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया।जहां पर इलाज के दौरान नीरज तिवारी और एक अन्य साथी की मौत हो गई।

बताया जाता है कि इन दिनों क्षेत्र में मिट्टी खनन होने से लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग डंपर दिन रात दौड़ रहे हैं।डंपरों के निकलने से मिट्टी सड़क पर गिर रही है। शनिवार बूंदा-बांदी होने से सड़क फैली मिट्टी कीचड़ में तब्दील हो गई।जिसके चलते मोड़ पर कार फिसलने से हादसा हुआ।चार दिन पहले कुर्सी के दारापुर चौराहे पर बाइक सवार कीचड़ में फिसलने से मैजिक से जा टकराया था।जिसकी इलाज़ के दौरान मौत हो गई थी। बड्डूपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कार अनियंत्रित होकर ट्रक से जा टकराई।हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है परिजनों द्वारा अभी तहरीर नहीं दी गई है तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आज 5 बजे शाम तक ठप्प रहेगी बिजली

**सिद्धौर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर टाउन की विद्युत सप्लाई आज रविवार को दिन में साढ़े 11बजे से शाम पांच बजे तक ठप रहेगी।उक्त जानकारी देते हुए जेई दयाल चंद ने बताया कि 11हजार विद्युत लाइन के तार एनसीसी फर्म द्वारा बदले जाएंगे जिसकी वजह से उक्त समय अवधि में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

### कैंप लगाकर, सुनी उपभोक्ताओं की समस्या, समाधान

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के कस्बा खजुरी में शनिवार को अवर अभियंता राज मौर्य के नेतृत्व में एकमुश्त समाधान योजना को लेकर कैंप लगाया गया। सिरौलीगौसपुर विद्युत केंद्र पर अधिशासी अभियंता दिलीप कुमार यादव ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओटीएस में ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं का विद्युत बकाया जमा करवाएं और गांव-गांव में कैंप लगाए कैंप का प्रचार प्रसार करें। कैम्प में 6 लाख 25 हजार का बकाया जमा किया गया तथा बकाय न जमा करने पर 90 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। कैम्प में 116 उपभोक्ताओं ने ओटीएस योजना में लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया।कई उपभोक्ताओं का बिल संसोधन किया गया। कैम्प में विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं को छूट से संबंधित जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं से अपील किया कि सरकार द्वारा लाई गई एक मुश्त समाधान (ओटीएस) योजना का लाभ ले।और अपना बकाया जमा करें।

### बढ़ती ठंड प्रशासन ने बांटे कबल

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बढ़ती ठंड को देखते हुए तहसील प्रशासन ने ग्राम बांसा, सिसवारा एव धरौली में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देशानुसार पर शनिवार को हल्का लेखपाल राजेश तिवारी ने बांसा, सिसवारा, रहरामऊ एव धरौली के जरूरतमंद लोगों को कंबल भी वितरित किए। इस मौक़ेपर भारतीय किसान यूनियन भानू के ब्लॉक अध्यक्ष राहुल गुप्ता. वह ग्राम पंचायत रोजगार सेवक मिथिलेश कुमार वर्मा रामलाल आदि लोग मौजूद रहे।

### थाना दिवस में आए साथ प्रार्थना पत्र, दो शिकायतें निस्तारित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली बदोसराय परिसर में थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस नायब तहसीलदार सिरौलीगौसपुर श्वेताभ सिंह की अध्यक्षता व वरिष्ठ उपनिरीक्षक रंजीत सिंह के संयोजन में हुआ। जिसमें कुल 7 प्रार्थना पत्र आये।दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण भी किया गया।शनिवार को कोतवाली बदोसरांय के सभाकक्ष में सम्पूर्ण समाधान दिवस श्वेताभ सिंह नायाब तहसीलदार की अध्यक्षता में हुआ जिसमें कुल 7 प्रार्थना पत्र आये। जिसमें 2 पुलिस से सम्बन्धित मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। अन्य मामलों पुलिस और राजस्व की टीम मौके पर भेजी गई है।दिवस में राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार, लेखपाल प्रदीप कुमार वर्मा शुभेन्द्र अवस्थी, महेंद्र जसवाल, सन्दीप वर्मा, उपनिरीक्षक सालिक राय, विनय कुमार वर्मा ऋतुराज सिंह आदि उपस्थित रहे।

### फ्लाईओवर निर्माण के कई महीने बाद भी सेतु निगम जीने के निर्माण में कर रहा , टालमटोल

बिजनौर। पैसा होने के बाद भी नजीबाबाद शहर में बनाये गए फ्लाईओवर ब्रिज में जीने का निर्माण और विद्युतीकरण न कराए जाने के संबंध में क्षेत्रीय विधायक ने उप परियोजना प्रबंधक से वार्ता की है जिस पर उन्होंने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने शनिवार को नजीबाबाद से सपा विधायक तसलीम अहमद को दिए एक ज्ञापन में अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश सेतू निगम लिमिटेड द्वारा वर्ष 2012 मे रेलवे क्रॉसिंग संख्या 484 जलालाबाद तथा रेलवे क्रॉसिंग संख्या 480 गढ़मलपुर में फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया था परंतु उस समय लाखो की धनराशि होने के बावजूद एक सिरे से दूसरे सिरे को जाने के लिए जीने का निर्माण नहीं कराया गया जिससे मानव के जीवन से खुलेआम खिलवाड़ किया गया है। इस बारे में जब-जब सेतु निगम को अवगत कराया गया तो सेतु निगम के उच्च अधिकारियों ने टालमटोली की नीति अपनाते हुए कहा कि जीने का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग कराएगा।

# पुलिस ने तीन महिला तस्करों को किया गिरफ्तार, 75 लाख का स्मैक बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। घर की खिड़की से नसे का अवैध कारोबार करने वाली तीन महिला तस्करों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया हैं। उनके पास से 75 लाख रुपये कीमत की अवैध स्मैक बरामद हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि 28 दिसंबर को थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला कोटवा सड़क निवासी मीना, रोशनी और कुमारी शिवानी के पास से 750 ग्राम अवैध स्मैक व 5,170 रुपये बरामद हुआ है। तीनों आरोपित महिलाओं के खिलाफ थाना रामसनेहीघाट पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।पूछताछ में पता चला है कि इनका परिवार मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त है। मीना के पति जय प्रकाश पाठक उर्फ किन्नी व पुत्र शिवम पाठक उर्फ गोलू को मादक पदार्थ तस्करी में न्यायालय द्वारा 10-10 वर्ष का कठोर कारावास व 01-01 लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया जा चुका है। दूसरा पुत्र सत्यम पाठक मादक पदार्थों की तस्करी के अभियोग में जिला कारागार बाराबंकी में निरुद्ध है। गिरफ्तार दिवाकर अवैध स्मैक खरीदकर ग्राहकों को चोरी छिपे घर की खिड़की से बेचती थीं।

# राजस्व विभाग की मनमानी अनशन पर बैठे पट्टा धारक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बेलहरा बाराबंकी। पट्टे की जमीन पर कब्जा न होने के कारण कई किसान जनपद के गन्ना संस्थान में धरने पर बैठे हुए है। जिसमें एक किसान की तबियत खराब होने पर उसे घर भेज दिया गया था। जिसकी शुक्रवार की रात मौत हो गयी। परिजनों ने पट्टे की भूमि पर ही शव का अन्तिम संस्कार किये जाने की बात को लेकर अड गये और अन्तिम संस्कार करने से मना कर दिया। मौके पर पहुंचे एसडीएम के लिखित आश्वासन के बाद परिजनों ने शव का अन्तिम संस्कार कर दिया।

फतेहपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम बसारी में वर्ष 1983 में 69 पट्टे किये गये थे। चकबन्दी के पश्चात इन 69 लोगो को सम्मिलित करते हुए 1995 में 83 लोगो को पट्टे किये गये थे। लेकिन 69 पट्टेधारकों में कई लोग उसमे शामिल नही हुए थे। जिसके बाद से 40 वर्षो से पट्टाधारक भूमि को अपने हक में कराने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में कई किसान गन्ना संस्थान पर धरने पर बैठे हुए है। इस बीच 17 दिसम्बर को गांव के किसान गौरी शंकर(82) की तबियत खराब होने के चलते प्रशासन ने उन्हे घर को भेजवा दिया था। शुक्रवार की रात हालत बिगडने पर गौरी शंकर की मृत्यु हो गयी। शनिवार की सुबह मृतक के परिजनों ने शव का अन्तिम संस्कार करने से मना कर दिया। उनके पुत्र रामतीर्थ का कहना है कि जिस पट्टे की भूमि के लिए लडते-लडते मृत्यु हो गई उसी भूमि पर शव का अन्तिम संस्कार करेंगे जिसकी लिखा पढी विधिवत होनी चाहिये। सूचना पर एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा, सीओ जगतराम कनौजिया पुलिस व राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंच गये। एसडीएम ने मृतक के परिजनों से वार्ता कर उन्हे आश्वासन दिया कि विधिक तरीके से मामले की पैरवी की जाये तो इसका निस्तारण किया जा सकता है जिसके बाद भी परिजन मानने को तैयार नही हुए इसके पश्चात एसडीएम ने लिखित आश्वासन देने पर परिजन अन्तिम संस्कार के लिए तैयार हुए। करीब 5 घंटे तक यह प्रकरण चलता रहा।

# कर्तव्य परायणता, सादगी की मिसाल थे मनमोहन : पुनिया

## पूर्व प्रधानमंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। देश के पूर्व प्रधानमंत्री और प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस जनों ने दिवंगत प्रधानमंत्री के योगदानों का स्मरण करते हुए उनके प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हे 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आयोजित शोक सभा में पूर्व सांसद डॉक्टर पी.एल. पुनिया ने दिवंगत प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के योगदानों पर चर्चा करते हुए कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह का जीवन संघर्ष, सम्पर्ण, और सादगी की मिशाल था। उन्होंने न केवल देश को आर्थिक दृष्टि से मजबूत किया बल्कि वैश्विक मंच पर देश के प्रतिष्ठा को भी बढ़ाया। उनकी सोच और दूरदर्शिता ने देश को 1991 के आर्थिक संकट से बाहर निकालते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर किया। पूर्व सांसद श्री पुनिया ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुये कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह प्रमुख अर्थशास्त्री तथा रिजर्व बैंक के गवर्नर थे। उन्होंने 1991 में भारत के वित्त मंत्री के रूप में कार्यभार संभालते हुए आर्थिक सुधारों की नींव रखी और उनके प्रयासों ने भारत की अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा दी। वर्ष 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश को स्थिरता और प्रगति का मार्ग दिखाया उनके कार्यकाल में मनरेगा, सूचना का अधिकार और शिक्षा का अधिकार जैसे ऐतिहासिक कानून बने। आज वह हमारे बीच नहीं है वह एक महान राजनेता, विचारक, अर्थशास्त्री थे उनकी आर्थिक नीतियों ने करोड़ों भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला उनका पूरा जीवन समर्पण मेहनत और देश की सेवा का प्रतीक है। वह हमेशा देशवासियों के दिलो में जीवित रहेगे।आज हम कांग्रेस परिवार के साथ उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये उन्हे अपने दिल की गहराईयो से याद करते है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो0 मोहसिन ने दिवंगत प्रधानमंत्री डा0 मनमोहन सिंह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात कहा कि दिवंगत प्रधानमंत्री का जीवन हमे सिखाता है कि ईमानदारी, मेहनत, और दूरदर्शिता से हर मुश्किल को पार किया जा सकता है डा0 मनमोहन सिंह जी केवल एक राजनेता ही नही बल्कि भारतीय राजनीति के एक महानायक थे उन्होने कभी भी व्यक्तिगत लाभ के लिये राजनीति का सहारा नही लिया उनकी सादगी और ईमानदारी हमेशा देशवासियो के लिये प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहेगी। श्रद्धांजलि एवं शोकसभा कार्यक्रम में बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिसमें मुख्यरूप से पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया, कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, प्रवक्ता सरजू शर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, इरफान कुरैशी, अजय रावत, अजीत वर्मा, वीरेन्द्र प्रताप यादव, सै0 सुहेल अहमद, सिकन्दर अब्बास रिजवी, इजहार सिद्दीकी, फरहान किद्वाई, संजीव मिश्रा, इसरारूल हक अंसारी (नेता हैण्डलूम), कौशल किशोर, सुरेश चन्द्र वैश्वार, सना चौधरी, सोनम वैश्य, महेन्द्रपाल वर्मा सहित दर्जनो कांग्रेसजनो ने दिवंगत प्रधानमंत्री डा0 मनमोहन सिंह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## मेलबर्न टेस्ट : तीसरे दिन का खेल खत्म, नीतीश के शतक की बदौलत भारत 9 नौ विकेट पर 358 रन बनाए

एजेंसी

मेलबर्न। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। खेल खत्म होने तक भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में नौ विकेट खोकर 358 रन बना लिए हैं। युवा ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने बेहतरीन शतक जड़ा है और वह फिलहाल 176 गेंदों में 10 चौके और एक छक्के की मदद से 105 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके साथ मोहम्मद सिराज भी दो रन बनाकर नाबाद हैं। मेलबर्न में खेले जा रहे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। इस लिहाज से भारतीय टीम अभी भी 116 रन पीछे है। भारतीय टीम तीसरे दिन आज अपने कल के स्कोर 5 विकेट पर 164 रन से आगे खेलना शुरू किया। ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा ने संभलकर पारी को आगे बढ़ाया। हालांकि



पंत टीम के 191 के कुल स्कोर पर बोलैंड का शिकार बने। पंत ने 28 रन बनाए। रवींद्र जडेजा भी 221 के कुल स्कोर पर नाथन लियोन का शिकार बने। जडेजा ने 17 रन बनाए। 221 रन पर 7 विकेट खोकर भारतीय टीम मुश्किल में फंस गई थी और ऐसा लग रहा था कि भारत फॉलोआन खेलेगा, लेकिन यहां से नीतीश कुमार रेड्डी और वाशिंगटन सुंदर ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर भारत को न सिर्फ फॉलोआन से बचाया, बल्कि मैच में वापसी भी दिला दी। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर पहले पुरानी और फिर नई गेंद को भी संभलकर खेला और भारत के स्कोर को तीन सौ के पार पहुंचाया। नीतीश ने इस दौरान अपना अर्धशतक भी पूरा किया। दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। नीतीश के बाद सुंदर ने भी अर्धशतक जड़ दिया। हालांकि इसके बाद वह ऑउट हो गए। उन्होंने 162 गेंद में 50 रन बनाए। 350 के स्कोर पर भारत को नौवां झटका लगा। जसप्रीत बुमराह खाता खोले बिना आउट हो गए। इसके बाद नीतीश रेड्डी ने शानदार शतक जड़ दिया। उन्होंने 171 गेंद में चौका लगाकर शतक लगाया। यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला शतक है। इसके बाद खराब रोशनी की वजह से खेल रोका गया, लेकिन फिर बारिश शुरू हो गई जिसके चलते दिन का खेल खत्म होने की घोषणा कर दी गई। इससे पहले दूसरे दिन सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 82 रन, कप्तान रोहित शर्मा तीन, केएल राहुल 24 रन, विराट कोहली 36 रन बनाकर आउट हुए थे। ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस ने 3, स्कॉट बोलैंड ने 3 और नाथन लियोन ने 2 विकेट लिए।

## मैं पहले दो ओवर में छह सात बार कोंस्टास का विकेट ले सकता था : बुमराह

एजेंसी

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के 19 वर्ष के नये बल्लेबाज सैम कोंस्टास ने भले ही उनके स्पैल में दो छक्के लगाये लेकिन भारत के चैम्पियन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शनिवार को कहा कि उन्हें कभी लगा नहीं कि वह विकेट से दूर हैं। बुमराह ने कहझ कि चौथे टेस्ट के पहले दिन कोंस्टास से रोचक मुकाबला रहा। उन्होंने कहा कि वह पहले दो ओवर में छह सात बार उसे आउट कर सकते थे। कोंस्टास ने 65 गेंद में 62 रन बनाये और बुमराह को दो छक्के भी जड़े। टेस्ट क्रिकेट में तीन साल में पहली बार किसी बल्लेबाज ने बुमराह की गेंद पर छक्का लगाया। बुमराह ने चैनल 7 से कहा ,'' मैं चीजों को उस तरह से नहीं देखता। मैं अच्छी गेंदबाजी कर रहा हूं और नतीजे मेरे पक्ष में है लेकिन अलग अलग जगहों पर मैने बेहतर गेंदबाजी की है। क्रिकेट में यही होता है कि कई बार आपको विकेट



मिलते हैं लेकिन कई बार अच्छी गेंदबाजी करने पर भी विकेट नहीं मिलते। सब कुछ बराबर चलता है। उन्होंने कहा कि मैने 12 साल से अधिक टी20 क्रिकेट खेला है और इसका अच्छा खासा अनुभव है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में इस साल अब तक 24 विकेट ले चुके बुमराह ने कहा कि रोचक बल्लेबाज (कोंस्टास)। मुझे लगा नहीं कि मैं विकेट से दूर हूं। शुरू में मुझे लगा कि पहले दो ओवर में छह सात बार उसे आउट कर सकता हूं लेकिन क्रिकेट में ऐसा ही होता है।कई बार विकेट मिल जाती है और जब नहीं मिलती तो आप उसी व्यक्ति की आलोचना करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नयी चुनौतियों का सामना करना पसंद है। आस्ट्रेलिया में वनडे क्रिकेट में पदार्पण करने वाले बुमराह ने कहा कि यहां उन्होंने हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया में हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता रहा हूं। मैने पहली बार 2018 में यहां टेस्ट खेला था और 2016 में वनडे में पदार्पण किया। यहां काफी चुनौतियां मिलती है क्योंकि विकेट सपाट हैं और नयी गेंद से कूकाबूरा से मदद मिलती है लेकिन बाद में नहीं। उन्होंने कहा कि इसलिये आपकी सटीकता की जांच होती है। मौसम आपकी फिटनेस और धैर्य की परख करता है। एक बार इन चुनौतियों से उबरने के बाद आप बेहतर क्रिकेटर बनते हैं।

## एशियाई सफलता के बाद भारतीय युवा भारोत्तोलकों की नजरें राष्ट्रमंडल खेल 2026 क्वालीफिकेशन पर

एजेंसी

नई दिल्ली। दोहा में एशियाई युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद भारत के पदक विजेता युवाओं की नजरें नए साल में नई ऊंचाइयों को छूने पर लगी है। भारत ने 19 से 25 दिसंबर तक हुए टूर्नामेंट में 33 पदक जीते। अब खिलाड़ियों का लक्ष्य ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 2026 के लिये क्वालीफाई करना है। राष्ट्रीय भारोत्तोलन कोच और ओलंपियन मीराबाई चानू के मेंटोर विजय शर्मा ने कहा कि दोहा के प्रदर्शन से भविष्य उज्जवल रहने के संकेत मिले हैं। दोहा में पदक जीतने वाले भारत के 24 खिलाड़ियों में से 22 खेलो इंडिया से निकले थे। पूरे दल ने भारतीय खेल प्राधिकरण के पटियाला, इम्फाल और औरंगाबाद स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों में



अभ्यास किया। भावी योजना के बारे में महिला जूनियर प्लस 87 वर्ग में रजत पदक जीतने वाली मेइबाम मार्टिना देवी ने कहा, 2025 में राष्ट्रमंडल खेल 2026 के ट्रायल शुरू होंगे। अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैम्पियनशिप क्वालीफायर टूर्नामेंट है। उन्होंने कहा, इसके अलावा मैं उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में भी भाग लूंगी। पुरुषों में एनआईएस पटियाला में शिविर में भाग लेने वाले साइराज परदेशी ने कहा, मैंने 2018 में 12 वर्ष की उम्र में महाराष्ट्र में ट्रेनिंग शुरू की थी। कोरोना लॉकडाउन तक वहां अभ्यास किया और 2021 में औरंगाबाद आ गया। उन्होंने कहा, इसी साल मैं एनआईएस पटियाला आया। साइ केंद्रों का मेरे कैरियर में बहुत योगदान रहा है। चाहे अनुशासन की बात हो, खुराक, कोचों या कई अन्य पहलुओं में भी।

## महिला एशेज से बाहर हुईं ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर सोफी मोलिनक्स

एजेंसी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर सोफी मोलिनक्स इंग्लैंड के खिलाफ 12 जनवरी से शुरू होने वाले वनडे मैचों के साथ मल्टी-फॉर्मेट महिला एशेज के दौरान एक्शन में नहीं दिखेंगी। मोलिनक्स, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में मेलबर्न रेनेगेड्स को महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) खिताब दिलाया था, घुटने की समस्या से जूझ रही थीं। हाल ही में भारत के साथ सीरीज के बाद उन्हें दर्द हुआ और पिछले हफ्ते न्यूजीलैंड में तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गईं। अब उन्हें घुटने की सर्जरी करानी होगी, जिससे वह कुछ समय के लिए आराम कर सकेंगी। टीम की फिजियोथेरेपिस्ट केट बीरवर्थ ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के हवाले से कहा, ''सोफी मोलिनक्स अगले महीने अपने बाएं घुटने की सर्जरी करवाएंगी, जिसके बाद हम वापसी की अनुमानित तारीख के बारे में जानकारी देंगे। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान



एलिसा हीली भी घुटने की चोट से जूझ रही हैं, जिसके कारण उन्हें भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर बैठना पड़ा। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए लौटीं, लेकिन उन्होंने उन वनडे मैचों में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी नहीं ली - उन्होंने यह जिम्मेदारी बेथ मूनी को सौंप दी। यह देखना अभी बाकी है कि वह एशेज में यह जिम्मेदारी संभालती हैं या नहीं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की परफॉरमेंस हेड (महिला क्रिकेट) और राष्ट्रीय चयनकर्ता शॉन फ्लेगलर ने कहा, ''एलिसा हीली को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलते हुए देखना सुखद था और वह अच्छी लय में दिखीं, साथ ही कई बल्लेबाजों ने भारत के खिलाफ हाल ही में खेली गई सीरीज से अपनी मजबूत फॉर्म जारी रखी। ऑस्ट्रेलिया ने जॉर्जिया वोल को भी एशेज सीरीज के लिए पहली बार बुलाया है, क्योंकि उसने भारत के खिलाफ तीन मैचों में 173 रन बनाए थे, जिसमें एक शतक भी शामिल है। हीली के बाहर होने के बाद उसे भारत सीरीज के लिए शामिल किया गया था। फ्लेगलर ने कहा, ''हालांकि जॉर्जिया वोल न्यूजीलैंड के खिलाफ नहीं खेली, लेकिन उसने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शानदार शुरुआत की है और अपनी पहली एशेज सीरीज में जरूरत पड़ने पर वह बल्लेबाजी के लिए मजबूत विकल्प होगी। 12 से 17 जनवरी तक वनडे और 20 से 25 जनवरी तक टी20 मैचों के बाद, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड 30 जनवरी से एमसीजी में एक ऐतिहासिक टेस्ट मैच खेलेंगे। यह इस स्थल पर पहला डे-नाइट मैच होगा और 1948-49 के बाद से यहां पहला महिला टेस्ट होगा। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक इस टेस्ट के लिए टीम की घोषणा नहीं की है। ऑस्ट्रेलिया टीम (वनडे और टी20): एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस (केवल टी20), अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ (उपकप्तान), बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन स्कट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

## संक्षिप्त समाचार

### मैच के बाद कोहली और कोंस्टास की मुस्कुराती हुई तस्वीर देखकर हैरानी नहीं होगी : स्टुअर्ट क्लार्क

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट क्लार्क का मानना है कि सैम कोंस्टास भी विराट कोहली की तरह प्रतिस्पर्धी क्रिकेटर हैं और बाक्सिंग डे टेस्ट के बाद दोनों 'कंधे के टकराने' वाले मामले को हंसी में उड़ाकर तस्वीर साझा करें तो कोई हैरानी नहीं होगी। मेलबर्न में चौथे टेस्ट के दौरान कोहली जान बूझकर कोंस्टास से टकरा गए थे जिससे उन्हें मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना भरना पड़ा और आस्ट्रेलियाई प्रशंसकों की हूटिंग का भी शिकार होना पड़ा। आस्ट्रेलिया के लिये 28 टेस्ट खेल चुके क्लार्क ने कहा कि दो बेहद प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों की आपस में अच्छी छनती है। उन्होंने कहा कि कोंस्टास भी प्रतिस्पर्धी है। वह अच्छा खेलना चाहता है। उस नजरिये से यह मामला (कंधे का टकराना) अतीत की बात हो जायेगा और मुझे हैरानी नहीं होगी अगर कोहली उसे अपनी छत्रछाया में ले। क्लार्क ने कहा कि मैच के बाद दोनों इस पर हंसते हुए अपनी मुस्कुराती हुई तस्वीर साझा कर सकते हैं। वह पीछे की ओर कदम नहीं उठायेगा और न ही कोहली। कोई भी पीछे नहीं देखना चाहता। यह बस एक अच्छी घटना नहीं थी। सिडनी में कोंस्टास को बचपन से देखते आये क्लार्क ने कहा कि वह आक्रामक खिलाड़ी है और वह पारी शानदार थी। मैं देखना चाहता हूं कि वह दूसरी पारी में कैसे खेलता है। वह आक्रामक खेलता है या पारंपरिक। वॉर्नर की अपनी शैली थी और सैम की अपनी होगी। यशस्वी जायसवाल के दुर्भाग्यपूर्ण रन आउट के बारे में उन्होंने कहा ,'' मामले के दो पहलू हैं। पहला तो यह कि मुझे नहीं पता कि वहां रन था या नहीं। कोहली के वापिस जाने से मुझे कोई दिक्कत नहीं है। यह गलतफहमी थी और कोहली को इसके लिये जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

### प्रीमियर लीग : इप्सविच को हराकर दूसरे स्थान पर पहुंचा आर्सेनल

**लंदन।** आर्सेनल शुक्रवार को घरेलू मैदान पर संघर्षरत इप्सविच टाउन को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। लिआंड्रो ट्रॉसार्ड के क्रॉस के बाद काई हैवर्ट्ज़ का 23वें मिनट में किया गया टैप-इन, खेल का निर्णायक बिंदु साबित हुआ, जिसमें आर्सेनल ने शुरू से अंत तक अपना दबदबा बनाए रखा, इप्सविच ने खेल के दौरान केवल तीन शॉट ही लगाए, जिनमें से कोई भी निशाने पर नहीं लगा। हैवर्ट्ज़ ने आर्सेनल की बढ़त को दोगुना करने का मौका गंवा दिया, जबकि गेब्रियल जीसस के एक गोल को ऑफसाइड के कारण रद्द किया गया। अन्य मैचों में ब्राइटन और ब्रेंटफ़ोर्ड का मैच गोल रहित ड्रा रहा। गुरुवार को लिवरपूल ने लीसेस्टर सिटी को घरेलू मैदान पर 3-1 से हराकर अपनी बढ़त मजबूत कर ली, जबकि फुलहम ने चेल्सी को 2-1 से हराकर स्टैमफोर्ड ब्रिज पर 45 वर्षों में अपनी पहली जीत दर्ज की। नॉटिंघम फॉरेस्ट ने टोटेनहैम को 1-0 से हराकर अपना शानदार सत्र जारी रखा है, जबकि मैनचेस्टर यूनाइटेड की समस्याएं जारी हैं, क्योंकि उसे वोल्वरहैम्पटन वांडरर्स से 2-0 से हार का सामना करना पड़ा, जो इस जीत के साथ अंतिम तीन से बाहर आ गया है।

### पैरालिंपिक पदक विजेता कथूनिया ने खेल रत्न के लिए अनदेखी करने पर पैनल पर सवाल उठाए

**नयी दिल्ली।** पैरालिंपिक में दो बार के रजत पदक विजेता योगेश कथूनिया ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने लगातार प्रदर्शन के बावजूद प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार के लिए नामांकित नहीं किए जाने पर निराशा व्यक्त की। कथूनिया ने पुरस्कार चयन प्रक्रिया में पक्षपात और पारदर्शिता की कमी पर हताशा जाहिर की। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं पता कि उन्होंने क्या मानदंड निर्धारित किए हैं। मैंने फॉर्म भी भरा है। ऐसा नहीं है कि मैंने फॉर्म नहीं भरा। मैंने सब कुछ किया, लेकिन सबसे ज्यादा कुल अंक प्राप्त करने के बाद भी मुझे इस बार भी नामांकित नहीं किया गया। उन्होंने कहा, ''अगर आप 2016-2020 को देखें तो तब कोई पक्षपात नहीं होता था। कथूनिया ने कहा, ''मुझे अच्छी तरह याद है, पिछली बार मैंने अर्जुन पुरस्कार के लिए फॉर्म भी नहीं भरा था, फिर भी मुझे नामांकित किया गया। एक नीति थी कि अगर आप पैरालिंपिक या ओलंपिक में खेलते हैं और पदक जीतते हैं तो आपके नाम पर सीधे विचार किया जाएगा। आप इस बार ऐसा क्यों नहीं कर सकते? उन्होंने कहा, ''अगर आप पहले ऐसा कर सकते थे तो अब क्यों नहीं? अगर हमें पुरस्कार मांगना ही है तो खेलने का क्या फायदा? अगर हम इसके लिए भीख मांग रहे हैं तो पुरस्कार का क्या महत्व है? कथूनिया ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छह पदक जीते हैं जिसमें दो पैरालिंपिक में दो रजत, विश्व चैम्पियनशिप में दो रजत और एक कांस्य तथा एशियाई खेलों में एक रजत पदक शामिल है।

## डीजीसीए ने अकासा एयर के प्रशिक्षण और उड़ान संचालन निदेशकों को किया निलंबित

एजेंसी

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलटों के प्रशिक्षण में कथित चूक के लिए अकासा एयर के संचालन निदेशक और प्रशिक्षण निदेशक को छह-छह महीने के लिए निलंबित कर दिया है। डीजीसीए ने अपने आदेश में एयरलाइन को दोनों पदों के लिए 'उपयुक्त' उम्मीदवारों को नामित करने की सलाह भी दी है। अकाशा एयर ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि डीजीसीए ने शुक्रवार को पायलटों के प्रशिक्षण में कथित चूक के लिए उसके संचालन निदेशक और प्रशिक्षण निदेशक को 6-6 महीने के लिए निलंबित करने का आदेश दिया है। कंपनी ने जारी इस आदेश पर कहा कि वह डीजीसीए के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगी और उसके अनुरूप अनुपालन करेगी। एयरलाइन ने कहा कि सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है, हम सुरक्षा के




उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करते हैं। विमान नियामक डीजीसीए ने जारी अपने आदेश में कहा कि राकेश झुनझुनवाला परिवार की हिस्सेदारी वाली एयरलाइन के दो वरिष्ठ अधिकारी नागर विमानन से जुड़े हुए प्रावधानों का 'अनुपालन' सुनिश्चित करने में 'विफल' रहे हैं। डीजीसीए ने निलंबन आदेश में कहा कि 7 अक्टूबर, 2024 को एसएनवी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (अकासा एयर), मुंबई में किए गए नियामकीय लेखा-परीक्षण में पाया गया है कि आरएनपी प्रशिक्षण ऐसे सिम्यूलेटर पर आयोजित किया जा रहा है, जो इसके लिए योग्य नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि डीजीसीए ने अकासा एयर के परिचालन निदेशक और प्रशिक्षण निदेशक को क्रमशः 15 और 30 अक्टूबर को कारण बताओ नोटिस भेजा था। आरोपित अधिकारियों द्वारा भेजे गए जवाब को 'असंतोषजनक' पाते हुए डीजीसीए ने उन्हें छह महीने के लिए निलंबित करने का आदेश दिया है।

## कर अधिकारियों ने चेन्नई में एमएंडएम के अभिलेखों की जांच शुरू की

एजेंसी

नयी दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि तमिलनाडु में राज्य कर अधिकारियों ने चेन्नई में उसके व्यावसायिक संचालन के स्थानों में से एक पर अभिलेखों की जांच शुरू की है। एमएंडएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि सीजीएसटी अधिनियम 2017 के तहत निरीक्षण / खोज कार्यवाही के लिए आदेश अतिरिक्त आयुक्त (एसटी), इंटेलिजेंस- क्र (एफएसी), चेन्नई -6 ने जारी किया था। इसके बाद, राज्य कर अधिकारी, ग्रेड-1, इंटेलिजेंस-1, चेन्नई-6 ने चेन्नई, तमिलनाडु में कंपनी के व्यवसाय संचालन के स्थानों में से एक पर अभिलेखों का निरीक्षण शुरू किया। इसमें कहा गया है कि 26 दिसंबर, 2024 की तारीख वाले निरीक्षण/तलाशी आदेश को कंपनी के अधिकारियों को 27 दिसंबर, 2024 को दोपहर करीब 12.15 बजे दिखाया। इसमें कहा गया है, जीएसटी अधिकारियों ने अभिलेखों का निरीक्षण किया है और कुछ जीएसटी अनुपालन मुद्दों पर टिप्पणियां दी हैं और कंपनी के अधिकारियों को सुलह के लिए आवश्यक दस्तावेज जमा करने की सलाह दी है। कार्यवाही के दौरान, अधिकारियों ने कंपनी द्वारा एक विशिष्ट अवधि के लिए 'रिवर्स चार्ज' और 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' दावों के तहत भुगतान सहित वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति से संबंधित लेनदेन के रिकॉर्ड मांगे।

एमएंडएम ने कहा कि कंपनी के अधिकारियों ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों के साथ सहयोग किया और उनके द्वारा मांगे गए सभी स्पष्टीकरणों और विवरणों का जवाब दिया। कंपनी ने कहा कि वह आगे भी मांगे गए सभी आवश्यक अतिरिक्त दस्तावेज देगी। कंपनी ने कहा कि इससे उसके परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा है।

## पाम-पोमोलीन मंहगा होने, बाकी तेलों की मांग बढ़ने से अधिकांश तेल-तिलहन में सुधार

एजेंसी

नयी दिल्ली। पाम, पामोलीन मंहगा होने के बाद इसकी कमी को पूरा करने का दवाब बाकी तेल-तिलहनों पर बढ़ने के कारण शनिवार को अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। इस दौरान सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम पर्याप्त सुधार दर्शाते बंद हुए। माल नहीं खपने और आवक घटने के बीच क्रमशः मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल के दाम पूर्वस्तर पर बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि पाम, पामोलीन का दाम मंहगा होने से इन तेलों की कमी को पूरा करने का दवाब सरसों, सोयाबीन जैसे तेलों पर आ गया है। इस बढ़ती मांग के साथ साथ जाड़े की मांग बढ़ने से सरसों तेल-तिलहन कीमतों में सुधार है। सरसों की आवक भी कम हो रही है। उन्होंने कहा कि यही हाल सोयाबीन का भी है और मंडियों में सोयाबीन की भी आवक कम है। पाम-पामोलीन की कमी को पूरा करने का दवाब सोयाबीन पर भी है। लेकिन सोयाबीन के आयात में औसतन लगभग 60 दिन लगते हैं। ऐसे में आयात कौन करेगा? यही समझना होगा कि सरकारी खरीद से केवल काम नहीं चलेगा बल्कि देशी तेल तिलहनों का बाजार बनाना जरूरी है। मौजूदा समय में सरसों, सोयाबीन का बाजार खुद ब खुद बन गया है। यहीं वायदा कारोबार हो रहा होता तो सरसों के भाव में स्थिरता बनी नहीं रह पाती। सूत्रों ने कहा कि पाम, पामोलीन तेल के मंहगा होने के कारण कोई कमजोर आयवर्ग के लोग भी इसे खरीदने से परहेज कर रहे हैं। इसकी जगह जाड़े में लोग सरसों, सोयाबीन आदि खरीदना पसंद कर रहे हैं। मांग कमजोर रहने के बीच केवल पाम, पामोलीन के भाव ऊंचे बने हुए हैं लेकिन इसके लिवाल नदारद हैं। केवल भाव में तेजी है।

## सर्राफा बाजार में तेजी जारी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। सोना आज 250 से 270 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। सोने के भाव में तेजी आने की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये से लेकर 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,650 रुपये से लेकर 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज 900 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक



राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# अल्पसंख्यक मंत्रालय की वर्ष उपल्बियों में रहा वक्फ विधेयक

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने समाप्त होने जा रहे वर्ष 2024 के प्रमुख कार्यों में बहुचर्चित वक्फ अधिनियम में संशोधन का विधेयक पेश करने के साथ साथ, हज यात्रियों की सुविधा के लिये ऐप और पारसी आबादी में गिरावट रोकने की -जियो पारसी योजना के नियमों में संशोधन किये।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने आठ अगस्त को लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया। इसके बाद, विधेयक को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेज दिया गया है। जेपीसी का कार्य इस विधेयक की जांच करना तथा बजट सत्र के अंतिम दिन तक संसद को इस विधेयक पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना है।

वर्ष 2024 में मंत्रालय और उसकी एजेंसियों की उपब्लियों का ब्योरा देने वाली शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है। वर्ष के दौरान मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली एजेंसी राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 1.84 लाख से अधिक लाभार्थियों को शामिल करते हुये 765.45 करोड़ रुपये का रियायती ऋण जारी किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि एनएमडीएफसी अपनी स्थापना के बाद से 4.84 लाख से अधिक लाभार्थियों को 9,228.19 करोड़ रुपये अधिक का ऋण वितरित किया है। लाभार्थियों में 85 प्रतिशत से अधिक महिलायें हैं। एनएमडीएफसी कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत एक केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम है।

एनएमडीएफसी ने आवेदकों, एससीए और एनएमडीएफसी के बीच ऋण लेखा प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने के लिये एमआईएलएएन-मिलन (एनएमडीएफसी के लिए अल्पसंख्यक ऋण लेखा सॉफ्टवेयर) ऐप लॉन्च किया है। इसमें एनएमडीएफसी के एमआईएस पोर्टल को भी जोड़ दिया गया, जिस पर 14.57 लाख लाभार्थियों का डेटा उपलब्ध है। मिलन मोबाइल ऐप का एंड्रॉइड और आईओएस संस्करण भी शुरू किया किया गया है। निगम यह राज्य सरकारों/ केंद्र शासित क्षेत्रों के प्रशासन और केनरा बैंक द्वारा नामित राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों (एससीए) के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदायों के बीच पिछड़े वर्गों के सामाजिक-आर्थिक विकास को कर्ज सहायता देता है। कर्ज देने में व्यावसायिक समूहों और महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। हाल ही में, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक और पंजाब ग्रामीण बैंक ने भी पुनर्वित्त मोड पर एनएमडीएफसी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिये समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि वर्ष के दौरान सऊदी अरब के लोगों और वहां की सरकार के सक्रिय समर्थन और सहयोग से पिछले कुछ वर्षों में हज यात्रा प्रबंधन की एक मजबूत, प्रभावी और कुशल प्रणाली विकसित की है। हजयात्रा के अनुभव को बेहतरीन बनाने के लिये 'हज सुविधा ऐप' शुरू किया गया। यह ऐप प्रतिनियुक्ति पर तैनात अधिकारियों और खादिम-उल-हुज्जाज के लिये एक प्रशासनिक इंटरफ़ेस प्रदान करता है, वास्तविक समय की निगरानी और आपातकालीन प्रतिक्रिया में सहायता करता है। हज 2024 के दौरान, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भारतीय हज समिति और अन्य हितधारकों के साथ मिलकर हज यात्रा की सफलता सुनिश्चित करने के लिये निर्बाध सहयोग किया। यह बेहतर समन्वय और जवाबदेही भी सुनिश्चित करता है। हजयात्री प्रशिक्षण सामग्री, आवास एवं उड़ान विवरण, सामान की जानकारी, आपातकालीन हेल्पलाइन (एसओएस), शिकायत निवारण, प्रतिक्रिया, भाषा अनुवाद और यात्रा से संबंधित विविध जानकारी प्राप्त करने के लिये इस ऐप का उपयोग कर सकते हैं। इस वर्ष हज यात्रा के दौरान 9,000 से अधिक शिकायतें और 2,000 से अधिक एसओएस मामले सुलझाये गये। 4,557 से अधिक महिला हजयात्रियों ने बिना मेहरम (मेहरम के बिना महिलायें) हजयात्रा की, जो अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। इस वर्ष हजयात्रियों की सेवा के लिये प्रतिनियुक्ति पर 264 प्रशासनिक अधिकारी, 356 चिकित्सा अधिकारी, 1500 सीजनल कर्मचारी और 641 खादिम-उल-हुज्जाज तैनात किये गये थे। भारतीय हजयात्रियों के पूरे हज अनुभव को बेहतर बनाने के लिये खादिम-उल-हुज्जाज और प्रतिनियुक्ति की संख्या में काफी वृद्धि की गयी है।

हजयात्रियों को 564 हज समूह आयोजकों की ओर से भी सेवा प्रदान की गयी। चिकित्सा मिशन विशेष रूप से प्रभावशाली रहा है। इस बार 3,74,613 बीमार लोगों का उपचार किया गया, 3,51,473 ओपीडी रोगियों को देखा गया और 19,962 मोबाइल विज़िट आयोजित की गयीं। इसके अतिरिक्त, 3,178 हजयात्रियों को उपचार के दौरान देखभाल प्रदान की गयी।

सऊदी अरब में चिकित्सा मिशन के बुनियादी ढांचे में मक्का में 14 शाखा डिस्पेंसरी तथा तीन अस्पताल और मदीना में दो शाखा डिस्पेंसरी तथा एक अस्पताल शामिल थे। वहां हजयात्रियों को ले जाने के लिए 24 एम्बुलेंस चौबीसों घंटे उपलब्ध थीं। साथ ही महिला हजयात्रियों और बिना मेहरम वाले लोगों के लिए समर्पित सुविधाएं भी थीं। उच्च जोखिम वाले समूहों और अकेले हजयात्रियों के लिए एक विशेष कार्य बल तैनात किया गया था। मंत्रालय जियो पारसी योजना को को फरवरी, 2024 में संशोधित किया और इसके संशोधित दिशा-निर्देश मंत्रालय की वेबसाइट पर डाले गये हैं। 2013-14 में शुरू इस योजना का उद्देश्य वैज्ञानिक प्रोटोकॉल और विशेष कार्यक्रमों को अपनाकर पारसी आबादी की घटती प्रवृत्ति को रोकना, उनकी आबादी को स्थिर करना और भारत में पारसियों की आबादी को बढ़ाना है। विभाग प्रजनन संबंधी बीमारियों के उपचार के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पारसी दम्पतियों को उनके परिवार के आश्रित बुजुर्ग सदस्यों और बच्चों की देखभाल के लिये वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। मंत्रालय पारसी समुदाय के बीच परामर्श और समुदाय के हर व्यक्ति संपर्क के लिये गतिविधियों को प्रोत्साहित करता है।

मंत्रालय ने चिकित्सा घटक के तहत वित्तीय सहायता चाहने वाले पारसी दम्पतियों के लिये एक पोर्टल शुरू किया है। यह पोर्टल लाभार्थियों को आवेदन करने और अपने आवेदनों को ट्रैक करने की सुविधा और पहुंच प्रदान करता है।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने वर्ष 2024 के दौरान अपनी 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत 16 से 31 जुलाई तक आईएनए, दिल्ली हाट, नयी दिल्ली में 'लोक संवर्धन पर्व'आयोजित किया, जिसमें पूरे भारत के अल्पसंख्यक कारीगर शामिल हुये। इस लोक संवर्धन पर्व में विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित 162 कारीगरों द्वारा तैयार किये गये विभिन्न राज्यों के 70 से अधिक उत्कृष्ट हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान, कॉफी टेबल बुक जारी की गयी और इसके जरिये मंत्रालय की उल्लेखनीय उपलब्धियों का प्रसार किया गया। इस दौरान एनएमडीएफसी की ऋण योजना भी जारी की गयी। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र और प्रशंसा पदक प्रदान किये गये। कार्यक्रम के दौरान सिंघी छम (शेर नृत्य), मणिपुरी नृत्य, भांगड़ा और अन्य प्रदर्शनों के माध्यम से विभिन्न समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया गया।

## सोमवार को अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ने का ऐतिहासिक मिशन सिद्ध करने जा रहा है भारत


एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत इस वर्षांत पर अंतरिक्ष में छोड़े गये दो उपग्रहों को परस्पर जोड़ने का प्रयोग सिद्ध करने की तैयारी में है, जिसे स्पाडेक्स यानी अंतरिक्ष में तैरते उपग्रहों या प्रणालियों को परस्पर जोड़ कर एक करने का प्रयोग कहा जाता है।

सोमवार को सिद्ध किये जाने वाली भारतीय अंतरिक्ष डॉकिंग प्रणाली चंद्रयान4 मिशन, देश की अंतरिक्ष केंद्र स्थापित करने और अंतरिक्ष में मानव भेजने जैसी योजनाओं की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इस जटिल तकनीकी उपलब्धि को प्रदर्शित करने के लिये 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' से लैस दो उपग्रहों को प्रक्षेपित किया जायेगा। इसमें से एक 'चेज़र' (पीछा करने वाला) और दूसरा जुड़ने का 'टारगेट' (लक्ष्य) होगा। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं अंतरिक्ष विभाग के राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने यहां बताया कि इसरो का 30 दिसंबर को निर्धारित वर्ष के अंत का मिशन ऐतिहासिक होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मिशन में अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को डॉक करने या विलय करने या एक साथ जोड़ने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने की कोशिश की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट' (स्पाडेक्स) नाम दिया गया है। तक इस काम में केवल अमेरिका, रूस और चीन को महारत प्राप्त है। अंतरिक्ष विभाग की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में डॉ. सिंह के एक साक्षात्कार के हवाले से कहा गया है कि आगामी स्पाडेक्स मिशन का लक्ष्य अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को डॉक करना है, जो एक ऐसी चुनौती है जिसे केवल कुछ ही देश पूरा कर पाये हैं। यह महत्वाकांक्षी परियोजना 30 दिसंबर को स्पाडेक्स के तहत होगी। इस मिशन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली स्वदेशी तकनीक को 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' कहा जा रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि यह मिशन अंतरिक्ष डॉकिंग में महारत हासिल करने में सक्षम देशों की विशेष श्रेणी में भारत के प्रवेश को चिह्नित करेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिये पीएसएलवी रॉकेट दो उपग्रहों को प्रक्षेपित करेगा, जो देश में विकसित 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' से लैस होंगे। उन्होंने कहा कि इस मिशन की सफलता 'चंद्रयान-4' और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसे भविष्य के मिशनों के लिये महत्वपूर्ण है। यह प्रौद्योगिकी अंततः मानवयुक्त 'गगनयान' मिशन में भी काम आयेगी। विज्ञप्ति में कहा गया है इस प्रयोग में अंतरिक्ष के लगभग निर्वात परिस्थिति में, इसरो 28,800 किमी/ घंटा की गति से परिक्रमा कर रहे दो उपग्रहों को परस्पर जोड़ने का प्रयास करेगा। इसके लिये दोनों उपग्रहों को उनके सापेक्ष वेग को घटा कर मात्र 0.036 किमी प्रति घंटा तक लाने की चुनौती है 'चेज़र' और 'टारगेट' नामित दो उपग्रह अंतरिक्ष में जुड़कर एक इकाई में विलीन हो जायेंगे। स्पाडेक्स प्रयोगों के लिये इसरो पीएसएलवी के चौथे चरण, पोयम-4 का भी उपयोग करेगा। यह चरण शैक्षणिक संस्थानों और स्टार्टअप से 24 पेलोड ले जायेगा। ये प्रयोग कक्षा में सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण वातावरण का उपयोग करेंगे। इस प्रयोग में अंतरिक्ष में भ्रमण करते हुये दो उपग्रहों जुड़ने और अलग होने की क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाना है। इसमें बिजली का हस्तांतरण और वैज्ञानिक उपकरणों की संचालन प्रणालियों के प्रयोग शामिल है। इसमें दोनों उपग्रहों के परस्पर जुड़ने का सिम्युलेशन 20 किलोमीटर के मिलन चरण से शुरू होगा और तीन मीटर पर डॉकिंग के साथ समाप्त होगा।

## इसरो के अनूठे रिकॉर्ड कायम करने वाले मिशन 'स्पैडेक्स' की उलटी गिनती होगी कल से शुरू

एजेंसी



चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) वर्ष 2024 शानदाई विदाई देने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुये अपने दोहरे रिकॉर्ड कायम करने वाले 'स्पैडेक्स' अंतरिक्ष मिशन के लिए उलटी गिनती काम कल से शुरू करेगा। इसके तहत पहली अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक पर - स्पैडेक्स उपग्रह से जुड़ी डॉकिंग और अनडॉकिंग श्रृंखला है और दूसरा पीएसएलवी-सी60 प्रक्षेपण यान पर पीओईएम-4 के हिस्से के रूप में 24 वैज्ञानिक प्रयोगों का पीएसएलवी का चौथा चरण शामिल है।

पीएसएलवी-सी60 स्पैडेक्स मिशन का प्रक्षेपण 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा के पहले अंतरिक्ष बंदरगाह पर पैड से 2158 बजे निर्धारित है। पीएसएलवी मिशन के लिए उलटी गिनती का काम जो आम तौर पर 24 से 25 घंटे का होता है, कल से शुरू होने की उम्मीद है, जिसके दौरान चार चरण वाले वाहन में प्रणोदक भरने का कार्य किया जाएगा।

इसरो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रक्षेपण के करीब एक कदम और बढ़ाते हुये स्पैडेक्स के प्रक्षेपण यान के साथ दो उपग्रह एकीकृत हो गए है। कहा गया, ल्लएकीकरण मील का पत्थर है, एसडीएससी शार 'लिफ्टऑफ़' के एक कदम और करीब स्पैडेक्स उपग्रहों को पीएसएलवी-सी60 के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया है। बताया गया, पीएसएलवी-सी60 पर पहली बार पीआईएफ सुविधा में पीएस 4 (चौथे चरण इंजन) तक पूरी तरह से एकीकृत कर इसे पहले लॉन्च पैड पर ले जाया गया। इसरो अपने पहले सफल अंतरिक्ष डॉकिंग प्रदर्शन के साथ वर्ष 2024 की शानदार विदाई करने के लिए उत्सुक है, क्योंकि यह अग्रणी मिशन भारत को चौथा देश बनने के लिए प्रेरित करेगा। इससे दुनिया को पता चलेगा कि देश जटिल अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक में महारत हासिल कर रहा है। इसरो के लिए यह एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व मिशन होगा जिसके तहत अंतरिक्ष डॉकिंग प्रदर्शन के लिए दो उपग्रह चेज़र और टारगेट वाले स्पैडेक्स लॉन्च के अलावा, स्पैडेक्स मिशन के साथ पीएसलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंट मॉड्यूल-4 (पीओईएम-4) पर अंतरिक्ष में रिकॉर्ड 24 वैज्ञानिक प्रयोग किये जायेंगे।

### पटेल ने की 'राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर' की समीक्षा


गांधीनगर। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शनिवार को केन्द्रीय जहाजरानी एवं बंदरगाह मंत्री सर्वानंद सोनोवाल तथा केन्द्रीय श्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ राज्य की प्राचीन विरासत के महत्वपूर्ण स्थल लोथल में निर्माणाधीन महत्वाकांक्षी परियोजना 'राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर' का दौरा कर वहाँ किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। सरकारी सूत्रोंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से इस विशाल नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज म्यूजियम (एनएमएचएसी) का निर्माण हो रहा है। गुजरात की समृद्ध प्राचीन सामुद्रिक विरासत को आधुनिक युग के आयामों के साथ जोड़ कर हो रहा यह निर्माण उनके 'विकास भी, विरासत भी' के ध्येय को साकार करेगा। एनएमएचसी का चरण आईए हाल में निर्माणाधीन है। इस चरण के अंतर्गत संग्रहालय का निर्माण किया जाएगा, जिसमें छह दीर्घाओं (गैलरीज) का समावेश किया जाएगा। इन दीर्घाओं में नौसेना के आईएनएस निशांक, सी हेरियर एयरक्राफ्ट तथा यूएच3 हेलीकॉप्टर जैसे युद्धपोतों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## दिल्ली सरकार की महिला सम्मान, संजीवनी योजनाओं से डरी भाजपा : केजरीवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आप सरकार की महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना से बौखला गयी है और वह चुनाव हार रही है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री श्री केजरीवाल ने यहां विशेष रूप से बुलाये गये एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा महिलाओं का सम्मान नहीं करती है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली सरकार की महिला सम्मान योजना को महिलायें पूरा समर्थन मिला है और अब तक 22 लाख महिलाओं ने इस योजना के लिए अपने नाम दर्ज कराये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं को दिल्ली में फिर हार दिख रही है और वे घबराये हुये हैं। गौरतलब है कि कि दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के आसन्न चुनावों से पहले भाजपा और कांग्रेस आप सरकार पर जनता के साथ झूठे वायदे करने और योजनाओं पर अमल न करने के आरोप लगा कर आक्रमण कर रहे हैं। इन पार्टियों का कहना है कि



दिल्ली की आप सरकार की महिला सम्मान नाम की कोई योजना है ही नहीं और इस योजना का लाभ देने की बात आप का एक और छलावा है। श्री केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा, भाजपा और कांग्रेस मिलकर आप को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। आप प्रमुख ने कहा कि कुछ दिन पहले उनकी पार्टी ने ऐलान किया था कि दिल्ली में हमारी सरकार बनेगी तो महिला सम्मान योजना और बुजुर्गों के लिए सरकारी खर्च से इलाज -ये दो योजनायें लागू करेगी। उन्होंने दावा किया, ल्ल इन योजनाओं में रजिस्ट्रेशन के लिये लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। लाखों लोग इसमें रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं। इसे देखकर बीजेपी की नींद उड़ गयी। बीजेपी बौखला गयी है। श्री केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा इन योजनाओं को विफल कराना चाहती है। उन्होंने कहा, ल्ल आज इन्होंने फर्जी जांच के आदेश दिये हैं। हम बार-बार उनसे से पूछ रहे थे कि आप दिल्ली में क्या करोगे। भाजपा दिल्ली में सबकुछ बंद करने के लिये यह चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा, भाजपा ने एक तरह से अपना मेनिफ़ेस्टो जारी कर दिया है कि आप हमें वोट दो हम आपकी बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा सब बंद कर देंगे। आज इन लोगों ने महिला सम्मान योजना पर जांच शुरू की है। इनके नेता दिल्ली में खुलकर पैसे बांट रहे हैं, जिसकी जांच नहीं होगी।

## संयुक्त अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए सेना की टुकड़ी नेपाल रवाना

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय सेना की 334 कर्मियों की टुकड़ी बटालियन स्तरीय संयुक्त सैन्य अभ्यास सूर्य किरण के 18 वें संस्करण में भाग लेने के लिए शनिवार को नेपाल के लिए रवाना हो गई।

यह अभ्यास 31 दिसंबर से 13 जनवरी तक नेपाल के सलझंडी में आयोजित किया जाएगा। यह वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो दोनों देशों में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व 11 वीं गोरखा राइफल्स की एक बटालियन द्वारा किया जाएगा। नेपाली सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व श्रीजंग बटालियन द्वारा किया जाएगा। सूर्य किरण अभ्यास का उद्देश्य जंगल में युद्ध, पहाड़ों में आतंकवाद विरोधी अभियानों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अंतर्गत मानवीय सहायता और आपदा राहत में अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना है। अभ्यास में परिचालन तैयारियों, विमानन पहलुओं, चिकित्सा प्रशिक्षण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इन गतिविधियों के माध्यम से, सैनिक अपनी परिचालन क्षमताओं को बढ़ाएंगे, अपने युद्ध कौशल को निखारेंगे और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में एक साथ काम करने के लिए अपने समन्वय को मजबूत करेंगे। अभ्यास सूर्य किरण का यह संस्करण सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की नेपाल और नेपाली सेना के सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिगडेल की भारत यात्रा के बाद आयोजित किया जा रहा है । यह अभ्यास भारत और नेपाल के सैनिकों को विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान करने, सर्वोत्तम व्यवस्थाओं को साझा करने और एक-दूसरे की परिचालन प्रक्रियाओं की गहरी समझ को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। अभ्यास सूर्य किरण भारत और नेपाल के बीच मौजूद मित्रता, विश्वास और साझा सांस्कृतिक संबंधों के मजबूत बंधन को दर्शाता है।

### सेना ने गुलमर्ग में हिमपात में फंसे पर्यटकों को बचाया

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार दोपहर से शुरू हुई भारी हिमपात के कारण बारामूला जिले के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में फंसे पर्यटकों को सेना के चिनार कोर के जवानों ने सुरक्षित निकला लिया।

सेना ने नागरिक प्रशासन से प्राप्त संकट कॉल पर तुरंत कार्रवाई करते हुए भारी हिमपात में फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित वहां से निकालने का काम शुरू किया। सेना ने एक त्वरित और समन्वित प्रयास में 30 महिलाओं, 30 पुरुषों और आठ बच्चों सहित 68 नागरिकों को निकाला। इसके अतिरिक्त, सेना ने 137 पर्यटकों को गर्म भोजन, आश्रय और चिकित्सा सहायता प्रदान करके महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ल्लगुलमर्ग के पर्यटन स्थल में अभूतपूर्व भारी हिमपात और उसके बाद तंगमर्ग के लिए सड़क बंद होने के कारण फंसे पर्यटकों को निकालने के लिए नागरिक प्रशासन की ओर से की गई संकटपूर्ण कॉल पर चिनार वारियर्स ने त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि कि हिमपात में फंसे 30 महिलाओं, 30 पुरुषों और आठ बच्चों सहित 68 नागरिकों को निकालने में सहायता प्रदान की, साथ ही कुल 137 पर्यटकों के लिए गर्म भोजन, आश्रय और दवा उपलब्ध कराई। गौरतलब है कि घाटी में लंबे समय से हिमपात का इंतजार शुक्रवार दोपहर का खत्म हुआ और रात भर कई इलाकों में भारी हिमपात जारी रहा। दक्षिणी कश्मीर में सबसे ज़्यादा हिमपात हुआ, कई कई स्थानों पर दो फुट तक हिमपात हुआ, जिससे चारों ओर बर्फ की सफ़ेद चादर दिखाई दे रही है।

## पेज एक का शेष

### पंचतत्व में विलीन हुए...

समिति ने कहा था कि भारत ने एक ऐसा सच्चा राजनेता खोया है जिनके जीवन तथा कार्यों ने देश के भविष्य को दिशा दिखाई। कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे सिंह वर्ष 2004 से 2014 तक 10 वर्ष देश के प्रधानमंत्री रहे और उससे पहले उन्होंने वित्त मंत्री के रूप में देश के आर्थिक ढांचे को मजबूत करने में मदद की। वह वित्तीय और आर्थिक क्षेत्रों में वैश्विक स्तर की एक प्रसिद्ध हस्ती थे। उनके नेतृत्व वाली सरकार ने सूचना का अधिकार (आरटीआई), शिक्षा का अधिकार (आरटीई) और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) जैसी युग परिवर्तनकारी योजनाओं की शुरुआत की। हमेशा नीली पगड़ी पहनने वाले सिंह को 1991 में नरसिंह राव सरकार में भारत का वित्त मंत्री नियुक्त किया गया था। आर्थिक सुधारों की एक व्यापक नीति शुरू करने में उनकी भूमिका को दुनिया भर में मान्यता प्राप्त है।

### दल्लेवाल मामले में...

पालन करने के लिए और समय देने के पक्ष में हैं। हम केंद्र सरकार को आदेशों के अनुपालन के लिए (चिकित्सा सहायता) अपेक्षित जरूरी सहायता प्रदान करने का निर्देश देते हैं। विशेष सुनवाई के दौरान श्री सिंह ने कहा कि श्री दल्लेवाल ने चिकित्सा हस्तक्षेप (धरना स्थल से अस्पताल ले जाने के लिए) से इनकार कर दिया है और कहा कि ऐसा कोई भी कदम आंदोलन के उद्देश्य को कमजोर करेगा। महाधिवक्ता ने कहा कि एक दिन पहले राज्य के विधायकों और मंत्रियों के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने किसान नेता श्री दल्लेवाल को चिकित्सा सहायता लेने के लिए मनाने की कोशिश की थी, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। उन्हें मनाने के सभी प्रयास असफल रहे। इस पर पीठ ने कहा, यह सब दर्शाता है कि आप उनके वहीं रहने के कारण का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर आश्वासन देने के लिए किसान नेता द्वारा प्रधानमंत्री को लिखे गए पत्र का हवाला दिया। श्री सिंह ने कहा, हम जमीनी हालात से अनजान नहीं रह सकते...हमें टकराव से पहले समझौता करना होगा।ङ्क उन्होंने संकेत दिया कि किसी भी तरह की जबरदस्ती हस्तक्षेप जमीनी स्थिति को और खराब कर सकती है। उन्होंने कहा कि किसान नेताओं ने युवाओं से श्री दल्लेवाल को खाली करने से रोकने के लिए मौके पर इकट्ठा होने का आह्वान किया है, क्योंकि घटनास्थल पर घेराबंदी की गई है। इस पर पीठ ने कहा, किसने इस स्थिति को होने दिया...जब तक यह भीड़ किसान आंदोलन का हिस्सा है, यह समझ में आता है। लेकिन किसी व्यक्ति को अस्पताल ले जाने से रोकना पूरी तरह से उसके आदेश को अनसुना करने जैसा है। पीठ ने महाधिवक्ता से कहा, यह सब एक आपराधिक मामला है। यह आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला है। आप पहले समस्या पैदा करते हैं और फिर दलील देते हैं कि अब समस्या है, कुछ नहीं कर सकते। महाधिवक्ता ने जवाब दिया, हम असहाय हैं। हम इस समस्या से जूझ रहे हैं। इस पर पीठ ने उनसे पूछा, क्या हमें यह दर्ज करना चाहिए कि राज्य असहाय है? इस पर राज्य के विधि अधिकारी ने कहा कि (अनशन पर बैठे) नेता के स्वास्थ्य पैरामीटर स्थिर पाए गए हैं। इसके बाद पीठ ने कड़े शब्दों में कहा, कोई पूर्व शर्त स्वीकार नहीं की जाती है। इस तरह का रवैया हमें स्वीकार्य नहीं है। पीठ ने कहा, ल्लहम आश्वासन दे रहे हैं कि हमने पहले ही एक समिति गठित कर दी है, जिसमें ज्यादातर किसान प्रतिनिधि शामिल हैं। हरियाणा सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि पंजाब पुलिस यह नहीं कह सकती कि वह स्थिति में हस्तक्षेप नहीं कर पाएगी, क्योंकि देश की सर्वोच्च अदालत पहले ही किसानों को आश्वासन दे चुकी है। पीठ ने कहा कि हम केंद्र को निर्देश दे रहे हैं कि यदि पंजाब सरकार को इसकी (मदद की) आवश्यकता हो तो वह (केंद्र) सहायता प्रदान करे। श्री मेहता ने हालांकि कहा कि केंद्र के हस्तक्षेप से स्थिति और खराब हो सकती है। सुनवाई के दौरान एक वकील ने कहा कि श्री दल्लेवाल कैंसर के मरीज भी हैं। पीठ ने कहा, क्योंकि पंजाब के अटॉर्नी जनरल ने कहा कि नेता की नियमित रूप से निगरानी की जा रही थी और वह केवल सादा पानी पी रहे थे। पीठ ने मौखिक रूप से कहा, ल्लऐसी स्थिति हो सकती है जहां चिकित्सा सहायता बहुत कम और बहुत देर से मिल सकती है। क्या किसान नेताओं को उनके जीवन में दिलचस्पी है या कुछ और। अदालत ने अंत में राज्य के अधिकारियों को कुछ और समय देने को प्राथमिकता दी और पंजाब के डीजीपी और मुख्य सचिव से कहा, हम स्थिति को शांत करने के लिए इसे आपकी विशेषज्ञता, अनुभव और रणनीतियों पर छोड़ते हैं। गौरतलब है कि श्री दल्लेवाल 26 नवंबर से खनौरी सीमा पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हैं। वह केंद्र सरकार से आंदोलनकारी किसानों की मांगों को स्वीकार करने की मांग कर रहे हैं।

### महाकुम्भ के मेले में सेवा ही...

इसके अलावा मुख्य पर्व के तीन दिन पूर्व से ही सभी मुख्य मार्ग पर स्वच्छता अभियान चलाएगी और स्वच्छता का संदेश देने वाली इको फ्रेंडली बैग का वितरण करेगी। ठंड को देखते हुए जगह-जगह अलाव की व्यवस्था करेगी। राजेश केसरवानी ने आगे बताया कि भाजपा प्रयागराज की महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए पत्रक छपवाएगी और आने वाले श्रद्धालुओं को वितरित करेगी। जिससे कि उन्हें यहां के सभी प्रमुख मंदिरों और घाटों की जानकारी मिलेगी और अपने मेले कैम्प में प्रतिदिन भोजनालय और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करेगी। भाजपा के सभी कार्यक्रम मेले कैम्प में ही आयोजित किए जाएगें और मेला समापन के पूर्व स्वच्छता कर्मियों का सम्मान और स्वयंसेवी संस्थाओं का सम्मान और भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इन सभी सेवा कार्य से जुड़ने वाले कार्यकर्ताओं की सूची मेला कार्यालय कैम्प से बनाए जाएंगे और कार्यकर्ताओं को बैज वितरित किए जाएंगे।

### तालिबान आर्मी ने...

पक्तिका प्रांत से लगे पाकिस्तानी क्षेत्र में किया गया। इससे पहले पाकिस्तान की वायुसेना ने पक्तिका प्रांत के बरमल जिले में हवाई हमला किया था, जिसमें 50 से ज्यादा लोग मारे गए थे। इनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे। तालिबान ने इसे कायराना हरकत बताते हुए पाकिस्तान से बदला लेने की कसम खाई थी।

# मुख्यमंत्री धामी से फ्रेंकफर्ट सांसद की भेंट कौशल विकास और रोजगार पर चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास पर फ्रेंकफर्ट (जर्मनी) के सांसद राहुल कुमार कंबोज ने मुलाकात की। इस दौरान हरिद्वार सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत भी मौजूद रहे। इस मौके पर प्रदेश के युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने के विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार कौशल विकास पर विशेष जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के अंतर्गत प्रदेश के युवा जापान में रोजगार के अवसर प्राप्त कर रहे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्मनी में कुशल श्रमिकों की बढ़ती मांग को देखते हुए प्रदेश सरकार युवाओं को आधुनिक और वैश्विक मानकों के अनुरूप कौशल प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार की ओर से प्रदेश के युवाओं को विदेश में रोजगार से जोड़ने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर फ्रेंकफर्ट सांसद सलाहकार सौरभ भगत, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, सचिव विनय शंकर पांडेय, अपर सचिव सी रविशंकर, हेल्थकेयर के डायरेक्टर कपिल कुमार उपस्थित थे।

# अमृतसर में थाने पर ग्रेनेड हमला करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

■ पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से हेरोइन, पिस्तौल व हैंड ग्रेनेड किए बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने अमृतसर जिले में थाने पर ग्रेनेड हमला करने वाले दो आरोपितों को हथियार व ग्रेनेड समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि पुलिस स्टेशन इस्लामाबाद पर हैंड ग्रेनेड फेंकने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार गया किया है। इस नार्को-टेरर मॉड्यूल को विदेश में बैठे ऑपरेटर चला रहे थे। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपितों ने 17 दिसंबर को इस्लामाबाद थाने पर ग्रेनेड हमला किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में दो आरोपित गुरजीत सिंह (निवासी डांडे, अमृतसर ग्रामीण) और बलजीत सिंह (निवासी छप्पा, तरनतारन) को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी न केवल इस हमले में शामिल थे बल्कि ड्रग्स और हथियारों की तस्करी के जरिए देश में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे थे। जांच में पुलिस ने इन आरोपितों के पास से 1.4 किलो हेरोइन, एक हैंड ग्रेनेड और दो पिस्तौल बरामद की हैं। इस बरामदगी से साफ होता है कि संगठित तरीके से भारत में नशा और हिंसा फैलाने की कोशिश की जा रही है। जांच में यह भी पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी विदेश में बैठे संचालकों के निर्देश पर काम कर रहे थे। बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी हैप्पी पासियां, साथी जीवन फौजी और गोपी नवांशहरिया पहले ही इस हमले की जिम्मेदारी ले चुके हैं। पुलिस के अनुसार इस मॉड्यूल से जुड़े अन्य लोगों को पकड़ने के लिए जांच तेज कर दी गई है। अभी तक इन दो आरोपितों को मिला कर पुलिस हैप्पी पासियां के 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि तीन आरोपित यूपी में बीते दिनों एनकाउंटर में मारे जा चुके हैं। मारे गए आरोपित गुरदासपुर में ब्लास्ट कर भागे थे।

# संक्षिप्त समाचार

## नशे में पुलिस को दी झूठी सूचना, तीन महिलाओं समेत 10 गिरफ्तार

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित शिवालिक नगर में ह्यूमन ट्रैफिकिंग की मिली सूचना झूठी निकली। जबकि पुलिस ने शराब पीते 10 आरोपितों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया। दरअसल, रानीपुर कोतवाली पुलिस ने शिवालिक नगर में ह्यूमन ट्रैफिकिंग की कंट्रोल रूम से सूचना मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने होटल में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान होटल के एक हॉल में दिल्ली और हरियाणा के 10 युवक-युवतियां शराब पीते पाए गए। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे सभी आपस में दोस्त हैं और हरिद्वार घूमने आए थे। होटल में मौज-मस्ती के दौरान नशे की अधिकता से हुए विवाद के कारण उनमें से एक व्यक्ति ने ह्यूमन ट्रैफिकिंग की झूठी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी थी। पुलिस ने युवक-युवतियों का मेडिकल करवा कर पुलिस अधिनियम के अंतर्गत सभी का चालान कर दिया। इसी के साथ पुलिस ने दो वाहनों को सीज किया। पुलिस ने होटल स्वामी को भी भविष्य में इस प्रकार के कृत्य की पुनरावृत्ति करने की हिदायत दी। पकड़े गए आरोपितों में महिला पुत्री रामचरण, निवासी नंद नगरी, मीतनगर, दिल्ली, महिला पुत्री अशोक, निवासी पल्लव नगर, थाना खेड़ी पुल, फरीदाबाद, महिला पुत्री करन सिंह, निवासी विजय नगर, गाजियाबाद, अजय कुमार पुत्र ओमप्रकाश, विक्रम, उमेश, देवा डागर, अनिल, सूरज, निवासीगण पलवल, हरियाणा, नाजिम निवासी रोहणी, दिल्ली हैं।

## कृष्णा डायग्नोस्टिक लैब की 5वीं वर्षगांठ पर नि:शुल्क रक्त जांच शिविर

**ऋषिकेश।** कृष्णा डायग्नोस्टिक लैब ऋषिकेश की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को नि:शुल्क रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नीरजा गोयल, नुपुर गोयल, डॉ. काशमी शर्मा एमडी पैथोलॉजी, जगदम्बा प्रसाद रायल फाउंडर कृष्णा डायग्नोसिस लैब, डॉ. देव आहूजा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जगदम्बा प्रसाद रयाल ने बताया कि इस निशुल्क रक्त जांच शिविर में लगभग 200 से अधिक लोगों ने प्राप्त किया। कैंप में रोहित सेमवाल, सागर बलूनी, शीतल, ऋतु, सोनी कपूर, राज किरन, विक्की जुनेजा, रोहित खेड़ा, लक्की एवं कुन्दन आदि में रक्त जांच शिविर में सहयोग प्रदान दिया।जगदम्बा प्रसाद रयाल ने बताया कि आगे भी भविष्य में इस प्रकार के नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया जायेगा। कृष्णा डायग्नोस्टिक लैब ऋषिकेश की एकमात्र ऐसी लैब है जिसके 80 प्रतिशत टेस्ट यहीं होते हैं। एम्स के मरीजों और सरकारी अस्पताल के मरीजों को 50 प्रतिशत तक छूट प्रदान की जाती है। जगदम्बा प्रसाद स्याल ने बताया कि गरीब मरीजों, कैंसर के मरीजों या अनाथ बच्चों या बुजुर्ग लोगों की रक्त जांच के लिए बहुत कम शुल्क लिया जाता है तथा असहाय एवं निर्धन परिवार के मरीजों से शुल्क नहीं लिया जाता है जिनके लिए नि:शुल्क जांच की सुविधा दी जाती है।

## प्राध्यापिका निष्ठा चौधरी का राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला में हुआ चयन

**हरिद्वार।** एसएमजेएन पीजी कॉलेज हरिद्वार में प्राचार्य तथा वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा कॉलेज की प्राध्यापिका निष्ठा चौधरी को राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला के प्रोजेक्ट एसोसिएट के पद पर चयन होने पर सम्मानित किया गया। निष्ठा चौधरी का चयन वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद तथा राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला द्वारा चल रही केन्द्रीय शोध परियोजना के लिए हुआ है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो सुनील बत्रा ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए बताया कि एसएमजेएन (पी.जी.) कॉलेज निरंतर उच्च गुणवत्ता की शिक्षा देने के साथ-साथ शोध के क्षेत्र में भी नये आयामों को स्थापित कर रहा है। कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डा संजय कुमार माहेश्वरी ने कालेज की इस उपलब्धि पर कहा कि यह पल कॉलेज परिवार के लिए गौरव की अनुभूति देने वाला है। इस अवसर पर प्रो. विनय थपलियाल, डा. शिवकुमार चौहान, मनोज सोही, पूर्णिमा सुन्दरियाल, वैभव बत्रा, पद्मावती तनेजा, विनित सक्सेना आदि ने भी निष्ठा चौधरी को इस उपलब्धि के लिए अपनी बधाई दी।

## डॉ. चौहान एडविन ग्रुप ऑफ जर्नल के एडिटोरियल बोर्ड के सदस्य बने

**हरिद्वार।** गुरुकुल कांगडी सम विश्वविद्यालय, हरिद्वार के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग में एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. शिवकुमार चौहान को एडविन ग्रुप ऑफ जर्नल के एडिटोरियल बोर्ड का सदस्य एवं रिव्यूवर मनोनीत किया गया है। शिक्षा तथा शोध के क्षेत्र में लम्बे अनुभव एवं विशिष्ट शैक्षिक उपलब्धियों के आधार पर डॉ. शिवकुमार चौहान को सम्पादक मंडल में सम्मिलित किया गया है। गुणवत्ता, एक्यूरेसी, सुझाव तथा अनुसंधान से जुडी बारिकियों के सम्बंध में एडविन ग्रुप ऑफ जर्नल का शिक्षा एवं विज्ञान के क्षेत्र में एक विशेष स्थान है। डॉ. शिवकुमार चौहान के प्रोफाईल में 25 वर्षो से शिक्षा, अनुसंधान के साथ अनेक विश्वविद्यालयों की शिक्षा समिति, विषय-विशेषज्ञ, विषय-प्रवर्तक सरीखे दायित्वों का समावेश है। पुस्तक लेखन में उनकी 15 पुस्तकें, 50 से अधिक शोध-पत्र, लघु शोध प्रबंध एवं पीएचडी मूल्यांकन के साथ आकाशवाणी केन्द्र से कई वार्ताएं प्रसारित हो चुकी हैं। विशिष्ट उपलब्धियों के आधार पर उन्हे भारत शिक्षा रत्न अवार्ड, ब्रांड अम्बेसडर (नई शिक्षा नीति), स्मार्ट टीचर अवार्ड, उत्कृष्ट उपलब्धि सम्मान, क्षत्रिय गौरव सम्मान, महाराणा प्रताप शिक्षा गौरव सम्मान के साथ शिक्षा एवं सामाजिक संस्थाओं के अग्रणी पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। एडिटोरियल बोर्ड में डॉ. चौहान को रिव्यूवर नामित होने पर शिक्षा एवं सामाजिक जगत से जुडी हस्तियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## खराब मौसम के बीच चमोली में महसूस हुए भूकंप के झटके, दहशत में घरों से बाहर निकले लोग

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड की धरती एक बार फिर कांप उठी। शनिवार सुबह 9:36 बजे चमोली कस्बे के निकट भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए, जिससे लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, राहत की बात यह है कि इस भूकंप से किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र पृथ्वी मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली की रिपोर्ट के अनुसार रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 2.4 मापी गई और इसका केंद्र जमीन से 5 किमी की गहराई पर था। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने बताया कि भूकंप से किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। खराब मौसम के बीच भूकंप का डरउत्तराखंड में पिछले 24 घंटे से मौसम खराब है। राज्य के कई हिस्सों में बारिश और बर्फबारी हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने शनिवार के लिए राज्य में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। खराब मौसम के बीच आए इस भूकंप ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है।

# जीवन जीने की राह सिखाती है गीता: विश्वेश्वरानंद गिरि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। श्रीसूरत गिरि बंगला गिरिशानंद आश्रम में आश्रम के परमाध्यक्ष महामण्डलेश्वर आचार्य स्वामी विश्वेश्वरानदं गिरि महाराज के सानिध्य में गीता ज्ञान प्रतियोगिता व बालीवॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 27 व 28 दिसम्बर को आयोजित हुई प्रतियोगिताओं के आज पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रतिभागिओं को अपना आशीर्वचन देते हुए महामण्डलेश्वर आचार्य स्वामी विश्वेश्वरानदं गिरि महाराज ने कहाकि गीता भगवान श्रीकृष्ण के मुख से निकला हुआ अनुपम ग्रंथ है। गीता साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का ही रूप है। गीता में सभी ग्रंथों का सार होने के साथ जीवन जीने की कला सिखाती है और मोक्ष के मार्ग को प्रशस्त करती है। उन्होंने कहाकि सनातन संस्कृति में वसुधैव कुटम्बकम की भावना निहीत है। अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने और श्रेष्ठ जीवन जीने की कला सिखने के लिए गीता का स्वाध्याय करना अति आवश्यक है। उन्होंने गीता ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों के जीवन की मंगल कामनाएं करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 5100, 3100 व 2100 रुपये की नगद राशि के साथ प्रशस्ति पत्र व अन्य सामग्री भेंट की गई। गीता ज्ञान प्रतियोगिता में श्री महेश्वरानंद सांग्वेद विद्यालय की ए व बी टीम ने क्रमशः 695 व 531 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गीता कुटीर विद्यालय के छात्रों ने 503 अंक प्राप्त कर द्वितीय व श्री चेतन ज्योति आश्रम के विद्यार्थी 499 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। जबकि सम्पूर्ण गीता पाठ प्रतियोगिता में श्री महेश्वरानंद सांग्वेद विद्यालय के आनन्द शुक्ला प्रथम, ऋषि संस्कृत विद्यालय के लकी मिश्रा द्वितीय व गीता कुटीर के मयंक जोशी तीसरे स्थान पर रहे। बालीवॉल प्रतियागिता में भगवत धाम की टीम विजेजा व श्री महेश्वरानंद सांग्वेद विद्यालय की टीम उप विजेता रही। एकादश श्लोक प्रतियोगिता में प्रथम सभ्यता, द्वितीय अलंकृता व तृतीय प्रिया चोपड़ा रही। जबकि श्रीमहेश्वरानंद सांग्वेद विद्यालय के शिवम पाठक व शिवराज भट्ट ने विशिष्ट स्थान पाया। समूहात्मक प्रतियोगिता में श्री महेश्वरानंद सांग्वेद विद्यालय के आदर्श पाराशर, अनुभव मिश्रा, कृपाशंकर, पार्थ भारद्वाज, आनन्द शुक्ला, हर्ष मिश्रा, अभय दीक्षित, ओमप्रकाश तिवारी व श्री गीता संस्कृत विद्यालय के रोहित सेमवाल, खिमेन्द्र दुर्गापाल, वंश शर्मा, अमित कण्डवाल, लवलेश मिश्रा, मयंक जोशी, शैलेश उनियाल व धुरव शर्मा ने द्वितीय स्थान पाया। जबकि श्री चेतन ज्योति विद्यालय के सतीश कण्डवाल, आनन्द तिवारी, प्रियांशु पाण्डेय, प्रेम शर्मा, रोशन शर्मा, ऋषि रंजन, कमल चन्द्र पनेरू व दिशांत शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महामण्डलेश्वर आचार्य स्वामी विश्वेश्वरानदं गिरि महाराज व कमलापुरी महाराज ने सभी को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर कोठारी उमानंद गिरि, आचार्य शिवपूजन, स्वामी कमलानंद आदि अनेक संत, महात्मा, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बिगड़ा: बारिश, बर्फबारी और ओलावृष्टि की चेतावनी

देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड में मौसम ने करवट ले ली है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है, वहीं ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी की संभावना ने सर्दी का असर और बढ़ा दिया है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून ने बारिश, आकाशीय बिजली और बर्फबारी को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड के चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और नैनीताल जिलों में 2500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी हो सकती है। इस बर्फबारी से पर्यटकों को जहां रोमांच का मौका मिलेगा, वहीं स्थानीय प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। देवभूमि में प्रकृति के इस बदले मिजाज के बीच सतर्कता ही आपकी सुरक्षा है। सर्दी और रोमांच का आनंद उठाएं, लेकिन सावधानी बरतना न भूलें। राज्य के देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, नैनीताल और उधमसिंह नगर जिलों में गर्जन और आकाशीय बिजली के साथ ओले गिरने की संभावना जताई गई है।

# पहाड़ों की रानी मसूरी बन रहा नए साल का ग्लोबल डेस्टिनेशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। नए साल के स्वागत के लिए पहाड़ों की रानी मसूरी पूरी तरह से तैयार है। सर्दियों की सर्द हवाओं और खूबसूरत नजारों के बीच यहां सैलानियों का हुजूम उमड़ने को बेताब है। मसूरी के होटल मालिकों के चेहरे पर मुस्कान और पर्यटकों की चहल-पहल से शहर के बाजार गुलजार हो गए हैं।उत्तराखंड होटल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप साहनी ने बताया कि प्रदेश भर के बड़े होटलों में 70 प्रतिशत और छोटे होटलों में 50 प्रतिशत से ज्यादा बुकिंग हो चुकी है। मसूरी होटल एसोसिएशन महासचिव अजय भार्गव का कहना है कि बड़े होटलों में एडवांस बुकिंग लगभग पूरी हो चुकी है। हालांकि छोटे और मझोले होटलों में भी अब तेजी से बुकिंग हो रही है। मसूरी में पर्यटकों की भीड़, होटलों में 'नो रूम' का बोर्डक्रिसमस के बाद से ही मसूरी में पर्यटकों की भीड़ बढ़नी शुरू हो गई थी। अब नए साल के मौके पर यहां 'नो रूम' का बोर्ड लगने वाला है। हर उम्र के सैलानी नए साल का जश्न मनाने के लिए पहाड़ों की ठंडक और रोमांच का आनंद लेने पहुंचे हैं। बर्फबारी का इंतजार बढ़ा रहा रोमांचमौसम विभाग ने मसूरी में हल्की बर्फबारी की संभावना जताई है, जिससे सैलानियों में उत्साह दोगुना हो गया है। बर्फ की सफ़ेद चादर और नए साल की जगमग रोशनी के बीच, मसूरी का आकर्षण पर्यटकों को खूब लुभा रहा है। शहर में सुरक्षा और व्यवस्था चाक-चौबंदसैलानियों की भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

# दो दिन की बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त ठंड का प्रकोप बढ़ा, गेहूं की बुआई पिछड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। दो दिन से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के साथ चल रही तेज हवाओं से तापमान में भारी गिरावट देखने को मिली है, जिसके कारण क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। बारिश से किसानों के चेहरों पर रौनक तो दिखाई दी है, लेकिन गन्ने की फसल को जमींदोज कर दिया है और गेहूं की बुआई पिछड़ गई है। साथ ही आमजन की मुश्किलें भी बढ़ा दी है। ठंड के कारण बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं में ठंड लगने के मामलों में इजाफा हो सकता है। जिले में शुक्रवार आधी रात से शुरु हुई हल्की बूंदा बांदी से तेज हवाओं व भारी बारिश से तापमान में 7 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। मौसम विशेषज्ञों ने अगले 24 घंटे हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया था जो सत्य हुआ है। वहीं रुक-रुक कर हो रही तेज बारिश ने और तेज हवा के कारण लोग को अपने घरों में रहने को मजबूर कर दिया है। स्कूल-कॉलेजों में बच्चों की उपस्थिति काफी कम दर्ज की गई। वहीं रोजमर्रा के कामों के लिए भी लोग घरों से कम ही निकले हैं। मौसम विभाग के अनुसार हल्की बारिश के बाद क्षेत्र में जबरदस्त कोहरा छाने के आसार हैं। वहीं किसान संजय घीमान, रामपाल, रोहतास, प्रवीण, गुरजंट, ताहीर हसन, साजिद, अथर, जावेद, विरेंद्र, अय्यूब, शादाब आदि किसानों का कहना है कि इस बारिश ने गेहूं की फसल के लिए खाद व पानी का काम किया है, लेकिन तेज हवाओं के कारण करने की फसल जमींदोज हो गई है। वहीं कुछ किसानों की जल भराव के कारण गेहूं की बुवाई और पछेती हो गई है। पूरी रात बिजली कड़कने के साथ तेज बारिश होती रही है लोग सुबह से ही आग जलाकर अपने आप को ठंड से बचाव कर रहे हैं।

# हिंदू संगठन के नेताओं और जौरासी के ग्रामीणों ने कोतवाली का घेराव कर किया हनुमान चालीसा का पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। रूड़की क्षेत्र के जौरासी में गौकशी के आरोपियों को पकड़ने की मांग को लेकर हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस कोतवाली का घेराव किया। उन्होंने वहां हनुमान चालीसा का पाठ किया और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देते हुए ग्रामीणों और संगठन कार्यकर्ताओं को वापस भेज दिया। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के जौरासी जबरदस्तपुर में मंदिर के बराबर वाले घर में गौकशी का मामला सामने आया था। वहीं मामले को लेकर ग्रामीणों और हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं ने विरोध किया और मौके पर हंगामा करने के बाद ज्वाइंट मस्जिट्रेट कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा था। धरनारत लोगों की मांग की थी कि आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए। इसके साथ ही उक्त मकान को भी अवैध बताया था, जिसमें गौकशी हो रही थी। उक्त मकान को धराशाई करने की मांग भी बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने दिया। वहीं ज्वाइंट मस्जिट्रेट आशीष कुमार मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को मामले में कारवाई का आश्वासन दिया था। आज हिन्दू संगठन नेता शिव प्रसाद त्यागी के नेतृत्व में ग्रामीण और कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे। उन्होंने कोतवाली का घेराव करते हुए परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। वहीं त्यागी ने कहा कि उन्हें 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था, लेकिन दो दिन बीतने के बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी होने के साथ ही उक्त मकान को धराशाई किया जाए। वहीं मौके पर पहुंचे सीओ रुड़की नरेंद्र पंत ने आश्वासन दिया कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी है, जल्द ही मामले में कारवाई नजर आएगी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063